वर्ष-07 - अंक 287
पृष्ट-12 मूल्य : 03 रुपया

लखनऊ
शुक्रवार,24 जुलाई 2026

RNI.No. UPHIN/2019/79073

केंद्रीय सुचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार CBC (DAVP) द्वारा जारी दर पर विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिंदी दैनिक अख़बार

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

swatantraprabhat.com

epaper.swatantraprabhat.com

जो लिखेगा, वही टिकेगा



लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून गाज़ियाबाद , दिल्ली ,पंजाब , हरियाणा ,चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

महिलाओं को विकास प्रक्रिया का नेतृत्वकर्ता बना ...................... 3
गाज़ियाबाद की नीतू कुंडू को मिली आत्मनिर्भरता .......................... 4
राहुल गांधी समेत कांग्रेस नेताओं की गिरफ्तारी पर........................ 11

# सीजेपी का आज राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन

## पेपर लीक पर पीएम ने फास्ट ट्रैक कोर्ट का किया ऐलान, विपक्ष ने उठाई जवाबदेही की मांग

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने पुलिस कार्रवाई के विरोध में शुक्रवार को देशव्यापी शांतिपूर्ण प्रदर्शन का आह्वान किया है। पार्टी ने छात्र संगठनों से अपने-अपने जिलों में एकत्र होकर छात्रों की मांगों को पढ़ने तथा प्रशासन से आवश्यक अनुमति लेकर प्रदर्शन आयोजित करने की अपील की है। सीजेपी के प्रवक्ता आशुतोष रांका ने दावा किया कि सरकार के प्रतिनिधि जंतर-मंतर आने को तैयार नहीं हैं। उन्होंने कहा कि यदि वार्ता होगी तो वह किसी मंत्री के आवास पर नहीं, बल्कि जंतर-मंतर या किसी तटस्थ स्थान पर होनी चाहिए। साथ ही सरकार को यह स्पष्ट करना होगा कि छात्रों की मांगें कब और किस समय-सीमा में पूरी की जाएंगी। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा कि देश के युवाओं का हित सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने पेपर लीक के मामलों की त्वरित सुनवाई के लिए फास्ट ट्रैक अदालतों के गठन की घोषणा करते हुए कहा कि दोषियों को जल्द से जल्द कड़ी सजा दिलाई जाएगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। सीजेपी के प्रवक्ता सौरव दास ने प्रधानमंत्री की घोषणा पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि केवल फास्ट ट्रैक अदालतों की घोषणा पर्याप्त नहीं है। उन्होंने कहा कि पार्टी जवाबदेही तय करने की मांग कर रही है और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे से नीचे के स्तर पर किसी भी व्यक्ति से बातचीत नहीं करेगी। उधर, दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने भी प्रधानमंत्री की घोषणा पर सवाल उठाते हुए कहा कि पेपर लीक मामले में जवाबदेही तय होना आवश्यक है और केवल नई घोषणाओं से समस्या का समाधान नहीं होगा। वहीं, प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा को लेकर एसीपी विवेक भगत ने दावा किया कि ड्यूटी के दौरान पुलिसकर्मियों पर पानी की बोतलें फेंकी गईं और कुछ प्रदर्शनकारियों ने पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की। उन्होंने बताया कि भीड़ में फंसे एक घायल पुलिसकर्मी को बचाने का प्रयास किया गया, लेकिन भीड़ के हिंसक होने के कारण स्थिति काफी चुनौतीपूर्ण हो गई। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की जांच की जा रही है।



### सीजेपी प्रदर्शन में हिंसा के आरोपितों की पहचान में जुटी दिल्ली पुलिस

**नई दिल्ली।** सीजेपी के प्रदर्शन के दौरान हुई हिंसा के मामले में दिल्ली पुलिस ने सख्त रुख अपनाया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, सीसीटीवी फुटेज, वीडियो रिकॉर्डिंग और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर हिंसा में शामिल लोगों की पहचान की जा रही है। जांच में सक्रिय भूमिका पाए जाने वाले आरोपितों के खिलाफ लागू कानूनी प्रावधानों के तहत पासपोर्ट रद्द करने सहित अन्य कार्रवाई की जा सकती है। सूत्रों के मुताबिक, प्रदर्शन के दौरान हिंसा और तोड़फोड़ में शामिल लोगों की भूमिका की गहन जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पर्याप्त साक्ष्य मिलने पर संबंधित आरोपितों के विरुद्ध कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। उधर, राजधानी के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्र कनॉट प्लेस में सुरक्षा कारणों से गुरुवार को सभी दुकानें, कार्यालय और रेस्तरां शाम 6:30 बजे तक बंद रखने के निर्देश जारी किए गए। नई दिल्ली ट्रेडर्स एसोसिएशन (एनडीटीए) ने नई दिल्ली नगर परिषद (एनडीएमसी) के निर्देशों का हवाला देते हुए व्यापारियों से आदेशों का पालन करने की अपील की। प्रशासन ने कहा कि यह कदम लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए उठाया गया है।

### रक्षा के मद्देनजर कनॉट प्लेस में दुकानें और रेस्तरां बंद रखने के निर्देश

**नई दिल्ली।** राजधानी के प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्र कनॉट प्लेस में सुरक्षा कारणों से नई दिल्ली नगर परिषद (एनडीएमसी) ने गुरुवार को सभी दुकानें, कार्यालय और रेस्तरां शाम 6:30 बजे तक बंद रखने के निर्देश जारी किए। एनडीएमसी ने प्रतिष्ठान मालिकों और कब्जाधारकों से प्रशासन के आदेशों का सख्ती से पालन करने और सहयोग करने की अपील की है। एनडीएमसी के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने टेलीफोन के माध्यम से जारी निर्देशों में कहा कि कनॉट प्लेस के आसपास की संवेदनशील स्थिति को देखते हुए यह एहतियाती कदम उठाया गया है।

# गोरखपुर को 995 करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात

**गोरखपुर(एजेंसी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को गोरखपुर को 995 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं की सौगात दी। उन्होंने टीपी नगर-पैडलेगंज मार्ग पर बने जिले के पहले 2.6 किलोमीटर लंबे सिक्सलेन फ्लाईओवर सहित 813.52 करोड़ रुपये की चार परियोजनाओं का लोकार्पण और 181.77 करोड़ रुपये की 10 परियोजनाओं का शिलान्यास किया। इस दौरान आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री ने विकास कार्यों के साथ-साथ आस्था, सुरक्षा और रोजगार के मुद्दों पर समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन दलों ने सत्ता में रहते हुए आस्था पर प्रहार किया, वही आज आस्था का पाठ पढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के नेताओं के मुंह से आस्था की बातें हास्यास्पद लगती हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी ने अपने शासनकाल में श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन में बाधाएं खड़ी कीं और रामभक्तों पर गोलियां चलवाईं, जबकि कांग्रेस ने भगवान श्रीराम के अस्तित्व और मंदिर आंदोलन के विरोध में सर्वोच्च न्यायालय में अपना पक्ष रखा था। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों ने न केवल आस्था के साथ खिलवाड़ किया, बल्कि युवाओं को रोजगार से वंचित रखा, किसानों के हितों की



अनदेखी की और प्रदेश की कानून-व्यवस्था को भी कमजोर किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में दंगे आम बात थे और होली, रामनवमी, दुर्गापूजा, विजयदशमी तथा कांवड़ यात्रा जैसे धार्मिक आयोजनों के दौरान भी तनाव का माहौल बना रहता था। आज प्रदेश में कानून-व्यवस्था मजबूत हुई है और सभी पर्व शांतिपूर्वक संपन्न हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने पूर्वी उत्तर प्रदेश में इंसेफेलाइटिस की समस्या का उल्लेख करते हुए कहा कि पहले यह बीमारी हजारों बच्चों की जान लेती थी, लेकिन तत्कालीन सरकारों ने इस दिशा में गंभीर प्रयास नहीं किए। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत कर इस बीमारी पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया है। रोजगार के मुद्दे पर मुख्यमंत्री ने कहा कि समाजवादी पार्टी के शासनकाल में सरकारी नौकरियों में पारदर्शिता नहीं थी और भर्ती प्रक्रिया पर एक विशेष समूह का कब्जा रहता था। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ने पिछले नौ वर्षों में बिना किसी भेदभाव के नौ लाख युवाओं को सरकारी नौकरियां दी हैं। साथ ही निजी निवेश और औद्योगिक विकास के माध्यम से 65 लाख से अधिक युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने कहा कि 'एक जिला-एक उत्पाद' योजना के माध्यम से पारंपरिक उद्योगों को नई पहचान मिली है और करोड़ों युवाओं, कारीगरों तथा उद्यमियों को स्वरोजगार के अवसर प्राप्त हुए हैं। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि प्रदेश में निवेश का बेहतर माहौल बनने से उद्योगों का विस्तार हुआ है और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित हुए हैं। गोरखपुर के विकास का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि एक दशक पहले शहर माफिया, अपराध और इंसेफेलाइटिस जैसी समस्याओं के कारण बदनाम था। आज सुरक्षा और बेहतर आधारभूत ढांचे के कारण गोरखपुर निवेशकों की पहली पसंद बन चुका है। उन्होंने कहा कि गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) में बड़े पैमाने पर निवेश हुआ है, जिससे लगभग 50 हजार युवाओं को रोजगार मिला है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### मथुरा में हाईवे पर भीषण हादसा, एक की मौत, सात घायल

**मथुरा।** थाना हाईवे क्षेत्र के नरहौली पुल के पास गुरुवार को दिल्ली-आगरा राष्ट्रीय राजमार्ग पर चार वाहनों की भीषण भिड़ंत में एक यात्री की मौत हो गई, जबकि सात लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और कुछ समय के लिए यातायात प्रभावित रहा। पुलिस के अनुसार, एक ट्रक, मध्य प्रदेश की निजी बस, दूसरे ट्रक और एक कार की आपस में जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस में सवार करीब 40 से 45 यात्रियों में चीख-पुकार मच गई और कई लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही थाना हाईवे पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बस से निकालकर एंबुलेंस के जरिए अस्पताल पहुंचाया। हादसे में मध्य प्रदेश के खंडवा जिले के सनावल थाना क्षेत्र निवासी भास्कर राठौर की मौत हो गई। वहीं शीला, सुशील, अमर सिंह, मेछल, लक्ष्मण दास, सुंदरबाई और किशोर घायल हो गए। सभी घायलों का अस्पताल में उपचार जारी है।

### कस्टोडियल डेथ केस में एसआईटी जांच के सुप्रीम कोर्ट के आदेश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने कथित कस्टोडियल डेथ (हिरासत में मौत) के मामले में महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए जहीरुद्दीन ग्यासुद्दीन शेख की मौत के संबंध में एफआईआर दर्ज करने और विशेष जांच दल (एसआईटी) से जांच कराने का आदेश दिया है। शीर्ष अदालत ने एसआईटी को तीन महीने के भीतर अपनी अंतिम जांच रिपोर्ट गुजरात की संबंधित अदालत में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची और न्यायमूर्ति वी. मोहना की पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि हिरासत में होने वाली अप्राकृतिक मौत के मामलों में निष्पक्ष प्रारंभिक जांच आवश्यक है और यदि प्रथम दृष्टया साक्ष्य मिलते हैं तो एफआईआर दर्ज करना अनिवार्य है। सुनवाई के दौरान अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एस. वी. राजू ने अदालत से एफआईआर दर्ज करने के बजाय केवल प्रारंभिक जांच कराने का अनुरोध किया। उन्होंने बताया कि मामले में मजिस्ट्रेट जांच जारी है तथा पांच डॉक्टरों के पैनल द्वारा किए गए पोस्टमार्टम में मृतक के शरीर पर किसी बाहरी चोट के निशान नहीं पाए गए हैं। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने इस दलील को स्वीकार नहीं किया। पीठ ने कहा कि मामला हिरासत में कथित शारीरिक हमले से जुड़ा है और मृतक का बयान जांच की दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

# पेपर लीक मुद्दे के राजनीतिकरण से बढ़ा टकराव, जल्द निकले समाधान : मायावती

**लखनऊ(एजेंसी)।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा है कि पेपर लीक के मुद्दे का राजनीतिकरण होने से सड़क से लेकर संसद तक टकराव और हिंसा की स्थिति बन गई है, जो उचित नहीं है। उन्होंने सरकार और आंदोलनकारियों से बातचीत के जरिए जल्द समाधान निकालने की अपील की। गुरुवार को जारी बयान में मायावती ने कहा कि काकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) का जंतर-मंतर पर चल रहा आंदोलन नीट समेत विभिन्न परीक्षाओं में पेपर लीक और अन्य अनियमितताओं से प्रभावित छात्रों एवं उनके





परिवारों की चिंता से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि अब इस मुद्दे के राजनीतिकरण से सरकार और आंदोलनकारियों के बीच सीधा टकराव पैदा हो गया है, जिसका असर दिल्ली के साथ-साथ अन्य राज्यों के जनजीवन पर भी पड़ रहा है। बसपा प्रमुख ने कहा कि देश और जनहित से जुड़े इस गंभीर मामले के समाधान के लिए सरकार तथा न्यायपालिका जैसी संवैधानिक संस्थाओं को सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। उनका कहना था कि शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण तरीके से जितनी जल्दी समाधान निकलेगा, उतना ही बेहतर होगा। मायावती ने कहा कि अयोध्या के श्रीराम मंदिर में चढ़ावे की कथित चोरी का मामला हो या विभिन्न राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाएं, ये सभी भ्रष्टाचार के बढ़ते प्रभाव का परिणाम हैं। उन्होंने कहा कि संवैधानिक नैतिकता के अभाव में भ्रष्टाचार देश को दीमक की तरह खोखला कर रहा है।

**गुरुवार को जारी बयान में मायावती ने कहा कि काकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) का जंतर-मंतर पर चल रहा आंदोलन नीट समेत विभिन्न परीक्षाओं में पेपर लीक और अन्य अनियमितताओं से प्रभावित छात्रों एवं उनके परिवारों की चिंता से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि अब इस मुद्दे के राजनीतिकरण से सरकार और आंदोलनकारियों के बीच सीधा टकराव पैदा हो गया है, जिसका असर दिल्ली के साथ-साथ अन्य राज्यों के जनजीवन पर भी पड़ रहा है।**

## बांसवाड़ा में प्रदर्शन के दौरान बवाल, कलेक्ट्रेट में घुसने की कोशिश पर पुलिस का लाठीचार्ज

**बांसवाड़ा(एजेंसी)।** नीट पेपर लीक मामले की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर गुरुवार को कांग्रेस और भारत आदिवासी पार्टी (बीएपी) के कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। कलेक्ट्रेट परिसर में जबरन प्रवेश करने की कोशिश के दौरान पुलिस ने लाठीचार्ज कर प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर कर दिया। कांग्रेस, बीएपी और छात्र संगठनों से जुड़े कार्यकर्ता पहले कुशलबाग में एकत्र हुए, जहां से रैली निकालकर कलेक्ट्रेट पहुंचे। प्रदर्शन में कांग्रेस नेता सुभाष निनामा, अरविंद डामोर तथा बीएपी के हेमंत राणा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता शामिल रहे। कलेक्ट्रेट के मुख्य द्वार पर पुलिस ने सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए केवल पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल को ज्ञापन सौंपने की अनुमति देने की बात



कही। हालांकि, प्रदर्शनकारी सभी कार्यकर्ताओं के साथ परिसर में प्रवेश की मांग पर अड़े रहे और मुख्य द्वार पर धरने पर बैठ गए। पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच काफी देर तक बातचीत चली, लेकिन सहमति नहीं बन सकी। इसके बाद कुछ प्रदर्शनकारियों ने मुख्य द्वार का गेट धक्का देकर खोलने का प्रयास किया। स्थिति तनावपूर्ण होने पर पुलिस ने भीड़ को नियंत्रित करने के लिए लाठीचार्ज किया, जिसके बाद प्रदर्शनकारी मौके से हट गए और हालात सामान्य हो गए।

## शिशु आहार में चीनी की मात्रा पर संसदीय समिति सख्त

**नई दिल्ली(एजेंसी)।** उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण संबंधी संसदीय स्थायी समिति ने शिशु आहार और अन्य पैकेज्ड खाद्य उत्पादों में चीनी की मात्रा को लेकर सरकार को अहम सिफारिशें की हैं। संसद में प्रस्तुत रिपोर्ट में कहा गया है कि पैक्ड शिशु आहार में अधिक चीनी का सेवन बच्चों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर जोखिम पैदा कर सकता है।

इसलिए इन उत्पादों में चीनी की निर्धारित सीमा का समय-समय पर वैज्ञानिक आधार पर पुनर्मूल्यांकन किया जाना चाहिए। समिति ने अपनी रिपोर्ट में भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) और विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के दिशा-निर्देशों का उल्लेख करते हुए कहा कि अत्यधिक चीनी के सेवन से बच्चों में दांतों की समस्या, मोटापा, मेटाबॉलिक विकार और अन्य गैर-संचारी बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। रिपोर्ट के अनुसार, डब्ल्यूएचओ वयस्कों और बच्चों दोनों के लिए कुल दैनिक ऊर्जा सेवन का 10 प्रतिशत से कम मुक्त चीनी लेने की सलाह देता है।

## प्रदेश के हर जिले में खुलेंगे सुप्रजा केंद्र, सामान्य प्रसव के लिए गर्भवतियों को मिलेगी सुविधा

**देहरादून(एजेंसी)।** प्रदेश में आयुष चिकित्सा पद्धति के माध्यम से गर्भवतियों को सामान्य प्रसव के लिए खान-पान, दिनचर्या की जानकारी देने के साथ पंचकर्म की सुविधा मिलेगी। इसके लिए हर जिले में सुप्रजा केंद्र स्थापित किए जाएंगे। इस योजना के लिए केंद्र सरकार ने 1.30 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति दे दी है। राज्य में आयुर्वेद व वेलनेस को बढ़ावा देने के साथ प्रदेश सरकार आयुर्वेद चिकित्सा को सुलभ व बेहतर बढ़ाने की दिशा में काम रही है। मातृ-शिशु मृत्यु दर को कम करने के लिए प्राचीन चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद का



विस्तार किया जा रहा है। सामान्य व सुरक्षित प्रसव के लिए गर्भवतियों को जिला स्तर पर प्रसव पूर्व पौष्टिक खानपान, दिनचर्या के साथ पंचकर्म की सुविधा देने की तैयारी है। इस सुविधा के लिए पहली बार सभी जिलों में सुप्रजा केंद्र बनाए जाएंगे। केंद्र सरकार की ओर से प्रत्येक केंद्र के लिए 10 लाख रुपये की राशि दी जाएगी। 13 सुप्रजा केंद्रों के लिए 1.30 करोड़ की राशि स्वीकृति की गई। विशेषज्ञों के अनुसार प्रसव के पूर्व पहले यदि गर्भवती सही खानपान व दिनचर्या को अपनाए तो सिजेरियन की स्थिति से बच सकते हैं।वेलनेस को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार ने मुनिकी रेती, बलवाकोट व कौसानी के लौबांज में वेलनेस केंद्र के लिए जगह चिह्नित कर रही है। वेलनेस केंद्रों में प्राइवेट रूम की सुविधा मिलेगी। इसके लिए एक करोड़ की राशि व्यय की जाएगी। प्रदेश सरकार ने उत्तराखंड को योग व वेलनेस का हब बनाने का लक्ष्य रखा है। मुनिकीरेती, कौसानी व पिथौरागढ़ देश दुनिया से पर्यटक आते हैं। वेलनेस सुविधा से पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।राजकीय एलोपैथिक चिकित्सालय पौड़ी, बागेश्वर व टिहरी में आयुष विंग स्थापित किए जाएंगे।

इस पहल से मरीजों को एलोपैथिक के साथ आयुर्वेद चिकित्सा की सुविधा मिलेगी। सरकार की ओर से एक आयुष विंग स्थापित करने के लिए 25 लाख रुपये की राशि दी जाएगी।आयुर्वेद चिकित्सा के माध्यम से लोगों को बेहतर इलाज की सुविधा मिले।

# डिजिटल झारखंड विजन-2029 पर सरकार का फोकस, सीएम हेमंत ने की आईटी योजनाओं की समीक्षा


**रांची(एजेंसी)।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गुरुवार को झारखंड मंत्रालय में सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई-गवर्नेंस विभाग की योजनाओं और परियोजनाओं की उच्चस्तरीय समीक्षा करते हुए राज्य को डिजिटल रूप से सशक्त बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। बैठक में डिजिटल सेवाओं के विस्तार, साइबर सुरक्षा, डेटा प्रबंधन, सरकारी सेवाओं के डिजिटलीकरण और आईटी आधारित नवाचारों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक के दौरान 'डिजिटल झारखंड विजन-2029' के तहत आईटी पार्क निर्माण की रूपरेखा और साइट प्लान प्रस्तुत किया गया। मुख्यमंत्री ने चीफ मिनिस्टर डेटा इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म विकसित कर सभी विभागों के



डेटा और पोर्टलों को एकीकृत करने पर जोर दिया। उन्होंने प्रत्येक विभाग और जिले में आईटी अधिकारियों की नियुक्ति सुनिश्चित करने तथा राज्य के डेटा सेंटर को और सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि डिजिटल झारखंड का उद्देश्य तभी पूरा होगा, जब तकनीक का लाभ ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों तक पहुंचे। उन्होंने सरकारी सेवाओं को चरणबद्ध तरीके से ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से जोड़ने, सेवा वितरण प्रणाली को पारदर्शी और प्रभावी बनाने तथा आधुनिक तकनीक के माध्यम से प्रशासन को अधिक जवाबदेह बनाने पर बल दिया। बैठक में झारखंड डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर कॉरपोरेशन लिमिटेड के कार्यों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने राज्य के डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर की मैपिंग कराने और अगले तीन वर्षों में सभी पंचायतों तक 5जी नेटवर्क पहुंचाने की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही भारतनेट फेज-3, कनेक्टिंग झारखंड और झारनेट 2.0 परियोजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने साइबर सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए सभी विभागों के डेटा को केंद्रीकृत करने, अत्याधुनिक सुरक्षा तंत्र विकसित करने और नियमित सुरक्षा ऑडिट कराने के निर्देश दिए। उन्होंने नेटवर्क से वंचित क्षेत्रों की पहचान कर वहां चरणबद्ध तरीके से इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया। समीक्षा बैठक में मुख्यमंत्री मईया सम्मान योजना की प्रगति, आधार आधारित भुगतान व्यवस्था और पोर्टल संचालन की भी जानकारी ली गई। इसके अलावा जिला न्यायालयों में आधुनिक साउंड सिस्टम स्थापित करने, आईटी इकोसिस्टम को मजबूत बनाने, स्टार्टअप, नवाचार, अनुसंधान और कौशल विकास को बढ़ावा देने तथा निवेश आकर्षित करने के लिए व्यावहारिक कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश भी दिए गए। मुख्यमंत्री ने सभी परियोजनाओं को तय समय-सीमा में पूरा करने पर विशेष जोर दिया।

## नैनीताल में खाई में गिरी लखनऊ के पर्यटकों की कार, छह घायल, दो की हालत गंभीर

**नैनीताल(एजेंसी)।** नैनीताल से लौट रहे लखनऊ के पर्यटकों की कार गुरुवार सुबह ज्योलीकोट के पास अनियंत्रित होकर करीब 40 मीटर गहरी खाई में गिर गई। हादसे में चालक समेत छह लोग घायल हो गए, जिनमें दो की हालत गंभीर बताई गई है। पुलिस और एसडीआरएफ ने संयुक्त रेस्क्यू अभियान चलाकर सभी घायलों को खाई से सुरक्षित बाहर निकाला। पुलिस के अनुसार, गोमतीनगर (लखनऊ) निवासी सिद्धार्थ प्रताप सिंह, निखिल त्रिपाठी, आदित्य त्रिपाठी, सिद्धांत सिंह, आदर्श मिश्रा और निखिलेंद्र सिंघल नैनीताल घूमने आए थे। गुरुवार सुबह वे हल्द्वानी निवासी चालक संग्राम सिंह के साथ टवेरा कार से काठगोदाम लौट रहे थे। इसी दौरान ज्योलीकोट नंबर-1 के पास वाहन अनियंत्रित होकर गहरी खाई में जा गिरा। हादसे की सूचना पर तल्लीताल पुलिस,



ज्योलीकोट चौकी पुलिस और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। करीब एक घंटे तक चले रेस्क्यू अभियान के बाद सभी घायलों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। एसपी यातायात एवं अपराध डॉ. जगदीश चंद ने बताया कि चालक संग्राम सिंह और लखनऊ निवासी निखिलेंद्र सिंघल गंभीर रूप से घायल हुए हैं। दोनों को 108 एंबुलेंस से हल्द्वानी के सुशीला तिवारी अस्पताल भेजा गया, जबकि अन्य चार घायलों को प्राथमिक उपचार दिया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### जनसुनवाई में अपर पुलिस अधीक्षक ने सुनीं शिकायतें, त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश




**भदोही।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय में गुरुवार को आयोजित जनसुनवाई में अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए फरियादियों की शिकायतें गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुनीं। इस दौरान लोगों ने भूमि विवाद, मारपीट, पारिवारिक विवाद सहित विभिन्न मामलों से संबंधित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए। शिकायतों का संज्ञान लेते हुए अपर पुलिस अधीक्षक ने संबंधित थाना प्रभारियों एवं पुलिस अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सभी प्रकरणों का त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि शिकायतों का निस्तारण केवल अभिलेखों तक सीमित न रहे, बल्कि धरातल पर प्रभावी कार्रवाई दिखाई दे, जिससे पीड़ित पक्ष पूरी तरह संतुष्ट हो सके। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित किया कि थानों पर आने वाले प्रत्येक फरियादी के साथ मानवीय एवं सम्मानजनक व्यवहार किया जाए तथा उनकी शिकायतों पर प्राथमिकता के आधार पर विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### जंगीगंज में पुलिस बैरिकेड तोड़ भागी सफारी, जांच जारी

**गोपीगंज।** जंगीगंज में गुरुवार को काले शीशों वाली एक सफारी पुलिस बैरिकेड तोड़कर करीब चार किलोमीटर तक उसे घसीटते हुए भाग निकली, जिससे सड़क पर चिंगारियां उड़ती रहीं। गिराई के पास वाहन छोड़कर सवार फरार हो गए। पुलिस ने सफारी को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

### सोनभद्र के अनपरा कालोनी में गाजीपुर निवासी ठेकेदार ने फंदे से लटककर दी जान, जांच में जुटी पुलिस

**सोनभद्र।** अनपरा कॉलोनी में गुरुवार सुबह एक युवक द्वारा फंदे से लटककर आत्महत्या कर लिया। मृतक की पहचान 38 वर्षीय पीयूष सिंह पुत्र प्रदीप सिंह के रूप में हुई है। वह नगर पंचायत में ठेकेदारी का कार्य करता था। सुबह काफी देर तक कमरे का दरवाजा नहीं खुलने पर आसपास के लोगों को संदेह हुआ। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और कमरे का दरवाजा खुलवाया तो पीयूष सिंह फंदे से लटका मिला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा की कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना की सूचना परिजनों को दे दी गई है। मृतक के माता-पिता अपने पैतृक निवास सैदपुर गाजीपुर से अनपरा के लिए रवाना हो गए हैं। पुलिस का कहना है कि मामले की सभी पहलुओं से जांच की जा रही है। आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है।

### सोनभद्र में सड़क सुरक्षा नियम तोड़ने वालों पर परिवहन विभाग की कार्रवाई, 51 वाहनों का चालान



**सोनभद्र।** सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से परिवहन विभाग ने गुरुवार को जिले में सघन जांच अभियान चलाया। अभियान के दौरान नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए कुल 51 वाहनों का चालान किया गया, जबकि एक वाहन को सीज कर दिया गया। एआरटीओ प्रवर्तन सुधा के नेतृत्व में चलाए गए अभियान में वाहनों के दस्तावेज, हेलमेट, नंबर प्लेट, फिटनेस तथा अन्य आवश्यक मानकों की गहन जांच की गई। जांच के दौरान मानक के अनुरूप नंबर प्लेट न मिलने पर 35 वाहनों का चालान किया गया। वहीं हेलमेट न पहनकर वाहन चलाने वाले 15 चालकों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। अधिकारियों ने वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने और अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी। अभियान में पीटीओ ने भी सक्रिय भूमिका निभाते हुए 45 वाहनों का चालान किया। परिवहन विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए इस प्रकार के अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ बिना किसी भेदभाव के सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# जातिसूचक, आपत्तिजनक टिप्पणियों पर कार्रवाई की मांग

## सुभासपा ने डीएम, एसपी को सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी 'सुभासपा' जिलाध्यक्ष मनोज राजभर के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों ने गुरूवार को जिलाधिकारी औरं पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर पिछड़े, अतिपिछड़े, दलित एवं अतिदलित समाज के खिलाफ की जा रही कथित जातिसूचक, अपमानजनक एवं आपत्तिजनक टिप्पणियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की।जिलाधिकारी के प्रशासनिक अधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजे ज्ञापन में कहा गया है कि प्रदेश में सामाजिक न्याय, समानता और संवैधानिक मूल्यों के लिए संघर्ष करने वाले पिछड़े, अतिपिछड़े, दलित एवं अतिदलित समाज के लोगों के विरुद्ध कुछ राजनीतिक नेताओं, कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों द्वारा कथित रूप से लगातार जातिसूचक और अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया जा रहा है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि ऐसी टिप्पणियों से समाज के वंचित वर्गों में आक्रोश और असुरक्षा की भावना उत्पन्न हो रही है। ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि किसी भी व्यक्ति को उसकी जाति के आधार पर अपमानित करना संविधान की मूल भावना, सामाजिक समरसता और लोकतांत्रिक व्यवस्था के विरुद्ध है। साथ ही राजनीतिक प्रभाव का दुरुपयोग कर कमजोर वर्गों को प्रताड़ित करने, धमकाने तथा सोशल मीडिया पर अभद्र एवं भड़काऊ भाषा का प्रयोग करने जैसी घटनाओं पर भी चिंता व्यक्त की गई। ज्ञापन देने के बाद सुभासपा के राष्ट्रीय सचिव विनोद कुमार राजभर, प्रबुद्ध प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष वृजभूषण मिश्र आदि ने प्रशासन से मांग की कि जातिसूचक एवं अपमानजनक टिप्पणियां करने वाले पूर्व मंत्री सपा नेता शिवपाल यादव, अन्य सपा कार्यकर्ता सहित अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध निष्पक्ष जांच कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। इसके अलावा सोशल मीडिया पर नफरत फैलाने वाली पोस्टों पर प्रभावी कार्रवाई, पीड़ितों की शिकायतों की निष्पक्ष जांच, कमजोर वर्गों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा सामाजिक सौहार्द बनाए रखने के लिए जनजागरूकता अभियान चलाने की भी मांग की गई। जिलाध्यक्ष मनोज राजभर ने कहा कि समाज के किसी भी वर्ग के सम्मान और संवैधानिक अधिकारों से खिलवाड़ स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने प्रशासन से मांगों पर गंभीरता से विचार करते हुए दोषियों के विरुद्ध निष्पक्ष एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग किया।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहादुरपुर में डेंटल सेवाएं बदहाल, मरीज परेशान

एकडेंटल सर्जन व डेंटल हाईजिनिस्ट दोनों लोगों का एक साथ डियूटी से गायब रहना बना जांच का विषयडेंटल हाईजिनिस्ट हरीश गुप्ता से भी आगे डियूटी से गायब रहने मे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहादुरपुर में तैनात डेंटल सर्जन एवं डेंटल हाईजिनिस्ट पर मनमाने ढंग से ड्यूटी करने के आरोप लग रहे हैं। आरोप है कि नियमित रूप से सेवाएं उपलब्ध न होने के कारण दांत संबंधी मरीजों को समय पर उपचार नहीं मिल पा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि डेंटल ओपीडी में डॉक्टर एवं स्टाफ के समय पर उपलब्ध न रहने से मरीजों को कई बार अस्पताल के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। इससे दूर-दराज से आने वाले मरीजों को आर्थिक और मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों से मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहादुरपुर में डेंटल सेवाओं को नियमित और सुचारु रूप से संचालित कराने की मांग की है। आपको बता दें कि पूर्व में भी डेंटल हाईजिनिस्ट हरीश गुप्ता के डियूटी से गायब रहने के मामले में प्रमुखता से खबर प्रकाशित हो चुकी है लेकिन सीएमओ कार्यालय में कार्यरत बाबू अभिषेक पाल , डिप्टी सीएमओ डा. ए . के चौधरी व सीएमओ डा. राजीव निगम ने उक्त प्रकरण में कार्यवाही करने के बजाए लेन देन करके मामले को रफा दफा कर दिया था इसीलिए आज तक डेंटल सर्जन व डेंटल हाईजिनिस्ट ने शासन द्वारा निर्धारित समय से अस्पताल पर डियूटी नही किया है । पहले तो सीएचसी बहादुरपुर पर डेंटल हाईजिनिस्ट हरीश गुप्ता मात्र अकेले थे लेकिन वर्तमान समय में डेंटल सर्जन की तैनाती हुई है फिर हमेशा दांत विभाग के कमरें में ताला ही लटकता रहता है । उक्त प्रकरण में सीएमओ डा. राजीव निगम ने बताया कि जांच कर कार्यवाही होगी ।

## एक ही जमीन का दो बार बैनामा कर लाखों की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बलरामपुर।** महराजगंज तराई थाना क्षेत्र में एक ही कृषि भूमि को अलग-अलग लोगों के नाम बैनामा कर लाखों रुपये की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। आरोपी ने पैसों के लालच में पहले से बेची जा चुकी जमीन का दोबारा बैनामा कर खरीदारों से रकम वसूल ली थी। पुलिस के अनुसार ग्राम दुन्दरा निवासी श्रीमती शाहजहां पत्नी साबिर खां ने शिकायत दर्ज कराई थी कि गांव के ही तीरथ राम पुत्र दयाराम ने गाटा संख्या 646 की 0.1300 हेक्टेयर कृषि भूमि को अपना हिस्सा बताकर 2,01,230 रुपये लेकर उनके नाम बैनामा कर दिया। बाद में पता चला कि उक्त भूमि पहले ही किसी अन्य व्यक्ति को बेची जा चुकी थी। शिकायत के आधार पर महराजगंज तराई थाने में धोखाधड़ी और जालसाजी सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पाण्डेय तथा क्षेत्राधिकारी ललिया देवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गुरुवार को मुखबिर की सूचना पर कौवापुर मोड़ के पास से आरोपी तीरथ राम को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने पैसों के लालच में पहले बेची जा चुकी भूमि का दोबारा बैनामा किया। उसने 28 मार्च 2025 को श्रीमती शाहजहां से 2,01,230 रुपये तथा 4 अप्रैल 2025 को अजय सिंह से उसी भूमि के संबंध में 80 हजार रुपये लेकर फर्जी तरीके से बैनामा किया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध विधिक कार्रवाई पूरी कर उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से आगे की कार्रवाई की गई। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक नागेश्वर नाथ पटेल और कांस्टेबल नीरज कुमार शामिल रहे।

# राज कुमार सिंह पिंटू ने पत्रकार के फेसबुक पोस्ट पर महिलाओं को लेकर किया अश्लील टिप्पणी

● पत्रकार के फेसबुक स्टेटस पर महिलाओं को लेकर की गयी अभद्र टिप्पणी से बस्ती पहुँची जंतर - मंतर की चिंगारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के एक शिक्षक द्वारा की गई टिप्पणी पर महिलाओं में नाराजगी दिखाई दी राजधानी दिल्ली में जंतर - मंतर पर चल रहे छात्र आंदोलन की चिंगारी बस्ती में उस वक्त भभक उठी जब एक पत्रकार के फेसबुक स्टेटस पर एक सोशल मीडिया यूजर्स राजकुमार सिंह पिंटू द्वारा महिलाओं को लेकर अत्यंत ही घृणित व अशोभनीय टिप्पणी की गयी । मिली जानकारी के अनुसार दिल्ली में चल रहे छात्र आंदोलन को लेकर देश के सभी जगहों पर पुलिस व सुरक्षा एजेन्सियाँ सजग कर दी गयी है मगर जनपद बस्ती में एक पत्रकार के फेसबुक स्टेटस पर राजकुमार सिंह पिंटू नामक एक व्यक्ति द्वारा जंतर - मंतर पर प्रदर्शन कर रही महिलाओं / बालिकाओं को लेकर इतनी घृणित व अशोभनीय टिप्पणी की गयी जिसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती । इस अशोभनीय टिप्पणी के वायरल होते ही गुटबाजी इस कदर बढ़ गयी कि मानों जंतर - मंतर की चिंगारी जिले में पहुँच गयी जो कभी भी विस्फोटक रूप ले सकती है । सूत्रों की माने तो पत्रकार के फेसबुक पोस्ट पर महिलाओं को लेकर अश्लील टिप्पणी करने वाला बस्ती जिले का निवासी है और वह एक सरकारी स्कूल में शिक्षक पद पर कार्यरत हैं । महिलाओं पर अश्लील टिप्पणी करने वाले राज कुमार सिंह पिंटू के खिलाफ कार्रवाई की मांग महिलाओं ने की है । अब देखना यह है कि बस्ती पुलिस के द्वारा उक्त प्रकरण में क्या कार्यवाही की जाती है ।

# निशु ने उत्तीर्ण की ऑल इंडिया बार परीक्षा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीखड़, मीरजापुर ।** क्षेत्र के अदालपुरा निवासी निशु सिंह ने जून में में आयोजित परीक्षा AIBE-21 प्रथम बार में उत्तीर्ण करने में सफलता प्राप्त की। निशु सिंह के पिता उदय सिंह किसान व माता ओमपति देवी गृहिणी है। निशु के ऑल इंडिया बार परीक्षा 21 उत्तीर्ण करने पर उनके माता-पिता वह शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### कप्तानगंज में भाजपा बूथ अध्यक्ष सम्मेलन आयोजित, संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान

**बस्ती।** बस्ती जिले केविधान सभा क्षेत्र 308 कप्तानगंज के अंतर्गत कप्तानगंज स्थित वायरलेस चौराहे पर सावित्री मैरिज हॉल में भारतीय जनता पार्टी का बूथ अध्यक्ष सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व पूर्व भाजपा विधायक सीए चंद्र प्रकाश शुक्ल ने किया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक सीए चंद्र प्रकाश शुक्ल ने बूथ अध्यक्षों से अपने-अपने बूथों पर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पार्टी की सफलता का आधार बूथ स्तर का मजबूत संगठन है, इसलिए प्रत्येक बूथ अध्यक्ष पूरी निष्ठा और सक्रियता के साथ कार्य करें तथा जन-जन तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और पार्टी की नीतियों को पहुंचाएं। कार्यक्रम में उपस्थित बूथ अध्यक्षों एवं कार्यकर्ताओं ने संगठन की मजबूती और आगामी चुनावों में बेहतर प्रदर्शन के लिए पूरी मेहनत और समर्पण के साथ कार्य करने का संकल्प लिया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी, बूथ अध्यक्ष एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बीआरसी परिसर में नई विभागीय प्रशिक्षण नोटबुक का विमोचन



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती सदर स्थित बीआरसी परिसर में आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान बेसिक शिक्षा अधिकारी अनूप तिवारी ने नई विभागीय प्रशिक्षण नोटबुक का विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह नोटबुक प्रशिक्षण की गुणवत्ता को बेहतर बनाने, शिक्षकों की सक्रिय सहभागिता बढ़ाने तथा सीखने की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी और सुव्यवस्थित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। बीएसए अनूप तिवारी ने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से शिक्षकों को नवीन शिक्षण तकनीकों एवं नवाचारों से अवगत कराया जा रहा है, जिससे विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा। उन्होंने प्रशिक्षण में शामिल सभी शिक्षकों से पूरी गंभीरता और रुचि के साथ सहभागिता करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में एआरपी प्रदीप गुप्ता, रुक्मणी मिश्रा,शिव प्रसाद, शैलेश, सर्वेन्द्र सीएसएफ की अनिका सिद्दीकी तथा रूम टू रीड एनजीओ के अमित कुमार और संजय यादव सहित बड़ी संख्या में शिक्षक प्रतिभागी उपस्थित रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान शिक्षण कौशल, नवाचार, कक्षा-कक्ष प्रबंधन तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा, समूह गतिविधियां एवं व्यावहारिक सत्र आयोजित किए जाएंगे, जिससे शिक्षकों की दक्षता में वृद्धि हो सके।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहादुरपुर में डेंटल सेवाएं बदहाल, मरीज परेशान

एकडेंटल सर्जन व डेंटल हाईजिनिस्ट दोनों लोगों का एक साथ डियूटी से गायब रहना बना जांच का विषय
डेंटल हाईजिनिस्ट हरीश गुप्ता से भी आगे डियूटी से गायब रहने मे सफल है डेंटल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बस्ती।** बस्ती जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहादुरपुर में तैनात डेंटल सर्जन एवं डेंटल हाईजिनिस्ट पर मनमाने ढंग से ड्यूटी करने के आरोप लग रहे हैं। आरोप है कि नियमित रूप से सेवाएं उपलब्ध न होने के कारण दांत संबंधी मरीजों को समय पर उपचार नहीं मिल पा रहा है।स्थानीय लोगों का कहना है कि डेंटल ओपीडी में डॉक्टर एवं स्टाफ के समय पर उपलब्ध न रहने से मरीजों को कई बार अस्पताल के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। इससे दूर-दराज से आने वाले मरीजों को आर्थिक और मानसिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों से मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने तथा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बहादुरपुर में डेंटल सेवाओं को नियमित और सुचारु रूप से संचालित कराने की मांग की है। आपको बता दें कि पूर्व में भी डेंटल हाईजिनिस्ट हरीश गुप्ता के डियूटी से गायब रहने के मामले में प्रमुखता से खबर प्रकाशित हो चुकी है लेकिन सीएमओ कार्यालय में कार्यरत बाबू अभिषेक पाल , डिप्टी सीएमओ डा. ए . के चौधरी व सीएमओ डा. राजीव निगम ने उक्त प्रकरण में कार्यवाही करने के बजाए लेन देन करके मामले को रफा दफा कर दिया था इसीलिए आज तक डेंटल सर्जन व डेंटल हाईजिनिस्ट ने शासन द्वारा निर्धारित समय से अस्पताल पर डियूटी नही किया है । पहले तो सीएचसी बहादुरपुर पर डेंटल हाईजिनिस्ट हरीश गुप्ता मात्र अकेले थे लेकिन वर्तमान समय में डेंटल सर्जन की तैनाती हुई है फिर हमेशा दांत विभाग के कमरें में ताला ही लटकता रहता है । उक्त प्रकरण में सीएमओ डा. राजीव निगम ने बताया कि जांच कर कार्यवाही होगी ।

## बलरामपुर केअलाउद्दीनपुर आंगनवाड़ी केंद्र बंद,बदहाली से ग्रामीण नाराज

● भवन पर ताला, शौचालय जर्जर; गंदगी से सेवाएं प्रभावित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बलरामपुर के रेहरा बाजार विकासखंड की ग्राम पंचायत अलाउद्दीनपुर में स्थित आंगनवाड़ी केंद्र अपनी बदहाली को लेकर चर्चा में है। ग्रामीणों का आरोप है कि यह केंद्र अधिकांश दिनों बंद रहता है, जिससे बच्चों और गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को मिलने वाली सेवाएं प्रभावित हो रही हैं।ग्रामीणों के अनुसार, आंगनवाड़ी केंद्र के मुख्य द्वार पर अक्सर ताला लटका रहता है। केंद्र बंद रहने के कारण आसपास के लोग परिसर में चारपाई बिछाकर आराम करते हैं, जिससे केंद्र की उपयोगिता पर सवाल उठ रहे हैं। केंद्र का शौचालय भी पूरी तरह जर्जर हो चुका है। शौचालय की सीट टूटी हुई है, दरवाजा गायब है और परिसर में गंदगी तथा घास-फूस उगी हुई है। यह स्थिति केंद्र की साफ-सफाई व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाती है। ग्रामीणों गुरु प्रसाद, शहजाद, अशफाक, फैय्याज, मुस्तकीम और रवि ने संबंधित अधिकारियों से इस मामले में हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने केंद्र का नियमित संचालन सुनिश्चित कराने, शौचालय की तत्काल मरम्मत कराने और परिसर की साफ-सफाई कराने की अपील की है। ग्रामीणों का कहना है कि आंगनवाड़ी केंद्र बच्चों के पोषण और शुरुआती शिक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण संस्थान है। इसलिए, इसके नियमित संचालन और उचित रखरखाव की निगरानी आवश्यक है ताकि इसका उद्देश्य पूरा हो सके

# स्कूल से लौट रहे सहायक अध्यापक को तेज रफ्तार बाइक ने मारी टक्कर, गंभीर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर।** उतरौला-बलरामपुर मुख्य मार्ग पर मंगलवार दोपहर हुए सड़क हादसे में एक सहायक अध्यापक गंभीर रूप से घायल हो गए। तेज रफ्तार और लापरवाही से बाइक चला रहे अज्ञात युवक ने उनकी मोटरसाइकिल में सामने से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से घायल शिक्षक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतरौला पहुंचाया गया, जहां से चिकित्सकों ने उनकी नाजुक हालत देखते हुए गोंडा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर पर अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, गोंडा जनपद के मनकापुर थाना क्षेत्र के सिसवा गांव निवासी अक्रांत द्विवेदी ने कोतवाली उतरौला में दी गई तहरीर में बताया कि उनके भाई शैलेन्द्र कुमार द्विवेदी बलरामपुर के एक शासकीय विद्यालय में सहायक अध्यापक हैं। 21 जुलाई को वह विद्यालय से ड्यूटी समाप्त कर अपने घर लौट रहे थे। रास्ते में उतरौला स्थित राजू फूल वाले की दुकान पर फूल खरीदने के लिए रुके थे। फूल लेकर जैसे ही वह अपनी बाइक से आगे बढ़े, तभी डीआरएन मॉडर्न पब्लिक स्कूल के पास विपरीत दिशा से तेज गति और लापरवाही से आ रही हीरो होंडा स्ट्रीम बाइक ने उनकी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि शैलेन्द्र कुमार द्विवेदी सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में उनकी बाइक भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना होते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। राहगीरों और स्थानीय लोगों ने तत्काल एंबुलेंस की सहायता से उन्हें सरकारी अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए गोंडा रेफर कर दिया। उनका उपचार गोंडा में चल रहा है।घटना के बाद आरोपी बाइक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात चालक के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि आरोपी की पहचान कर उसे जल्द गिरफ्तार किया जा सके।प्रभारी निरीक्षक अवधेश राज सिंह ने बताया कि पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक शिव कैलाश को सौंपी गई है। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है और आरोपी की तलाश जारी है।

## बाइक से 300 पैकेट बाल पुष्टाहार बरामद, ग्रामीणों की तलाशी में हुआ खुलासा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती** बस्तीजिलेकेकप्तानगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बिहरा के पास बुधवार दोपहर उस समय हड़कंप मच गया, जब ग्रामीणों ने संदेह होने पर एक बाइक को रोककर उसकी तलाशी ली। ग्रामीणों का दावा है कि बोरी से करीब 300 पैकेट बाल पुष्टाहार बरामद हुआ। सूचना मिलते ही डायल-112 और महराजगंज चौकी प्रभारी अनिल कुमार त्रिपाठी मौके पर पहुंचे और सामग्री को कब्जे में लेकर पुलिस चौकी भिजवाया। मामले में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शालिनी वर्मा का कहना है कि बाल पुष्टाहार उनके मौसेरे भाई के हाथ महराजगंज भेजा जा रहा था। वहीं सुपरवाइजर प्रिया तिवारी ने बताया कि महराजगंज सेक्टर का अतिरिक्त प्रभार उनके पास है और लाभार्थियों में वितरण के लिए यह सामग्री भेजी जा रही थी। फिलहाल पूरे मामले की जांच पुलिस कर रही है। जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि बाल पुष्टाहार का परिवहन विभागीय नियमों के अनुसार कथित रूप से किया जा रहा था या इसमें कोई अनियमितता बरती गई। घटना के बाद क्षेत्र में सरकारी योजनाओं की सामग्री के परिवहन को लेकर पारदर्शिता की मांग एक बार फिर उठने लगी है।

# महिलाओं को विकास प्रक्रिया का नेतृत्वकर्ता बना रही सरकार : केशव प्रसाद मौर्य

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण, वित्तीय समावेशन और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए लगातार नई पहल कर रही है। इसी दिशा में संचालित एलआईसी बीमा सखी कार्यक्रम स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) से जुड़ी महिलाओं के लिए सम्मानजनक आजीविका और स्वरोजगार का प्रभावी माध्यम बनकर उभरा है। कार्यक्रम के तहत महिलाओं को एलआईसी से जोड़कर बीमा सखी के रूप में प्रशिक्षित किया जा रहा है, जिससे वे न केवल अपनी आय बढ़ा रही हैं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में वित्तीय जागरूकता फैलाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गुरुवार को कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य महिलाओं को केवल सरकारी योजनाओं का लाभार्थी बनाना नहीं, बल्कि उन्हें विकास प्रक्रिया का सक्रिय भागीदार और नेतृत्वकर्ता बनाना है। उन्होंने कहा कि एलआईसी बीमा सखी कार्यक्रम इसी सोच का परिणाम है, जो ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के साथ-साथ वित्तीय साक्षरता को भी बढ़ावा दे रहा है। उन्होंने कहा कि बीमा सखी कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं को अतिरिक्त आय और सम्मानजनक रोजगार का अवसर मिल रहा है। वहीं दूसरी ओर ग्रामीण परिवारों तक बीमा और वित्तीय सुरक्षा का संदेश भी प्रभावी ढंग से पहुंच रहा है। आज बीमा सखियां अपने परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत करने के साथ-साथ

**महिलाओं को एलआईसी से जोड़कर बीमा सखी के रूप में प्रशिक्षित किया जा रहा है, जिससे वे न केवल अपनी आय बढ़ा रही हैं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में विीय जागरूकता फैलाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उपमुयमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गुरुवार को कहा कि प्रदेश सरकार का उद्देश्य महिलाओं को केवल सरकारी योजनाओं का लाभार्थी बनाना नहीं, बल्कि उन्हें विकास प्रक्रिया का सक्रिय भागीदार और नेतृत्वकर्ता बनाना है।**

गांवों में वित्तीय साक्षरता, सामाजिक जागरूकता और महिला सशक्तिकरण की मिसाल बन रही हैं। उपमुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि प्रदेश सरकार की महिला-केंद्रित योजनाओं और स्वयं सहायता समूहों की सक्रिय भागीदारी से महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को और गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था भी अधिक मजबूत होगी और महिलाओं की सामाजिक एवं आर्थिक भागीदारी में उल्लेखनीय वृद्धि होगी। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अनुसार, एलआईसी बीमा सखी कार्यक्रम के तहत अब तक 4,900 से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। इनमें से 1,000 से अधिक स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं सफलतापूर्वक एलआईसी बीमा सखी के रूप में कार्य कर रही हैं। कार्यक्रम में बीसी सखी, बैंक सखी तथा अन्य सामुदायिक कैडर से जुड़ी महिलाओं को प्राथमिकता दी गई है, ताकि उनके अनुभव और समुदाय से जुड़े विश्वास का लाभ अधिक से अधिक ग्रामीण परिवारों तक पहुंचाया जा सके। कार्यक्रम की सफलता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि बीमा सखियों ने अपने कार्य और समर्पण के बल पर मात्र छह माह में दो करोड़ रुपये से अधिक का सामूहिक कमीशन अर्जित किया है। सरकार का मानना है कि यह उपलब्धि दर्शाती है कि यदि महिलाओं को उचित अवसर, प्रशिक्षण और मंच उपलब्ध कराया जाए तो वे न केवल आत्मनिर्भर बन सकती हैं, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था और सामाजिक विकास की मजबूत आधारशिला भी साबित हो सकती हैं।

# छात्रवृत्ति योजनाओं को मिलेगी डिजिटल रफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में छात्रवृत्ति योजनाओं को अधिक पारदर्शी, प्रभावी और तकनीक आधारित बनाने की दिशा में समाज कल्याण विभाग ने महत्वपूर्ण पहल की है। गुरुवार को गोमतीनगर स्थित भागीदारी भवन में समाज कल्याण विभाग और पिरामल फाउंडेशन फॉर एजुकेशन लीडरशिप के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण, प्रमुख सचिव अनुराग यादव, निदेशक समाज कल्याण संजीव सिंह तथा फाउंडेशन के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। एमओयू के तहत पहले चरण में छात्रवृत्ति योजना को और अधिक मजबूत बनाया जाएगा। आवेदन से लेकर छात्रवृत्ति वितरण तक की पूरी प्रक्रिया को डिजिटल तकनीक, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और आधुनिक प्रबंधन प्रणाली से जोड़ा जाएगा, ताकि पात्र विद्यार्थियों को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से लाभ मिल सके। समाज कल्याण राज्यमंत्री असीम अरुण ने कहा कि सरकार का उद्देश्य केवल तकनीकी सुधार करना नहीं, बल्कि सुशासन, पारदर्शिता, जवाबदेही और अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का प्रभावी लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि इस साझेदारी से विभाग की कार्यप्रणाली और अधिक सुदृढ़ होगी तथा विभिन्न स्तरों पर बेहतर समन्वय स्थापित होगा। योजनाधिकारी एवं उपनिदेशक समाज कल्याण आनंद कुमार सिंह ने बताया कि परियोजना के तहत राज्य, जिला और ब्लॉक स्तर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का प्रशिक्षण और क्षमता विकास भी किया जाएगा, जिससे योजनाओं का क्रियान्वयन अधिक प्रभावी और सुचारु हो सके। उन्होंने बताया कि छात्रवृत्ति योजनाओं की निगरानी और संचालन के लिए स्कॉलरशिप प्रोग्राम मैनेजमेंट यूनिट (पीएमयू) की स्थापना की जाएगी। आवश्यकता पड़ने पर जिला स्तर पर भी सहयोगी व्यवस्था विकसित की जाएगी। कार्यक्रम में पिरामल फाउंडेशन की सीनियर प्रोग्राम डायरेक्टर डॉ. अनुपमा झा सहित विभाग एवं फाउंडेशन के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## पेपर लीक पर फास्ट ट्रैक कोर्ट से दोषियों पर होगी सख्त कार्रवाई : केशव प्रसाद मौर्य

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में छात्रों के हितों की रक्षा और उनके उज्ज्वल भविष्य को सुरक्षित रखना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि पेपर लीक के मामलों के त्वरित और प्रभावी निस्तारण के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट के गठन का निर्णय परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और विश्वास को मजबूत करेगा। गुरुवार को जारी बयान में उपमुख्यमंत्री ने कहा कि फास्ट ट्रैक कोर्ट की व्यवस्था पेपर लीक माफियाओं के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई का माध्यम बनेगी। इससे ऐसे मामलों में शामिल दोषियों को शीघ्र और कठोर दंड मिल सकेगा तथा परीक्षा प्रणाली की निष्पक्षता, पारदर्शिता और विश्वसनीयता को नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि सरकार युवाओं के सपनों और उनके भविष्य से खिलवाड़ करने वाले किसी भी व्यक्ति को बख्शने वाली नहीं है। प्रतिभा के साथ न्याय, परिश्रम का सम्मान और युवाओं के भविष्य की सुरक्षा ही नए भारत की पहचान है। सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि सभी प्रतियोगी परीक्षाएं पूरी निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ संपन्न हों तथा मेहनत करने वाले अभ्यर्थियों को उनकी योग्यता के अनुरूप अवसर प्राप्त हों। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं के हितों की रक्षा के लिए पूरी दृढ़ता के साथ कार्य कर रही है। पेपर लीक जैसे अपराधों में शामिल लोगों के विरुद्ध कानून पूरी सख्ती से कार्रवाई करेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि फास्ट ट्रैक कोर्ट की व्यवस्था से ऐसे मामलों में त्वरित न्याय सुनिश्चित होगा और परीक्षा प्रणाली के प्रति युवाओं का विश्वास और अधिक मजबूत होगा।

# श्रावण मास में कांवड़ यात्रा व चेहल्लुम के सम्बन्ध में हुई बैठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बिसवां (सीतापुर)।** आगामी पवित्र श्रावण मास में निकलने वाली कांवड़ यात्रा और इसी माह में पड़ रहे चहुल्लुम त्योहार के दृष्टिगत शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में थानाध्यक्ष सदरपुर आशुतोष मिश्र की अध्यक्षता में वृहस्पतिवार दोपहर बाद देबियापुर पुलिस चौकी में एक शांति समिति की बैठक हुई जिसमें जहांगीराबाद, देवरिया खुर्द, देबियापुर, सिरसी सरैंय्या, हाजीपुर व कैमहराकलां आदि गांवों के संभ्रांत लोग शामिल हुए। थानाध्यक्ष ने सभी उपस्थित जनों से परिचय प्राप्त कर श्रावण मास के प्रत्येक रविवार व सोमवार को पवित्र सरयू/घाघरा नदी से जल भरकर बिसवां स्थित शिव मंदिर पत्थर शिवाला में जलाभिषेक करने जाने वाले कांवड़ियों की सुविधाओं पर विचार विमर्श किया। बहराइच-सीतापुर मार्ग पर चहलारी घाट से श्रावण मास के प्रत्येक रविवार को हजारों कांवड़िया रेउसा होते हुए पूरी रात इसी मार्ग पर होकर जाते हैं जिनकी सुरक्षा की दृष्टिगत सदरपुर थाना क्षेत्र में केवानी नदी पुल से कैमहरा पेट्रोल पंप तक रास्ते में प्रकाश व्यवस्था आदि के लिए जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप कांवड़ियों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जायेगी। इसी माह में मुस्लिमों का चहुल्लुम त्योहार भी पड़ रहा है जिससे किसी को कोई तकलीफ़ न हो इस सम्बन्ध में भी मुस्लिम धर्मावलंबियों से वार्ता की। थानाध्यक्ष सहित सभी उपस्थित लोगों ने दोनों त्योहारों को आपसी सौहार्द्र से मनाने की अपील की। इस अवसर पर थानाध्यक्ष ने वर्तमान समय में चल रहे साइबर ठगों के कुचक्र से बचने के लिए सतर्क रहने की सलाह दी और कहा कि मोबाइल पर काल या मेसेज के द्वारा दिये गये किसी भी लालच में न आयें। यदि गलती से किसी के साथ ऐसा फ्राड हो जाता है तो जल्द से जल्द 1930 पर तुरंत अपनी शिकायत दर्ज करायें अथवा तुरंत थाना पर अपनी शिकायत दर्ज करायें। चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक शैलेन्द्र कुमार ने कहा कि त्योहार हमें आपसी सद्भाव बढ़ाने की शिक्षा देते हैं। खुशी के साथ त्योहार मनायें लेकिन कोई भी ऐसा कार्य न करें जिससे माहौल खराब हो। उन्होंने कहा मोबाइल के व्हाट्सएप अथवा सोशल मीडिया पर इसी प्रकार की उत्तेजित टिप्पणियां न की जायें। इस बारे में कहीं भी कोई तनाव की स्थिति देखें तो पुलिस को अवगत करायें। क्षेत्र में शांति बनाए रखें। इस अवसर पर राष्ट्रीय बजरंग दल के जिलाध्यक्ष नरेंद्र कुमार, जिलामंत्री आशीष उपाध्याय, पूर्व प्रधान हरिनाम वर्मा, मास्टर जलालुद्दीन अंसारी व आरक्षी पवन कुमार सहित लगभग आधा दर्जन से अधिक आरक्षी भी मौजूद रहे।

## कैबिनेट मंत्री ए.के. शर्मा जी का आईईआई यूपी स्टेट सेंटर में आगमन एवं सम्मान



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में 22 जुलाई 2026 द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया), उत्तर प्रदेश राज्य केंद्र, लखनऊ में उत्तर प्रदेश सरकार के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री, ए.के. शर्मा के आगमन पर उनका पुष्पगुच्छ एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर आईईआई, यूपी स्टेट सेंटर, लखनऊ के मानद सचिव इं. एन.के. निषाद ने मंत्री का स्वागत करते हुए संस्थान की गतिविधियों की संक्षिप्त जानकारी दी। उन्होंने बताया कि द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) देश की अग्रणी अभियंत्रण संस्था है, जिसने अभियंत्रण शिक्षा, तकनीकी उत्कृष्टता एवं राष्ट्र निर्माण में 105 वर्षों की गौरवशाली यात्रा पूर्ण की है और आज भी अभियंताओं के ज्ञान एवं कौशल विकास के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

कार्यक्रम के अंत में माननीय मंत्री जी के प्रति आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर आईईआई, उत्तर प्रदेश राज्य केंद्र, लखनऊ के पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### चंद्रशेखर आजाद का त्याग और राष्ट्रभक्ति सदैव प्रेरणा देती रहेगी : केशव प्रसाद मौर्य

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने गुरुवार को अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर लखनऊ स्थित अपने सरकारी आवास 7-कालिदास मार्ग पर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर उन्होंने महान क्रांतिकारी के त्याग, साहस और राष्ट्रभक्ति को नमन करते हुए कहा कि उनका जीवन देशभक्ति और बलिदान का अमर प्रतीक है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद का त्याग, अदम्य साहस और मातृभूमि की स्वतंत्रता के प्रति उनका समर्पण भारतीय इतिहास की अमूल्य धरोहर है। उन्होंने अपने जीवन का प्रत्येक क्षण देश की आजादी के लिए समर्पित किया और ऐसा आदर्श स्थापित किया, जो आने वाली पीढ़ियों को निरंतर प्रेरित करता रहेगा। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद का जीवन प्रत्येक भारतीय को राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए अपने कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक पालन करने तथा देश की एकता, अखंडता और स्वाभिमान की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने की प्रेरणा देता है।

### राजकीय आईटीआई अलीगंज में मेगा कैंपस ड्राइव

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री मिशन रोजगार योजना के तहत गुरुवार को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), अलीगंज में मेगा कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में देश की प्रमुख ऑटोमोबाइल कंपनी मारुति सुजुकी ने हरियाणा के खरखौदा (सोनीपत) स्थित प्लांट के लिए टेक्निकल ऑपरेटर पद पर 310 अभ्यर्थियों का चयन किया। संस्थान के प्रधानाचार्य राज कुमार यादव ने बताया कि प्रदेश सरकार की रोजगारोन्मुखी नीति के तहत युवाओं को निजी क्षेत्र में बेहतर रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से कैंपस ड्राइव आयोजित की गई। उन्होंने चयनित अभ्यर्थियों को समय पर कार्यभार ग्रहण करने के लिए प्रेरित करते हुए कंपनी के प्रतिनिधियों से अधिक से अधिक युवाओं को अवसर देने का अनुरोध किया।

## पेपर लीक पर सरकार को घेरा, शिक्षा मंत्री के इस्तीफे तक सदन में उठेगी आवाज : अखिलेश यादव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने गुरुवार को केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार पर पेपर लीक मामले को लेकर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार छात्रों और युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है तथा जब तक केंद्रीय शिक्षा मंत्री इस्तीफा नहीं देते, तब तक समाजवादी पार्टी संसद और सड़क दोनों जगह इस मुद्दे को उठाती रहेगी। मीडिया से बातचीत में अखिलेश यादव ने कहा कि नीट परीक्षा दोबारा कराना इस बात का प्रमाण है कि परीक्षा प्रक्रिया में गंभीर खामियां थीं। उन्होंने कहा कि सरकार को छात्रों और अभ्यर्थियों की मांगों को स्वीकार करना चाहिए तथा पेपर लीक से प्रभावित परिवारों को न्याय दिलाने के लिए आवश्यक कदम उठाने चाहिए। सपा प्रमुख ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में लगातार प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्नपत्र लीक हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार के दौरान पेपर लीक की घटनाएं बढ़ी हैं, जिससे युवाओं का भविष्य प्रभावित हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार युवाओं को रोजगार और आरक्षण से वंचित करना चाहती है। अखिलेश यादव ने हाल के छात्र आंदोलनों के दौरान पुलिस कार्रवाई पर भी सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि शांतिपूर्ण प्रदर्शन में शामिल छात्रों और छात्राओं के साथ मारपीट की गई, लाठीचार्ज किया गया और उनके साथ दुर्व्यवहार हुआ। उन्होंने कहा कि प्रदर्शन के दौरान सादे कपड़ों में मौजूद लोगों द्वारा लाठी चलाने की खबरें सामने आई हैं, जिनकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार को स्पष्ट करना चाहिए कि प्रदर्शनकारियों पर लाठी चलाने वाले लोग कौन थे। यदि इसकी निष्पक्ष जांच नहीं कराई गई तो सरकार की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठेंगे। सपा प्रमुख ने आरोप लगाया कि लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखने वालों की आवाज दबाने का प्रयास किया जा रहा है, जबकि सरकार का दायित्व जनता की बात सुनना और उनकी समस्याओं का समाधान करना है।

# नीट और यूपी एसआई में सफल मेधावी सम्मानित

## पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह वर्मा ने बढ़ाया हौसला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**महमूदाबाद-सीतापुर।** नगर की ओम विहार कॉलोनी में आयोजित एक भव्य समारोह के दौरान उन ग्रामीण छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपनी कड़ी मेहनत और अटूट लगन के बल पर राष्ट्रीय और राज्य स्तर की प्रतिष्ठित परीक्षाओं में शानदार सफलता हासिल की है। इस विशेष आयोजन का मुख्य उद्देश्य सुदूर ग्रामीण अंचलों से ताल्लुक रखने वाले उन युवाओं की प्रतिभा को मंच देना था, जिन्होंने संसाधनविहीन माहौल में भी अपनी मंजिल को पाकर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। समारोह के मुख्य अतिथि एवं प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री नरेंद्र सिंह वर्मा ने सभी सफल अभ्यर्थियों को अंगवस्त्र व प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनके उज्ज्वल और मंगलमय भविष्य की कामना की। अपने संबोधन में उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आज के दौर में ग्रामीण परिवेश के युवा अपनी छिपी हुई प्रतिभा और अटूट संकल्प शक्ति के सहारे बड़े-बड़े मुकाम हासिल कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इन मेधावियों की सफलताएं महमूदाबाद ही नहीं, बल्कि संपूर्ण सीतापुर जनपद के युवाओं के लिए एक मजबूत प्रेरणास्त्रोत हैं। इस कार्यक्रम में सम्मानित होने वाले प्रमुख मेधावी, उत्तर प्रदेश पुलिस उपनिरीक्षक परीक्षा में चयनित मुस्कान वर्मा निवासिनी कंजाभारी व दामिनी वर्मा निवासिनी आजीमाबाद व नीट परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले ज्ञानेंद्र वर्मा निवासी घूरीपुर, अंशिमा सिंह निवासिनी शेखपुर बिलौली, शिखर सिंह निवासी जरावन, पीयूष वर्मा निवासी शिवपुर देवरिया, रिंकू यादव निवासी रामपुर मथुरा, आदित्य वर्मा निवासी शुकालीपुर, जोगेंद्र प्रताप सिंह निवासी अहिबनपुर व अनूप कुमार निवासी गोड़ैचा रहे। इस प्रेरणादायक आयोजन की रूपरेखा और प्रबंधन डॉ. अखिलेश, आलोक वर्मा 'आजाद', डॉ. अशोक वर्मा और रवि वर्मा (जेम्स एग्रो) द्वारा संयुक्त रूप से तैयार की गई थी। कार्यक्रम का सुचारू एवं ऊर्जावान संचालन जाने-माने शिक्षक और समाजसेवी आलोक वर्मा 'आजाद' ने किया। समारोह की गरिमा बढ़ाने के लिए क्षेत्र के कई प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों के प्रबंधक और शिक्षाविद् विशेष रूप से उपस्थित रहे। इनमें सरदार सिंह कॉन्वेंट इंटर कॉलेज के प्रबंधक अजय वर्मा, पंडित संतोषी लाल इंटर कॉलेज के प्रबंधक चंद्रभूषण शुक्ला, दिनेश विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के अंकित वर्मा, और सीता इंटर कॉलेज के उपप्रधानाचार्य यशपाल वर्मा प्रमुख रूप से शामिल रहे। इसके अलावा चिकित्सा जगत से डॉ. अंकित वर्मा रामा हॉस्पिटल, पत्रकारिता क्षेत्र से वरिष्ठ पत्रकार एवं पत्रकार संघ के अध्यक्ष अनुज कुमार जैन, वरिष्ठ अधिवक्ता व पत्रकार संतोष पांडे, इरफान मंसूरी, अब्दुल्ला खान और अनुज शुक्ला सहित तमाम गणमान्य नागरिक व प्रबुद्ध जन उपस्थित रहकर विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते नजर आए।

# 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान को मिला जनसमर्थन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मोहनलालगंज, लखनऊ।** पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सेवा के उद्देश्य से सावी वेलफेयर सोसाइटी द्वारा संचालित 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के द्वितीय एवं तृतीय चरण का आयोजन गुरुवार को मोहनलालगंज विकास खंड की ग्राम पंचायत दयालपुर एवं रामपुर गढ़ी जमुनी में उत्साहपूर्वक किया गया। अभियान के तहत संस्था ने एक हजार पौधे लगाने के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए दोनों ग्राम पंचायतों में बड़ी संख्या में छायादार, फलदार एवं औषधीय पौधों का रोपण कराया। इस दौरान श्रमिकों के बीच भोजन वितरण कर सामाजिक सरोकारों का भी संदेश दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोहनलालगंज ब्लॉक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला (विन्धेश्वरी) ने स्वयं पौधारोपण कर अभियान में भागीदारी निभाई तथा श्रमिकों को भोजन वितरित किया। उन्होंने कहा कि पेड़ केवल पर्यावरण की रक्षा नहीं करते, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के स्वस्थ एवं सुरक्षित भविष्य की नींव भी रखते हैं। यदि प्रत्येक व्यक्ति अपनी माँ के नाम एक पौधा लगाकर उसके संरक्षण का संकल्प ले, तो यह अभियान जनआंदोलन का रूप ले सकता है। उन्होंने बढ़ते प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग के दौर में वृक्षारोपण को समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बताते हुए सभी से पौधे लगाने के साथ-साथ उनकी देखभाल करने का आह्वान किया। अभियान के अंतर्गत नीम, पीपल, बरगद, आंवला, जामुन सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि पौधारोपण केवल औपचारिकता नहीं है, बल्कि लगाए गए प्रत्येक पौधे की नियमित देखभाल और संरक्षण की भी व्यवस्था की जाएगी, ताकि अभियान का उद्देश्य पूर्ण रूप से सफल हो सके। सावी वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष एडवोकेट गौरव सिंह ने कहा कि संस्था पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्व निभाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के माध्यम से लोगों को अपनी माँ के सम्मान में पौधा लगाने और उसकी देखभाल करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, जिससे पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़े। संस्था के सचिव नीरज मिश्रा ने बताया कि अभियान में स्थानीय ग्रामीणों, युवाओं और स्वयंसेवकों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी निभाई। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में भी संस्था विभिन्न ग्राम पंचायतों में वृक्षारोपण अभियान जारी रखेगी। कार्यक्रम के दौरान श्रमिकों के बीच भोजन वितरण भी किया गया, जिसकी उपस्थित लोगों ने सराहना की।

## लखनऊ में नगर निगम का अतिक्रमण विरोधी अभियान, दो जोनों से हटे अवैध कब्जे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** शहर में बढ़ते अतिक्रमण और यातायात बाधाओं को देखते हुए नगर निगम ने गुरुवार को दो जोनों में सघन अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया। नगर आयुक्त गौरव कुमार के निर्देश पर की गई इस कार्रवाई में कई स्थायी और अस्थायी अतिक्रमण हटाए गए तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों से शमन शुल्क भी वसूला गया। नगर निगम की टीम ने जोन-1 के अंतर्गत हजरतगंज स्थित नरही सब्जी मंडी, शहीद स्मारक, मूंगफली मंडी और कैसरबाग सब्जी मंडी क्षेत्र में अभियान चलाया। इस दौरान सड़क और सार्वजनिक स्थानों पर किए गए स्थायी एवं अस्थायी अतिक्रमण हटाए गए। कैसरबाग सब्जी मंडी के पास बने पक्के चबूतरे को भी ध्वस्त किया गया, जिससे यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने में मदद मिली। यह अभियान जोनल अधिकारी ओम प्रकाश सिंह, डी.एस. डूबे और जेई. ईटीएफ. के नेतृत्व में चलाया गया। कार्रवाई के दौरान नगर निगम के प्रवर्तन दल और सुरक्षा कर्मी भी मौजूद रहे। जोन-5 के अंतर्गत गिन्दन खेड़ा मोड़ से अमौसी मेट्रो स्टेशन तक विशेष अभियान चलाकर अवैध अतिक्रमण हटाए गए। इस दौरान सात ठेले, तीन गुमटियां और चार अवैध काउंटर हटाए गए। अतिक्रमणकारियों को दोबारा सार्वजनिक स्थलों पर कब्जा न करने की चेतावनी भी दी गई।

# संपादकीय

## कब मिलेगी आतंकवाद से राहत ?

जम्मू-कश्मीर एक बार फिर आतंकवाद की दर्दनाक सच्चाई का सामना कर रहा है। अनंतनाग में पुलिसकर्मी पर हुए ताजा आतंकी हमले ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वर्षों से चल रहे सुरक्षा अभियानों, आतंकियों के सफाए और सीमा पर कड़ी निगरानी के बावजूद आतंकवाद पूरी तरह समाप्त नहीं हुआ है। जब भी ऐसा हमला होता है, पूरा देश यह सवाल पूछता है कि आखिर जम्मू-कश्मीर को आतंकवाद से स्थायी राहत कब मिलेगी? हाल के वर्षों में सुरक्षा बलों ने आतंकवाद के खिलाफ उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। अनेक बड़े आतंकी कमांडर मारे गए, घुसपैठ की कई कोशिशें नाकाम हुईं और आतंकी संगठनों के नेटवर्क को लगातार कमजोर किया गया। हाल ही में सुरक्षा बलों ने एक बड़े आईईडी हमले की साजिश भी विफल की थी, जिससे कई लोगों की जान बच सकी। लेकिन दूसरी ओर यह भी सच है कि आतंकवादी संगठन अपनी रणनीति बदल चुके हैं। अब वे बड़े हमलों की बजाय छोटे, लक्षित और अचानक होने वाले हमलों को अंजाम देते हैं। पुलिसकर्मियों, सुरक्षाबलों, स्थानीय नागरिकों या पर्यटकों को निशाना बनाकर वे भय का माहौल बनाने की कोशिश करते हैं। अनंतनाग की घटना इसी बदलती रणनीति का उदाहरण मानी जा रही है। सबसे बड़ी चुनौती सीमा पार से मिलने वाला समर्थन है। भारत लगातार अंतरराष्ट्रीय मंचों पर यह मुद्दा उठाता रहा है कि सीमा पार से आतंकवाद को बढ़ावा दिया जाता है। हाल के दिनों में भी भारत ने संयुक्त राष्ट्र में सीमा पार आतंकवाद पर कड़ा रुख दोहराया है। हालांकि केवल सीमा पार की गतिविधियों को रोकना ही पर्याप्त नहीं है। आतंकवाद का स्थानीय समर्थन तंत्र भी एक बड़ी चुनौती है। इसी कारण हमले के बाद जम्मू-कश्मीर पुलिस ने कई जिलों में व्यापक अभियान चलाकर बड़ी संख्या में संदिग्ध ओवरग्राउंड वर्कर्स से पूछताछ की। सुरक्षा एजेंसियों का मानना है कि आतंकवाद केवल हथियारों से नहीं, बल्कि उसके स्थानीय नेटवर्क को तोड़कर ही समाप्त किया जा सकता है। सरकार की नीति 'जीरो टॉलरेंस' की रही है। हाल में केंद्र सरकार ने आतंकवाद से जुड़े कई संगठनों और व्यक्तियों को गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत आतंकवादी घोषित किया है, ताकि उनकी वित्तीय, कानूनी और संगठनात्मक गतिविधियों पर और प्रभावी कार्रवाई की जा सके। इसके बावजूद केवल सैन्य कार्रवाई ही स्थायी समाधान नहीं हो सकती। जम्मू-कश्मीर में शांति तभी स्थायी होगी जब सुरक्षा के साथ-साथ शिक्षा, रोजगार, निवेश, पर्यटन और युवाओं के लिए सकारात्मक अवसरों का विस्तार होगा। स्थानीय लोगों का विश्वास, बेहतर प्रशासन और विकास भी उतने ही महत्वपूर्ण हैं जितने सुरक्षा अभियान। यह भी ध्यान रखना होगा कि घाटी के अधिकांश नागरिक शांति चाहते हैं। आतंकवाद से सबसे अधिक नुकसान वहीं के आम लोगों को उठाना पड़ता है। व्यापार प्रभावित होता है, पर्यटन पर असर पड़ता है, बच्चों की पढ़ाई बाधित होती है और सामान्य जीवन असुरक्षा के माहौल में घिर जाता है। आज आवश्यकता इस बात की है कि सुरक्षा एजेंसियों, स्थानीय प्रशासन और जनता के बीच समन्वय और मजबूत हो। आधुनिक तकनीक, बेहतर खुफिया तंत्र, सीमा प्रबंधन और आतंकी वित्तपोषण पर कठोर कार्रवाई के साथ-साथ युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ने की नीति को भी समान प्राथमिकता दी जाए। आखिरकार, जम्मू-कश्मीर में स्थायी शांति केवल आतंकियों के खात्मे से नहीं, बल्कि उस सोच के समाप्त होने से आएगी जो आतंकवाद को जन्म देती है या उसे सहारा देती है। जब सुरक्षा, विकास, विश्वास और लोकतांत्रिक भागीदारी एक साथ आगे बढ़ेंगे, तभी घाटी को आतंकवाद से वास्तविक और स्थायी राहत मिल सकेगी।

राजीव शुक्ला -(संपादक)




**मेष**- मेष आज आपके मन में कई नई योजनाएं जन्म ले सकती हैं और आप उन्हें अमल में लाने की दिशा में गंभीरता से विचार करेंगे। कार्यक्षेत्र में आपकी सक्रियता बढ़ेगी और नए अवसर भी सामने आ सकते हैं। आर्थिक मामलों में निवेश से लाभ मिलने की संभावना है, लेकिन किसी भी निर्णय से पहले पूरी जानकारी अवश्य प्राप्त करें। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही नुकसान पहुंचा सकती है, इसलिए दिनचर्या संतुलित रखें। परिवार का सहयोग मिलने से आत्मविश्वास मजबूत रहेगा।

**वृषभ**-आज आपके रुके हुए कार्यों को गति मिलने के संकेत हैं। जिन योजनाओं के लिए संसाधनों की कमी महसूस हो रही थी, उनमें अब राहत मिल सकती है। आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर होगी और मन में संतोष बना रहेगा। जीवनसाथी या प्रियजन के साथ बिताया गया समय रिश्तों को और मजबूत करेगा। हालांकि छोटी-छोटी बातों पर विवाद करने से बचें, क्योंकि इससे मानसिक तनाव बढ़ सकता है।

**मिथुन**-आज पुराने मामलों या साझेदारी से जुड़े विषय दोबारा सामने आ सकते हैं, जिनका शांतिपूर्वक समाधान निकालना बेहतर रहेगा। अविवाहित लोगों के लिए अच्छे रिश्ते आने की संभावना है। अचानक यात्रा का कार्यक्रम भी बन सकता है, जो भविष्य में लाभदायक सिद्ध होगा। कार्यक्षेत्र में नए संपर्क बनने से आने वाले समय में प्रगति के रास्ते खुल सकते हैं।

**कर्क**-आज आपकी सूझबूझ और समझदारी से कई कठिन समस्याओं का समाधान निकल सकता है। विरोधी चाहकर भी आपका नुकसान नहीं कर पाएंगे। कार्यस्थल पर आपकी बात को महत्व मिलेगा और नई जिम्मेदारियां मिलने की संभावना है। परिवार में भी आपकी सलाह को सम्मान मिलेगा। आर्थिक मामलों में संतुलन बनाए रखने से लाभ होगा।

**सिंह**-आज कार्यक्षेत्र में आपकी जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं। कई महत्वपूर्ण काम एक साथ आने से व्यस्तता बनी रहेगी। सफलता पाने के लिए सहयोगियों के साथ तालमेल बनाकर चलना आवश्यक होगा। जल्दबाजी या अत्यधिक आक्रामक रवैया नुकसान पहुंचा सकता है। धैर्य और संयम के साथ किए गए प्रयास अपेक्षा से बेहतर परिणाम देंगे।

**कन्या**-आज किसी महत्वपूर्ण लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए आपको मेहनत करनी पड़ सकती है, लेकिन अंत में सफलता मिलने की पूरी संभावना रहेगी। संपत्ति या पारिवारिक मामलों से जुड़ा कोई विवाद सामने आ सकता है, जिसे समझदारी से सुलझाने का प्रयास करें। प्रेम संबंधों में साथी की भावनाओं का सम्मान करना रिश्तों को मजबूत बनाएगा। विद्यार्थियों के लिए भी दिन सकारात्मक रहेगा।

**तुला**-आज चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी आपकी शांत वाणी और संतुलित व्यवहार आपको लाभ दिलाएगा। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को साक्षात्कार में सफलता मिलने के संकेत हैं। व्यापार से जुड़े लोगों की यात्राएं लाभदायक सिद्ध हो सकती हैं। आर्थिक मामलों में नए अवसर प्राप्त होंगे और आत्मविश्वास में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक**-आज का दिन उत्साह और नई संभावनाओं से भरपूर रहेगा। मनोरंजन और सामाजिक गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिलेगा। व्यापार में सामने आने वाले नए अवसरों का पूरा लाभ उठाने का प्रयास करें। कार्यक्षेत्र में आपकी कार्यशैली की सराहना होगी और वरिष्ठ अधिकारियों का सहयोग भी प्राप्त होगा।

**धनु**-आज आपके विरोधी सक्रिय रह सकते हैं, लेकिन आपकी दृढ़ता और आत्मविश्वास के सामने उनकी कोशिशें सफल नहीं होंगी। व्यापार में नए अनुबंध या समझौते के लिए अधिक मेहनत करनी पड़ेगी। प्रेम संबंधों में मधुरता बनी रहेगी और प्रियजन से मुलाकात मन को प्रसन्न करेगी। आर्थिक स्थिति धीरे-धीरे मजबूत होती दिखाई देगी।

**मकर**-आज आपकी मेहनत का उचित परिणाम मिलने के संकेत हैं। शिक्षा, शोध और ज्ञान से जुड़े लोगों को विशेष उपलब्धि मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी और वरिष्ठ अधिकारियों का विश्वास भी मजबूत होगा। अनावश्यक कार्यों में समय और ऊर्जा व्यर्थ करने से बचें। परिवार का सहयोग आपको नई ऊर्जा देगा।

**कुंभ**-आज आपकी महत्वाकांक्षाओं को नई दिशा मिल सकती है। परिवार में आपका प्रभाव और सम्मान बढ़ेगा। संतान से जुड़े मामलों में बातचीत करते समय धैर्य बनाए रखें। पुराने निवेशों की समीक्षा करना लाभदायक सिद्ध हो सकता है। कार्यक्षेत्र में नई योजनाओं पर काम शुरू करने के लिए समय अनुकूल रहेगा।

**मीन**-आज उच्च अधिकारियों का विश्वास आपके पक्ष में रहेगा और कार्यक्षेत्र में आपकी जिम्मेदारियां बढ़ सकती हैं। नेतृत्व क्षमता का प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा। लेखन, शिक्षा, शोध और ज्ञान से जुड़े क्षेत्रों में कार्य करने वालों को विशेष लाभ मिलने की संभावना है।

# गाज़ियाबाद की नीतू कुंडू को मिली आत्मनिर्भरता की संजीवनी

उत्तर प्रदेश में प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर अभियान संचालित किए जा रहे हैं। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से गाँव-गाँव तक आत्मनिर्भरता की अलख जगी है, जिससे प्रदेश की लाखों महिलाओं के जीवन स्तर में अप्रत्याशित और सकारात्मक बदलाव देखने को मिल रहे हैं। ग्रामीण महिलाओं को आजीविका के स्थायी अवसरों से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाना प्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। इसी कड़ी में राज्य के विभिन्न जिलों में गठित लाखों स्वयं सहायता समूह (एसएचजी) आज ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूत धुरी बनकर उभर रहे हैं। इन समूहों से जुड़कर महिलाएँ न केवल अपनी बचत बढ़ा रही हैं, बल्कि सूक्ष्म उद्यम स्थापित कर स्वावलंबन की नई गाथा लिख रही हैं। स्वावलंबी महिलाओं की ऐसी ही एक प्रेरणादायक कहानी ग्राम मोहम्मदपुर धैदा की निवासी नीतू कुंडू की है, जो 'पार्वती महिला ग्राम संगठन' और 'महिला शक्ति क्लस्टर, धैदा' से जुड़ी हुई हैं। एक समय ऐसा था जब साधारण ग्रामीण परिवार से ताल्लुक रखने वाली नीतू कुंडू के समक्ष पारिवारिक आर्थिक तंगी और दैनिक खर्चों को पूरा करना एक बड़ी चुनौती बनी हुई थी। परंतु उन्होंने विपरीत परिस्थितियों के आगे हार मानने के बजाय अपनी स्थिति को बदलने का दृढ़ संकल्प लिया। वर्ष 2021 में राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत संचालित 'राधिका स्वयं सहायता समूह' से जुड़कर नीतू कुंडू ने अपने जीवन में स्वावलंबन का एक नया अध्याय प्रारंभ किया। समूह की बैठकों में नियमित सहभागिता और वित्तीय अनुशासन सीखने के उपरांत उनके भीतर छोटी-छोटी बचत करने, आत्मनिर्भर बनने और स्वरोजगार स्थापित करने के प्रति अभूतपूर्व आत्मविश्वास जागृत हुआ। इसी दौरान कृषि विज्ञान केंद्र और जिला प्रशासन के संयुक्त तत्त्वावधान में आयोजित कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रमों के तहत नीतू कुंडू को खाद्य प्रसंस्करण/विशेषकर स्वादिष्ट अचार एवं मुरब्बा निर्माण का व्यावसायिक प्रशिक्षण प्राप्त करने का अवसर मिला। इस प्रशिक्षण में उन्होंने पूरी निष्ठा के साथ वैज्ञानिक एवं स्वच्छ विधियों से खाद्य सामग्री तैयार करने, उनकी बेहतर पैकेजिंग और गुणवत्ता नियंत्रण की बारीकियों को सीखा। प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात उन्होंने अपने गृह स्तर से ही छोटे पैमाने पर अचार एवं मुरब्बा बनाने का व्यवसाय प्रारंभ किया। प्रारंभिक अवस्था में संसाधनों की सीमितता के बावजूद उन्होंने अपने निर्मित उत्पादों की शुद्धता, प्रामाणिकता और विशिष्ट स्वाद पर विशेष ध्यान केंद्रित किया। उनके इस समर्पण और गुणवत्तापूर्ण दृष्टिकोण के चलते शीघ्र ही उनके उत्पादों की मांग केवल उनके गाँव तक सीमित न रहकर आसपास के संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्रों में फैलने लगी। स्वयं सहायता समूह के निरंतर संबल, मार्गदर्शन और प्रदेश सरकार द्वारा प्रदान की गई वित्तीय एवं तकनीकी सुविधाओं के बल पर नीतू कुंडू का यह लघु प्रयास आज एक अत्यंत सफल और लाभदायक व्यावसायिक उद्यम का रूप ले चुका है। आज उनकी मासिक आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिससे वे न केवल अपने परिवार को सुदृढ़ आर्थिक आधार प्रदान करने में सफल हुई हैं, बल्कि अपने और अपने परिवार के सपनों को भी साकार कर रही हैं। वर्तमान समय में नीतू कुंडू क्षेत्र की अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणापुंज भी हैं। वे अपने गाँव तथा आसपास के क्षेत्रों की महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जुड़ने, सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने तथा वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर बनने के लिए निरंतर जागरूक एवं प्रेरित कर रही हैं। उनका मानना है कि शासन और जिला प्रशासन के सहयोग तथा व्यक्तिगत इच्छाशक्ति के समन्वय से कोई भी महिला कठिन से कठिन चुनौती को पार कर सकती है। नीतू कुंडू जैसी लाखों महिलाओं की सफलता की यह कहानी उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में किए जा रहे अभूतपूर्व और दूरगामी प्रयासों का प्रत्यक्ष प्रमाण है। राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं ने ग्रामीण अंचल की महिलाओं को आर्थिक सुरक्षा, सामाजिक प्रतिष्ठा और प्रबंधकीय दक्षता प्रदान करने में महती भूमिका निभाई है। प्रदेश सरकार द्वारा प्रारंभ की गई 'बी.सी. सखी' (बैंकिंग करेस्पॉन्डेंट सखी) योजना ने राज्य की ग्रामीण बैंकिंग प्रणाली में एक नई क्रांति का सूत्रपात किया है। स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी शिक्षित एवं प्रशिक्षित महिलाएँ अब गाँव-गाँव और घर-घर जाकर ग्रामीणों को त्वरित, पारदर्शी एवं सुलभ वित्तीय सेवाएँ उपलब्ध करा रही हैं। इससे न केवल महिलाओं को नियमित आजीविका प्राप्त हो रही है, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल वित्तीय समावेशन को भी अभूतपूर्व गति मिली है। इसके साथ ही सार्वजनिक वितरण प्रणाली को अधिक पारदर्शी एवं सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार द्वारा सरकारी राशन की दुकानों (कोटे की दुकानों) के संचालन का दायित्व भी स्वयं सहायता समूहों की सक्षम महिलाओं को सौंपा जा रहा है। महिला समूहों द्वारा पूरी निष्ठा, ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ खाद्यान्न वितरण का कार्य संचालित किया जा रहा है, जिसने महिलाओं की उत्कृष्ट प्रबंधकीय और प्रशासनिक क्षमताओं को संपूर्ण समाज के सामने सिद्ध किया है। बाल विकास एवं पुष्टाहार कार्यक्रम के अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से वितरित किए जाने वाले 'टेक होम राशन' (पोषाहार) के निर्माण एवं आपूर्ति की कमान भी अब राज्य सरकार द्वारा महिला समूहों को सौंपी जा रही है। प्रदेश के विभिन्न जनपदों में स्थापित की जा रही आधुनिक सूक्ष्म पोषाहार निर्माण इकाइयों के माध्यम से जहाँ एक ओर कुपोषण के विरुद्ध अभियान को नई ऊर्जा मिली है, वहीं दूसरी ओर हज़ारों ग्रामीण महिलाओं के लिए स्थानीय स्तर पर स्थायी रोजगार के द्वार खुले हैं। 'एक जनपद-एक उत्पाद' (ओडीओपी) योजना के माध्यम से स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को स्थानीय हस्तशिल्प, पारंपरिक कलाओं और स्थानीय कृषि उत्पादों के संवर्धन एवं विपणन से जोड़ा गया है। इसके अतिरिक्त प्रदेश सरकार तथा केंद्र सरकार के सहयोग से आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय, राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय मेलों, प्रदर्शनी उत्सवों तथा ई-

**प्रशिक्षण प्राप्त करने के पश्चात उन्होंने अपने गृह स्तर से ही छोटे पैमाने पर अचार एवं मुरबा बनाने का व्यवसाय प्रारंभ किया। प्रारंभिक अवस्था में संसाधनों की सीमितता के बावजूद उन्होंने अपने निर्मित उत्पादों की शुद्धता, प्रामाणिकता और विशिष्ट स्वाद पर विशेष ध्यान केंद्रित किया। उनके इस समर्पण और गुणवाापूर्ण दृष्टिकोण के चलते शीघ्र ही उनके उत्पादों की मांग केवल उनके गाँव तक सीमित न रहकर आसपास के संपूर्ण ग्रामीण क्षेत्रों में फैलने लगी। स्वयं सहायता समूह के निरंतर संबल, मार्गदर्शन और प्रदेश सरकार द्वारा प्रदान की गई विीय एवं तकनीकी सुविधाओं के बल पर नीतू कुंडू का यह लघु प्रयास आज एक अत्यंत सफल और लाभदायक व्यावसायिक उद्यम का रूप ले चुका है। आज उनकी मासिक आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिससे वे न केवल अपने परिवार को सुदृढ़ आर्थिक आधार प्रदान करने में सफल हुई हैं, बल्कि अपने और अपने परिवार के सपनों को भी साकार कर रही हैं।**

कॉमर्स प्लेटफॉर्मों के माध्यम से इन महिला समूहों द्वारा निर्मित सामग्रियों को बड़े बाजारों से जोड़ा जा रहा है। उत्तर प्रदेश सरकार ग्रामीण महिलाओं के समग्र एवं सर्वांगीण विकास, उन्हें वित्तीय सुरक्षा का वातावरण प्रदान करने तथा वित्तीय साक्षरता को जन-जन तक पहुँचाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के व्यापक विस्तार और उसमें महिलाओं की निरंतर बढ़ती भागीदारी इस बात की स्पष्ट साक्षी है कि उत्तर प्रदेश में विकास और नारी सशक्तिकरण की एक ऐतिहासिक गाथा लिखी जा रही है। शासन और जिला प्रशासन की दूरदर्शी नीतियों, निरंतर प्रोत्साहन और बुनियादी सुविधाओं की सुलभ उपलब्धता के कारण आज उत्तर प्रदेश की ग्रामीण महिलाएँ केवल अपने परिवार का ही सहारा नहीं बन रही हैं, अपितु राज्य की प्रगतिशील अर्थव्यवस्था में भी अपनी प्रभावी एवं अतुलनीय भागीदारी सुनिश्चित कर रही हैं। आर्थिक स्वावलंबन के साथ-साथ स्वयं सहायता समूहों ने ग्रामीण क्षेत्रों में एक गहरा सामाजिक और सांस्कृतिक बदलाव भी प्रेरित किया है। आत्मनिर्भर बनीं महिलाएं आज शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और पोषण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर ग्रामीण समाज को जागरूक करने का नेतृत्व कर रही हैं। समूहों से जुड़ी महिलाओं की पारिवारिक आय बढ़ने से उनके बच्चों को बेहतर शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त हो रही हैं, जिससे आने वाली पीढ़ी का भविष्य सुरक्षित हो रहा है। स्थानीय पंचायती राज व्यवस्था और ग्राम विकास की योजनाओं में भी स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं की सक्रिय भागीदारी ने शासन और प्रशासन को गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ग्राम सभा की बैठकों में महिलाओं की मुखर उपस्थिति और विकास कार्यों में उनकी सहभागिता ने ग्रामीण लोकतंत्र को अधिक समावेशी, संवेदनशील और उत्तरदायी बनाया है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न केंद्रीय और राज्य स्तरीय जनकल्याणकारी योजनाओं का राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के साथ किया गया अभिसरण (कन्वर्जेन्स) ग्रामीण विकास को एक समग्र गति प्रदान कर रहा है। मनरेगा, स्वच्छ भारत मिशन और जन-धन योजना जैसी पहलों के साथ तालमेल स्थापित कर ग्रामीण परिवारों को सर्ण्वांगीण सुरक्षा और स्वावलंबन का मजबूती से अवसर दिया जा रहा है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम) ग्रामीण उत्तर प्रदेश के आर्थिक नवनिर्माण, महिला सशक्तिकरण और गरीबी उन्मूलन का सबसे सशक्त और पारदर्शी माध्यम बनकर उभरा है। नीतू कुंडू जैसी लाखों लाभार्थियों को स्वयं सहायता समूहों के जरिए गांवों में आई यह स्वावलंबन की क्रांति न केवल आत्मनिर्भर बना रही है, बल्कि 'अंत्योदय' के संकल्प को सिद्ध करते हुए 'नए उत्तर प्रदेश' के सर्वांगीण विकास को एक ऐतिहासिक और अभूतपूर्व गति प्रदान कर रही है।

**सूचनाधिकारी जनपद-गाज़ियाबाद/ डॉ0 सीमा गुप्ता (से0नि0 सहा0निदे0)**

# डिजिटल तकनीक से सशक्त हो रही सहकारिता, किसानों तक पहुंच रही सहकारी योजनाओं की जानकारी

उत्तर प्रदेश में सहकारिता क्षेत्र को आधुनिक, पारदर्शी और तकनीक आधारित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए लखनऊ स्थित सहकारिता भवन में उत्तर प्रदेश सहकारी डेटाबेस सेंटर की स्थापना की गई है। यह केवल एक डेटा सेंटर नहीं, बल्कि प्रदेश की लाखों सहकारी संस्थाओं और उनसे जुड़े करोड़ों किसानों को एक साझा डिजिटल मंच पर जोड़ने की अभिनव पहल है। राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस की अवधारणा को राज्य स्तर पर साकार करते हुए उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य बना है, जिसने अपना समर्पित सहकारी डेटाबेस सेंटर विकसित किया है। वर्षों तक सहकारी समितियों से संबंधित सूचनाएं अलग-अलग कार्यालयों, रजिस्टरों और अभिलेखों में बिखरी रहती थीं। किसी समिति की स्थिति, सदस्य संख्या, वित्तीय गतिविधियों अथवा योजनाओं से संबंधित जानकारी प्राप्त करने में काफी समय लगता था। इससे योजनाओं के क्रियान्वयन, निगरानी और नीति निर्माण में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। इन चुनौतियों को दूर करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने आधुनिक सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग करते हुए एकीकृत सहकारी डेटाबेस तैयार किया। उत्तर प्रदेश सहकारी डेटाबेस सेंटर में अब तक प्रदेश की बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समितियों (एम-पैक्स) तथा अन्य सहकारी समितियों का व्यापक डिजिटल डेटा संकलित किया जा चुका है। इसके साथ ही प्रदेश की शीर्ष सहकारी संस्थाओं तथा सहकारिता से जुड़े अन्य विभागों-जैसे गन्ना, दुग्ध, मत्स्य, उद्यान, रेशम, आवास एवं हथकरघा-से संबंधित समितियों का डेटा भी चरणबद्ध तरीके से जोड़ा जा रहा है। इस प्रकार सहकारिता क्षेत्र की समस्त महत्वपूर्ण सूचनाओं को एक ही डिजिटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध कराने की दिशा में तेजी से कार्य हो रहा है। डेटाबेस सेंटर की स्थापना से प्रदेश के दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले किसानों को भी प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है। अब सहकारी समितियों का रिकॉर्ड अधिक व्यवस्थित, अद्यतन और पारदर्शी हो गया है। योजनाओं की प्रगति की निगरानी, लाभार्थियों की पहचान, समितियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन तथा आवश्यक निर्णय पहले की तुलना में अधिक तेजी और सटीकता से लिए जा रहे हैं। इससे सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ-साथ किसानों तक सेवाओं की पहुंच भी मजबूत हुई है। डिजिटल डेटाबेस के माध्यम से सहकारिता विभाग को विभिन्न सहकारी संस्थाओं का समग्र विश्लेषण करने में सुविधा मिल रही है। किसी भी क्षेत्र में कार्यरत सहकारी समिति की जानकारी, उसकी गतिविधियां, सदस्यता, सेवाएं तथा आवश्यक आंकड़े अब एकीकृत रूप में उपलब्ध होने लगे हैं। इससे भविष्य की योजनाओं का निर्माण वास्तविक आंकड़ों के आधार पर किया जा सकेगा, जिससे संसाधनों का बेहतर उपयोग और योजनाओं का अधिक प्रभावी संचालन सुनिश्चित होगा। यह पहल सहकारिता क्षेत्र में पारदर्शिता, जवाबदेही और सुशासन को भी नई मजबूती प्रदान कर रही है। डिजिटल रिकॉर्ड होने से सूचनाओं की उपलब्धता आसान हुई है, अभिलेखों के रख-रखाव में सुधार आया है तथा निर्णय प्रक्रिया अधिक वैज्ञानिक और डेटा आधारित बन रही है। इससे सहकारी संस्थाओं की कार्यक्षमता में वृद्धि के साथ किसानों का विश्वास भी मजबूत हो रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सहकारी डेटाबेस सेंटर प्रदेश में डिजिटल परिवर्तन का एक उत्कृष्ट उदाहरण बनकर उभरा है। यह पहल केवल तकनीकी नवाचार तक सीमित नहीं है, बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने, सहकारिता आंदोलन को नई ऊर्जा देने और किसानों को समयबद्ध एवं पारदर्शी सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। आने वाले समय में जैसे-जैसे सहकारिता से जुड़े सभी विभागों और समितियों का डेटा इस प्लेटफॉर्म से जुड़ेगा, यह डेटाबेस प्रदेश के सहकारिता तंत्र को और अधिक सक्षम, प्रभावी तथा भविष्य के लिए तैयार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

**-संजय कुमार, सहायक निदेशक**

# तकनीक के बूते रोजगार की फसल



हाल के सालों में ड्रोन, एआई, सेंसर और डेटा के सहारे भारतीय कृषि पूरी तरह से बदल गई है। इसलिए यह नये युग के नये-नये कैरियर का जरिया भी बनकर उभर रही है। ऐसा ही एक नया कैरियर एग्रीटेक-बिजनेस का है, जो कि खेती और तकनीक के सुनहरे मेल से तैयार हुआ है। जैसा कि हम जानते हैं भारत दुनिया के प्रमुख कृषि प्रधान देशों में से एक है। साथ ही करोड़ों लोगों की आजीविका का जरिया खेती है। हालांकि बढ़ती आबादी, जलवायु परिवर्तन, घटते जल संसाधन और खेती की बढ़ती लागत जैसी चुनौतियों के बीच खेती आसान नहीं है। लेकिन इन्हीं सबके बीच कृषि नये आयाम भी छू रही है। खेती से जुड़ा एग्रीटेक-बिजनेस खेती के इन्हीं उभरते आयामों की एक बानगी है।एग्रीटेक का अर्थ है कृषि में आधुनिक विज्ञान और डिजिटल तकनीक का उपयोग। इसका उद्देश्य खेती को अधिक वैज्ञानिक, ज्यादा सटीक और लाभकारी बनाना है। उदाहरण के लिए ड्रोन के माध्यम से फसल की निगरानी, सेंसर के जरिये मिट्टी की नमी मापना और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के जरिये किसानों को सीधे बाजार से जोड़ना। ये गतिविधियां वास्तव में एग्रीटेक का ही हिस्सा हैं। आज की तारीख में एग्रीटेक केवल खेती तक सीमित नहीं है, इसमें बीज, उर्वरक, सिंचाई, फसल प्रबंधन, कृषि वित्त, आपूर्ति श्रृंखला, कृषि ई-कॉमर्स और खाद्य प्रसंस्करण जैसे अनेक क्षेत्र इसमें समाहित हैं। यह बिजनेस नौकरी और उद्यमिता दोनों के पर्याप्त अवसर देता है। इस क्षेत्र में कैरियर के कुछ प्रमुख विकल्प हैं- एग्रीटेक स्टार्टअप मैनेजर, प्रिसिजन फार्मिंग विशेषज्ञ, कृषि डेटा विश्लेषक, ड्रोन ऑपरेशन विशेषज्ञ, स्मार्ट सिंचाई सलाहकार , कृषि आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधक, एग्री-बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर, कृषि उत्पाद विपणन विशेषज्ञ, फार्म टेक्नोलॉजी कंसल्टेंट, एग्रीटेक उद्यमी12वीं के बाद उपयोगी पढ़ाई यदि आपने 12वीं की पढ़ाई विज्ञान, कृषि, गणित से की है, तो कुछ पाठ्यक्रमों का चयन करना फायदेमंद रहेगा। मसलन- बी.एससी (कृषि), बी.टेक (एग्रीकल्चरल इंजीनियरिंग), बी.टेक फूड टेक्नोलॉजी, बी.ए (एग्री-बिजनेस मैनेजमेंट), बी.एससी. (हॉर्टीकल्चर), ड्रोन टेक्नोलॉजी या जीआईएस के सर्टिफिकेट प्रोग्राम, एआई, डेटा एनालिटिक्स और आईओटी के जुड़े प्रशिक्षण कार्यक्रम। इसके बाद एग्री-बिजनेस, डेटा साइंस, सप्लाई चेन या रूरल मैनेजमेंट में उच्च शिक्षा लेकर विशेषज्ञता हासिल की जा सकती है। एग्रीटेक में सफलता के लिए केवल कृषि ज्ञान पर्याप्त नहीं है, कुछ अतिरिक्त कौशल भी आना आवश्यक हैं, जैसे- कृषि विज्ञान की समझ, डिजिटल तकनीकों का ज्ञान, डेटा विश्लेषण क्षमता, समस्या समाधान का कौशल, व्यवसाय और विपणन की समझ, संचार और नेतृत्व क्षमता, नई तकनीकें सीखने की क्षमता। एग्रीटेक विशेषज्ञों की मांग तेजी से बढ़ रही है। रोजगार के प्रमुख क्षेत्र हैं- एग्रीटेक स्टार्टअप, कृषि उपकरण निर्माता कंपनियां, ड्रोन सेवा प्रदाता, बीज और उर्वरक कंपनियां, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग, ई-कॉमर्स कृषि प्लेटफॉर्म, कृषि परामर्श कंपनियां, बैंक और कृषि वित्त संस्थान, सरकारी कृषि परियोजनाएं, गैर सरकारी संगठन। इसके अलावा आप अपना स्टार्टअप भी शुरू कर सकते हैं, इसकी व्यापक संभावनाएं हैं। इस क्षेत्र में शुरुआती वेतन योग्यता, कौशल और कंपनी पर निर्भर करता है। लेकिन अनुभवी पेशेवरों और विशेष तकनीकी विशेषज्ञों की मांग खूब है। यदि कोई युवा बिजनेस, ड्रोन या डेटा विश्लेषण जैसी आधुनिक तकनीकों का संयोजन सीख लेता है, तो उसके लिए कैरियर की संभावनाएं और भी मजबूत हो जाती है। अपना एग्रीटेक स्टार्टअप शुरू करने वाले युवाओं के लिए भी कृषि सेवाओं, डिजिटल सलाह, स्मार्ट सिंचाई, ड्रोन स्प्रे, फार्म मैनेजमेंट और कृषि ई-कॉमर्स जैसे क्षेत्रों में अच्छी संभावनाएं हैं।

# सैर-सपाटे का बढ़ता कारोबार नौकरी के अवसरों की है बहार



लाइफस्टाइल के रूप में अपनी मजबूत जगह बनाते पर्यटन, बढ़ते तीर्थाटन तथा आय में वृद्धि के कारण लग्जरी हॉस्पिटैलिटी की मांग ने युवाओं के लिए पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी के क्षेत्र में कैरियर के आकर्षक द्वार खोल दिए हैं। ऐसे में यदि आप नई-नई जगहों को जानने, अलग-अलग संस्कृतियों में घुलने-मिलने तथा दुनिया की विभिन्न संस्कृतियों के लोगों से संवाद करने और गतिशील वातावरण में काम करने का सपना देखते हैं तो पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी आपके लिए एक बेहतरीन कैरियर साबित हो सकता है। बता दें, यह क्षेत्र केवल होटल में नौकरी करने तक सीमित नहीं रहता बल्कि पर्यटन प्रबंधन, एयरलाइन सेवाएं, ट्रैवल प्लानिंग, क्रूज टूरिज्म, इवेंट मैनेजमेंट, एडवेंचर टूरिज्म, धार्मिक पर्यटन, वेलनेस टूरिज्म और लग्जरी रिसॉर्ट जैसे अनेक क्षेत्र इसमें शामिल हैं। तो जानिये विस्तार से कि यह क्षेत्र क्या है और इसमें किस तरह भविष्य का एक मजबूत कैरियर मौजूद है।पर्यटन का संबंध यात्राओं की योजना बनाने, पर्यटकों का मार्गदर्शन करने और पर्यटन सेवाएं उपलब्ध कराने से है। जबकि हॉस्पिटैलिटी का सीधा संबंध, अतिथि सत्कार, होटल, रिसॉर्ट, रेस्तरां, क्रूज, एयरलाइन तथा अन्य अतिथि सेवाओं के कुशल संचालन से है। इस क्षेत्र का मूल उद्देश्य पर्यटकों को सुरक्षित, आरामदायक और यादगार अनुभव उपलब्ध कराना है। यही कारण है कि तकनीकी ज्ञान के साथ-साथ व्यवहार कुशलता का भी विशेष महत्व होता है। पर्यटन और हॉस्पिटैलिटी उद्योग में अनेक प्रकार के रोजगार उपलब्ध हैं, जो कुछ इस प्रकार से हैं- होटल मैनेजर, फ्रंट ऑफिस एग्जीक्यूटिव, फूड एंड बेवरेज मैनेजर, हाउसकीपिंग प्रबंधन, ट्रैवल कंसल्टेंट, टूर मैनेजर,टूरिस्ट गाइड, एयरलाइन ग्राउंड स्टाफ, एयरपोर्ट सर्विस एग्जीक्यूटिव, क्रूज हॉस्पिटैलिटी प्रोफेशनल, इवेंट मैनेजर, डेस्टिनेशन मैनेजर, रिसॉर्ट मैनेजर, वेलनेस एंड मेडिकल टूरिज्म को-ऑर्डिनेटर, ट्रैवल कंटेंट क्रिएटर एंड डिजिटल ट्रैवल प्लानर। इस क्षेत्र में कैरियर बनाने के लिए 12वीं कक्षा पास करने के बाद निम्नलिखित पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेकर कैरियर बना सकते हैं - बैचलर इन होटल मैनेजमेंट, बी.एससी हॉस्पिटैलिटी एंड होटल एडमिनिस्ट्रेशन, बीबीए इन हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट, बीए इन ट्रैवल एंड टूरिज्म, डिप्लोमा इन होटल मैनेजमेंट, डिप्लोमा इन फूड प्रोडक्शन, डिप्लोमा इन ट्रैवल एंड टूरिज्म, एयरलाइन एंड एयरपोर्ट मैनेजमेंट से जुड़े सर्टिफिकेट प्रोग्राम।

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उस्मान एन्क्लेव, अलीगंज-लखनऊ 226024 से प्रकाशित, संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254
Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### कांग्रेस युवा के जिलाध्यक्ष सुरज यादव को दो दिन से पुलिस ने किया हाऊस अरेस्ट



**खजनी गोरखपुर-** थाना खजनी क्षेत्र अन्तर्गत झरकटा निवासी युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुरज यादव को दो दिन से खजनी पुलिस ने हाऊस अरेस्ट कर लिया इस कार्रवाई को लेकर कांग्रेसियों में बड़ी नाराजगी देखी जा रही है जिलाध्यक्ष सुरज यादव का कहना है कि आज देश में लोकतंत्र का गला घोंटा जा रहा है। कायर और डरपोक तानाशाही सरकार विपक्ष और छात्र छात्रों की आवाज से इतनी भयभीत हो चुकी है कि बिना किसी कारण मुझे और मेरे कार्यकर्ताओं को हाउस अरेस्ट किया जा रहा है। यह सिर्फ एक व्यक्ति की नजरबंदी नहीं, बल्कि संविधान, लोकतांत्रिक अधिकारों और जनता की आवाज पर हमला है। जब सरकार सवालों का जवाब नहीं दे पाती, तब पुलिस और प्रशासन का दुरुपयोग करके विपक्ष को दबाने की कोशिश करती है। हम डरने वाले नहीं हैं, झुकने वाले नहीं हैं। जनता के अधिकारों और लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रहेगा। लोकतंत्र को कैद नहीं किया जा सकता हम लोग छात्रों नौजवानो किसानो की आवाजों को हमेशा बुलन्द करेंगे नवजवान छात्रो के प्रति जब तक शिक्षा मंत्री इस्तीफा नहीं देते हैं तब यह आन्दोलन जारी रहेगा।

### सीएचओ को मिला मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने का प्रशिक्षण

**देवरिया।** स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और मातृ-शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने सीएचओ को अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने तथा स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि सीएचओ, आशा, एएनएम और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर वीएचएनडी सत्रों की नियमित निगरानी करें। गर्भवती महिलाओं की समय पर जांच, बच्चों का गुणवत्तापूर्ण टीकाकरण तथा सभी आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि योजनाओं की सही जानकारी आमजन तक पहुंचाकर अधिक से अधिक पात्र लाभार्थियों को लाभ दिलाया जाए, जिससे जनपद में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सके। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. ए.के. गुप्ता ने प्रशिक्षण में दिए गए निर्देशों का कार्यस्थल पर पालन करने पर जोर दिया। उन्होंने प्रत्येक मातृ एवं शिशु मृत्यु का ऑडिट कर कारणों का विश्लेषण करने और कमियों को दूर करने की आवश्यकता बताई। प्रशिक्षण का समन्वयन डॉ. अंकिता ने किया, जबकि टीएसयू के सतीश सिंह और जपेईगो की अंकिता सहित अन्य प्रशिक्षकों ने सीएचओ को उनके दायित्वों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी भी मौजूद रहे।

### बरहा मोहब्बतपुर मारपीट में दो नामजद समेत आधा दर्जन अज्ञात पर मुकदमा

**तिलहर, शाहजहांपुर।** बरहा मोहब्बतपुर गांव में दो पक्षों के बीच हुई खूनी मारपीट के मामले में पुलिस ने एक पक्ष की तहरीर पर दो नामजद समेत आधा दर्जन अज्ञात लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना में गंभीर रूप से घायल युवक का राजकीय मेडिकल कॉलेज में उपचार चल रहा है। पुलिस के अनुसार, घायल मुकेश की पत्नी ममता ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि बुधवार शाम करीब आठ बजे पुरानी रंजिश के चलते राजवीर सिंह, वैभव सिंह और उनके साथ आए आधा दर्जन अज्ञात लोग उनके घर पहुंचे। आरोप है कि सभी ने गाली-गलौज करते हुए घर में घुसकर हमला कर दिया। तहरीर में कहा गया है कि वैभव सिंह ने भाले से मुकेश के सिर पर वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़े। शोर सुनकर बीच-बचाव करने पहुंचे वीरपाल, अंगने और अन्य लोगों पर भी लाठी, लोहे की रॉड, भाला, कांता और बांका से हमला किया गया, जिससे उन्हें भी चोटें आईं। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद मुकेश की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। उनका इलाज जारी है। क्षेत्राधिकारी विदुष सक्सेना ने बताया कि पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर दो नामजद और आधा दर्जन अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की विवेचना की जा रही है। जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# बाढ़ खंड कार्यालय में हाईवोल्टेज बवाल

## अधिशासी अभियंता पर हमला, कर्मचारी ने लगाए उत्पीड़न के आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**गोरखपुर।** गोरखपुर के सिंचाई विभाग के बाढ़ खंड कार्यालय में गुरुवार को उस समय अफरातफरी मच गई, जब अधिशासी अभियंता (एक्सईएन) बिपिन बिहारी सिंह और विभाग के वरिष्ठ सहायक दीपक पाण्डेय के बीच विवाद हिंसक रूप ले बैठा। अधिशासी अभियंता ने आरोप लगाया है कि कर्मचारी ने कार्यालय में उनके साथ मारपीट की, जान से मारने की धमकी दी और उन्हें चोटें आईं। घटना के बाद कार्यालय में हड़कंप मच गया और कर्मचारियों व आसपास मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। अधिशासी अभियंता बिपिन बिहारी सिंह का आरोप है कि वरिष्ठ सहायक दीपक पाण्डेय लंबे समय से अभद्र व्यवहार कर रहे थे और उन्हें लगातार धमकियां दे रहे थे। उनका कहना है कि बातचीत के दौरान आरोपी ने कहा कि जरूरत पड़ने पर 15-20 लोगों को बुलाकर उन्हें आवास से उठवा लिया जाएगा। कथित तौर पर यह भी कहा गया कि 'सिक्टौर के लड़के हमारे समर्थन में हैं, सभी आ जाएंगे।' एक्सईएन का आरोप है कि इस तरह की भाषा से स्पष्ट है कि संबंधित कर्मचारी असामाजिक तत्वों का संरक्षण प्राप्त होने का दावा करता है और उसे कानून का भय नहीं है। विवाद की जड़ विभाग में लागू की जा रही ई-ऑफिस प्रणाली को बताया जा रहा है। अधिशासी अभियंता के अनुसार मुख्यमंत्री कार्यालय और प्रमुख अभियंता के निर्देशों के तहत सभी सरकारी कार्य ई-ऑफिस के माध्यम से संचालित करने तथा उसी आधार पर वेतन आहरित करने के आदेशों का पालन कराया जा रहा था। इसी व्यवस्था को लेकर वरिष्ठ सहायक नाराज चल रहे थे। आरोप है कि उन्होंने अन्य कर्मचारियों को भी उकसाया और विरोध की रणनीति बनाई। एक्सईएन का कहना है कि गुरुवार को विवाद के दौरान कार्यालय में उनके साथ धक्का-मुक्की और मारपीट की गई। उन्होंने कैंट थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। उनका आरोप है कि तहरीर देने के बावजूद समाचार लिखे जाने तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई थी। वहीं, वरिष्ठ सहायक दीपक पाण्डेय ने सभी आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि उन्हें बिना किसी ठोस कारण के निलंबित कर दिया गया है और पिछले तीन माह से वेतन भी नहीं दिया गया, जिससे परिवार का भरण-पोषण संकट में है। उन्होंने कहा कि उनका बच्चा गंभीर रूप से बीमार है और वह अपनी समस्या बताने के लिए अधिशासी अभियंता से मिलने गए थे। बातचीत के दौरान कहासुनी जरूर हुई, लेकिन मारपीट नहीं हुई। उन्होंने उल्टे अपने उत्पीड़न का आरोप लगाया है। फिलहाल मामला विभाग और पुलिस दोनों के संज्ञान में है। दोनों पक्षों के आरोपों के बाद सिंचाई विभाग में पूरे दिन इस घटना की चर्चा रही। अब सभी की निगाहें पुलिस जांच और विभागीय कार्रवाई पर टिकी हैं।

# सरयू नदी तेज बहाव में बुजुर्ग लापता

## हाथ-पैर धोते समय बुजुर्ग फिसले, तेज बहाव में लापता

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोलाबाजार गोरखपुर:** गोला नगर के पक्का घाट पर गुरुवार को सरयू नदी में हाथ-पैर धोते समय एक 76 वर्षीय बुजुर्ग फिसलकर गहरे पानी में चले गए और तेज बहाव में लापता हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एसडीआरएफ की टीम को बुलाकर नदी में तलाश अभियान शुरू कराया। देर शाम तक बुजुर्ग का कोई सुराग नहीं मिल सका था। लापता बुजुर्ग की पहचान हबीबुल्लाह (76) पुत्र दिल्ला के रूप में बताई जा रही है। परिजनों के अनुसार हबीबुल्लाह पिछले कुछ समय से अस्वस्थ चल रहे थे। वह पहले कटहल समेत अन्य सब्जियों का व्यापार करते थे और करीब तीन वर्ष पूर्व गोला मंडी में सब्जी की दुकान लगाते थे। वर्तमान में वह अधिकतर समय घर पर ही रहते थे। उनकी पत्नी की कुछ वर्ष पूर्व मौत हो चुकी है। उनके चार बेटे राजू, रियाज, इम्तियाज और इस्तखार हैं। बताया जा रहा है कि हबीबुल्लाह प्रतिदिन सुबह नाश्ता करने के बाद पक्का घाट स्थित बुर्ज पर जाकर बैठते थे। बुधवार को भी वह घाट पर पहुंचे थे। सरयू नदी का जलस्तर काफी बढ़ा हुआ है। इसी दौरान हाथ-पैर धोते समय अचानक उनका पैर फिसल गया और वह नदी के तेज बहाव में चले गए। घाट पर स्नान कर रही कुछ महिलाओं ने उन्हें नदी में डूबते देखा और शोर मचाया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एसडीआरएफ की टीम को बुलाया। टीम ने नदी में लापता बुजुर्ग की तलाश शुरू कर दी है। देर शाम तक उनका पता नहीं चल सका था। तलाश अभियान जारी है। उधर, बुजुर्ग के नदी में लापता होने की खबर से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## अधिशासी अधिकारी की नियुक्ति न होने से सफाई कर्मचारियों का दो माह का वेतन अधर में लटका

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




खजनी तहसील अन्तर्गत स्थित नगर पंचायत उनवल के अधिशासी अधिकारी संजय कुमार सरोज का स्थानांतरण दो माह पहले गैर जनपद हो जाने के कारण नगर पंचायत के बाबू सहित सफाई कर्मचारियों का वेतन अधर में लटका हुआ है तथा विकास कार्य ठप पड़ गया है । दो माह से विभागीय उपेक्षा के चलते अभी तक नगर पंचायत उनवल के अधिशासी अधिकारी की नियुक्ति नहीं हुई जिसमें इस वर्षात के मौसम में नगर पंचायत उनवल में जल निकासी की समस्या बनी हुई है और सभी विकास के कार्य ठप पड़े हुए है नगर पंचायत उनवल में कभी भी जल जनित रोगों के फैलने से इंकार नहीं किया जासकता है इधर दो माह से वेतन न मिलने के कारण सफाई कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति काफी दयनीय हो गई है बच्चो के लिए दो रोटी का संकट उत्पन्न हो गया है, जुलाई माह मैं बच्चों की शिक्षा दीक्षा पर काफी असर पड़ रहा है कॉपी किताब स्कूली ड्रेस खरीदने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है सफाई कर्मचारियों ने प्रशासन से अनुरोध किया है कि जल्द से जल्द अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत उनवल की नियुक्ति की जाय अन्यथा हम लोग सफ़ाई का कार्य ठप कर देंगे।

## घोड़ों की लडाई मे 12 वर्षीय बालक घायल, आंख में गंभीर चोट

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के सेमरपहा गांव में बृहस्पतिवार सुबह घोड़ों के आपसी झगड़े के दौरान 12 वर्षीय बालक उनकी चपेट में आ गया। एक घोड़े की लात लगने से उसकी आंख में गंभीर चोट आई। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के बाद बालक के माता पिता बेहद चिंतित हैं। गांव निवासी अजय ने बताया कि उनके चार पांच घोड़े हैं। सुबह सभी घोड़े चर रहे थे। इसी दौरान दो घोड़े आपस में लड़ने लगे। पास से गुजर रहा गांव का ही विमल उर्फ प्रांशु (12) अचानक उनकी चपेट में आ गया। एक घोड़े ने उसे जोरदार लात मार दी। इससे वह वहीं पर गिरकर अचेत हो गया। लात लगने से प्रांशु की आंख बुरी तरह घायल हो गई। परिजन फौरन उसे तांगे से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया। हालत गंभीर देखते हुए बालक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

# तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने ई-रिक्शा में मारी जोरदार टक्कर, चालक गंभीर घायल

### सीएचसी गोला से जिला अस्पताल रेफर, हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन समेत फरार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**गोरखपुर।** गोला थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर की टक्कर से ई-रिक्शा चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा गोला-बड़हलगंज मार्ग स्थित उदईपुर मोड़ पर हुआ, जहां टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ई-रिक्शा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई और स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जुट गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गुरुवार सुबह करीब 10 बजे ग्राम मेहदराव निवासी रमाकांत दुबे (44 वर्ष) पुत्र अवधनाथ दुबे अपने ई-रिक्शा से घर से गोला की ओर आ रहे थे। जैसे ही वह गोला-बड़हलगंज मार्ग पर स्थित उदईपुर मोड़ के पास पहुंचे, उसी दौरान गोला की ओर से आ रहा बिना छतरी वाला तेज रफ्तार ट्रैक्टर अचानक सामने आ गया। इससे दोनों वाहनों के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि ई-रिक्शा का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक रमाकांत दुबे गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। हादसे के तुरंत बाद ट्रैक्टर चालक मौके का फायदा उठाकर वाहन सहित फरार हो गया। दुर्घटना की आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण और राहगीर मौके पर पहुंचे। लोगों ने घायल चालक को संभाला और तत्काल एम्बुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) गोला पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी हालत गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि उदईपुर मोड़ पर अक्सर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाए जाने के कारण दुर्घटनाएं होती रहती हैं। लोगों ने इस मोड़ पर यातायात सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने और पुलिस द्वारा नियमित निगरानी की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों पर रोक लगाई जा सके। सूचना मिलने पर पुलिस मामले की जानकारी जुटाने में लगी है। फरार ट्रैक्टर चालक की तलाश शुरू कर दी गई है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और प्रत्यक्षदर्शियों के आधार पर वाहन की पहचान करने का प्रयास कर रही है। वहीं घायल के परिजनों में घटना के बाद चिंता का माहौल है।

## डीएम व एसपी ने करमेल पहुंचकर पीड़ित परिवार से की मुलाकात

### अभिषेक के पार्थिव शरीर को शीघ्र मंगाने का आश्वासन

रूद्रपुर,देवरिया। यूक्रेन के ओडेसा बंदरगाह के पास रूसी मिसाइल हमले में देवरिया जिले के गौरीबाजार थाना क्षेत्र के करमेल गांव निवासी 22 वर्षीय अभिषेक निषाद की मौत के बाद परिवार में मातम पसरा है। अभिषेक मर्चेंट नेवी में कार्यरत थे और पहली समुद्री यात्रा पर गए थे। प्रशासन ने बुधवार को अभिषेक के पिता कौशल निषाद का डीएनए टेस्ट कराया। अब ये टेस्ट रिपोर्ट दूतावास के माध्यम से अभिषेक के डीएनए से मैच कराया जायेगा।यूक्रेन के ओडेसा बंदरगाह के पास रूसी हमले में रविवार की रात अभिषेक ने इस दुनिया से अलविदा कह दिया। हमले में गोल्डन लियो जहाज पर तैनात देवरिया के भारतीय मर्चेंट नेवी नाविक अभिषेक निषाद की 19 जुलाई को मौत हो गई ।जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे। आला अधिकारियों के करमेल गांव पहुंचते ही गांव के लोग एकजुट हो गए। गांव के लोगों को लगा कि अभिषेक का मृतक शरीर वापस आ गया है। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने परिजनों को ढांढस बंधाया। अधिकारियों ने परिवार को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया तथा अभिषेक के पार्थिव शरीर को भारत लाने के लिए आवश्यक कार्रवाई में सहयोग का आश्वासन दिया। पीड़ित परिवार ने आर्थिक सहायता की मांग की।इसके पूर्व विधायक जयप्रकाश निषाद तथा पूर्व विधायक खोखा सिंह भी करमेल का दौरा कर अपनी संवेदना व्यक्त कर चुके हैं।

# अल्ट्रासाउंड व लैब जनता से वसूल रहे मोटी रकम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**खीरी ।** जिले सीएचसी रमिया बेहड के ढखेरवा क्षेत्र के आस पास ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य महकमे की मेहरबानी और लचर कार्यप्रणाली के चलते मरीजों की जान से खिलवाड़ करने वाले मौत के अड्डों का जाल लगातार फैलता जा रहा है। ताजा सनसनीखेज मामला ढखेरवा क्षेत्र के आस पास ग्रामीण इलाकों के ठीक सामने से आया है जहाँ संचालित क्लिनिक व हांस्पिटल सहित लैब और अल्ट्रासाउंड अस्पताल इन दिनों अवैध कारनामों और काले कारनामों का मुख्य गढ़ बना हुआ है। इन अवैध रूप से संचालित क्लिनिक व हांस्पिटल और अस्पताल अल्ट्रासाउंड कार्यशैली को देखकर हर कोई हैरान है दिन की रोशनी में जहाँ मरीजों की जिंदगी सौदागर सक्रिय हो जाते हैं। सुबह होते ही शुरू होता है असली खेल जिले के उच्च व ईमानदार अधिकारी का दौरा रहता है तो वहीं सीएचसी में बैठे भ्रष्ट छूट पूट कार्यकर्ता द्वारा अवैध रूप से संचालित क्लिनिक व हांस्पिटल सहित लैब अस्पतालों को पहले से सूचना दे दी जाती है और वह अपनी अपनी दुकानें बंद कर रफूचक्कर हो जाते हैंस्थानीय लोगों और पुख्ता सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक क्लिनिक व हॉस्पिटल और लैब अल्ट्रासाउंड खेल बेहद शातिराना है।दिन दोगुनी रात चौगुनी ही यहाँ संदिग्ध गतिविधियों का दौर शुरू हो जाता है। दिन के उजाले में अस्पताल व अल्ट्रासाउंड के मुख्य दरवाजे पर ताला जड़ा रहता है ताकि स्वास्थ्य विभाग या प्रशासन की नजर न पड़े लेकिन रात होते ही तीमारदारों को झांसा देकर यहाँ लाया जाता है और बंद दरवाजों के पीछे बिना मानकों बिना किसी विशेषज्ञ डॉक्टर के मरीजों का इलाज व गंभीर ऑपरेशन तक किए जा रहे हैं।

**स्वास्थ्य विभाग के दावों की उडा रहे धज्जियां**

जिले में अवैध और बिना पंजीकरण वाले अस्पतालों व अल्ट्रासाउंड पर नकेल कसने के स्वास्थ्य विभाग के बड़े-बड़े दावों की पोल इस घटना ने खोलकर रख दी है। बड़ा सवालः क्या जिम्मेदार अधिकारियों को इस बात की भनक तक नहीं है अंदेशा या फिर सब कुछ जानते हुए भी मलाईदार सांठगांठ के दम पर इस मौत की दुकान को अभयदान दिया गया है ढखेरवा क्षेत्र से लेकर आस पास ग्रामीण इलाकों में जैसी मुख्य जगहों पर जिंदगी और मौत का यह काला खेल खुलेआम चल रहा है लेकिन आलाधिकारी कुंभकर्णी नींद में सो रहे हैं।

अगर समय रहते इस फर्जी अस्पताल व क्लिनिक सहित पैथालॉजी लैब पर सील की कार्रवाई नहीं हुई तो किसी दिन यहाँ कोई बड़ी अनहोनी या दर्दनाक हादसा होना तय है। अब देखना यह दिलचस्प होगा कि इस खबर के उजागर होने के बाद लखीमपुर खीरी का बेपरवाह स्वास्थ्य महकमा हरकत में आता है और क्लिनिक व हॉस्पिटल पैथॉलाजी व अल्ट्रासाउंड को सील कर एफआईआर दर्ज कराता है या फिर इस काले कारोबार को यूँ ही फलने-फूलने की छूट मिलती रहेगी !

## पात्रों को मिले योजनाओं के स्वीकृति पत्र

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**देवरिया।** जनपद के बरहज के तहसील सभागार में गुरुवार को संस्कार, सुशासन एवं सम्मान थीम पर कल्याणकारी शिविर के आयोजन में मुख्य अतिथि विधायक दीपक मिश्र ने विभिन्न विभागों की योजनाओं के पात्र लाभार्थियों को स्वीकृति एवं प्रशिक्षण प्रमाण पत्र वितरित किए। विधायक ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ समयबद्ध और पारदर्शी ढंग से पहुंचे। उन्होंने अधिकारियों से गांव-गांव जाकर पात्र लोगों को योजनाओं से जोड़ने तथा महिलाओं, दिव्यांगों, वरिष्ठ नागरिकों और जरूरतमंद परिवारों को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। शिविर में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग ने 10 दिव्यांगजनों को पेंशन स्वीकृति पत्र, समाज कल्याण विभाग ने 15 वृद्धावस्था पेंशन लाभार्थियों, महिला कल्याण विभाग ने 10 निराश्रित महिला पेंशन एवं 10 कन्या सुमंगला योजना के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किए। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग ने 20 लाभार्थियों को 'ओ' लेवल कंप्यूटर प्रशिक्षण प्रमाण पत्र तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने 30 छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति स्वीकृति पत्र वितरित किए। शिविर में महिला सुरक्षा, मिशन शक्ति, कन्या सुमंगला, वन स्टॉप सेंटर, बाल विवाह निषेध, घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध और पॉक्सो अधिनियम सहित विभिन्न योजनाओं एवं कानूनी प्रावधानों की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में एसडीएम शशिकांत मणि सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में लाभार्थी उपस्थित रहे।

## घोड़ों की लडाई मे 12 वर्षीय बालक घायल, आंख में गंभीर चोट

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के सेमरपहा गांव में बृहस्पतिवार सुबह घोड़ों के आपसी झगड़े के दौरान 12 वर्षीय बालक उनकी चपेट में आ गया। एक घोड़े की लात लगने से उसकी आंख में गंभीर चोट आई। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के बाद बालक के माता पिता बेहद चिंतित हैं। गांव निवासी अजय ने बताया कि उनके चार पांच घोड़े हैं। सुबह सभी घोड़े चर रहे थे। इसी दौरान दो घोड़े आपस में लड़ने लगे। पास से गुजर रहा गांव का ही विमल उर्फ प्रांशु (12) अचानक उनकी चपेट में आ गया। एक घोड़े ने उसे जोरदार लात मार दी। इससे वह वहीं पर गिरकर अचेत हो गया। लात लगने से प्रांशु की आंख बुरी तरह घायल हो गई। परिजन फौरन उसे तांगे से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार किया। हालत गंभीर देखते हुए बालक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## प्रताड़ना के आरोप में पत्नी समेत पांच पर मामला दर्ज

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के पूरे तिवारी मजरे ऐहार गांव में एक युवक के फांसी लगाने का मामला सामने आया है। युवक की मां ने पत्नी समेत पांच ससुरालियों पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव निवासी रामदुलारी ने बताया कि उनका बेटा अरुण अपनी पत्नी संजू के साथ पारिवारिक विवाद से परेशान रहता था। आरोप है कि घटना से करीब एक सप्ताह पहले पत्नी संजू, ससुर सुरेश, सास तारा तथा साले कल्याण और मुलायम घर आए। सभी ने अरुण के साथ गाली गलौज की और मारपीट की। जान से मारने की धमकी भी दी। महिला का आरोप है कि इसके बाद बहू घर से जेवर, शादी का सामान, बुलेट बाइक और दो लाख रुपये नगद लेकर मायके चली गई। इससे अरुण मानसिक तनाव में रहने लगा। आरोप है कि 15 जुलाई की शाम तनाव में आकर अरुण ने फांसी लगा ली। परिजनों ने समय रहते उसे फंदे से उतार लिया और अस्पताल पहुंचाया। उसकी हालत गंभीर होने पर लखनऊ के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया।

## विपरीत परिस्थितियों में भी तिलक ने राष्ट्रहित और संस्कृति की रक्षा का दिखाया मार्ग : मान बहादुर सिंह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**देवरिया।** सरस्वती वरिष्ठ माध्यमिक विद्या मंदिर, देवरिया में गुरुवार को लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। माधव सभागार में आयोजित समारोह का शुभारंभ विद्यालय परिवार ने तिलक के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया। इस दौरान उनके राष्ट्र निर्माण में योगदान को याद किया गया। प्रधानाचार्य मान बहादुर सिंह ने कहा कि बाल गंगाधर तिलक का जीवन राष्ट्रीय स्वाभिमान, स्वदेशी चेतना और सांस्कृतिक मूल्यों की प्रखर अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी तिलक ने राष्ट्रहित और संस्कृति की रक्षा का मार्ग दिखाया। उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। उन्होंने छात्रों से महापुरुषों के जीवन से प्रेरणा लेकर राष्ट्रीय एकता, स्वदेशी भावना और भारतीय संस्कृति के संरक्षण के लिए कार्य करने का आह्वान किया। सामाजिक विज्ञान विभाग के प्रमुख अशोक यादव ने तिलक के जीवन और स्वतंत्रता आंदोलन में उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कांग्रेस के अध्यक्ष और होम रूल लीग के माध्यम से उन्होंने देश में राष्ट्रभक्ति की नई चेतना जगाई। उनका प्रसिद्ध उद्घोष, 'स्वतंत्रता हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है और हम इसे लेकर रहेंगे ', स्वतंत्रता संग्राम का प्रेरणास्रोत बना। कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र कुमार ने किया। समारोह में विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाएं और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## लाखों की लागत से बनी सहकारी संघ समिति साबित हो रही 'सफेद हाथी', किसान परेशान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सिंगाही।** सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों को समय पर खाद और उत्तम बीज उपलब्ध कराने के उद्देश्य से भले ही पानी की तरह पैसा बहाकर सहकारी संघ समितियों का निर्माण कराया जा रहा हो, लेकिन धरातल पर स्थितियां इसके बिल्कुल उलट हैं। ब्लाक निघासन के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत सिंगहा खुर्द में बनी साधन सहकारी संघ समिति आज विभागीय उदासीनता के चलते किसानों के लिए केवल एक 'सफेद हाथी' बनकर रह गई है। सिर्फ एक बार हुआ वितरण, फिर लग गया ताला स्थानीय ग्रामीणों और किसानों का आरोप है कि इस साधन सहकारी संघ समिति के नए भवन का निर्माण लगभग 5 वर्ष पहले (वर्ष 2021 के आसपास) कराया गया था। निर्माण के बाद यहां केवल एक बार ही खाद का वितरण किया गया, जिसके बाद से आज तक किसानों को यहां से किसी भी प्रकार की खाद या अन्य सुविधाएं नसीब नहीं हुई हैं। ? कर्मचारी तैनात, फिर भी व्यवस्था ठप, हैरानी की बात यह है कि करीब 5 साल पहले इस समिति पर सुचारू संचालन के लिए कर्मचारियों की तैनाती भी कर दी गई थी। लेकिन इतने लंबे समय से नियमित और सक्रिय संचालन में आ रही रुकावटों के कारण किसानों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है । कर्मचारी की तैनाती होने के बावजूद सहकारी संघ समिति में ताला लगा होने के कारण किसानों को मजबूरन निजी दुकानों से महंगे दामों पर खाद खरीदनी पड़ रही है। सोसायटी की इस बदहाली को लेकर क्षेत्र के किसानों में अलग-अलग राय और गहरा आक्रोश है। किसानों का कहना है कि सरकार गांव-गांव करोड़ों रुपये खर्च कर इमारतों का ढांचा तो खड़ा कर देती है और कागजों पर लोग कार्यरत भी हो जाते हैं, लेकिन जिस मुख्य उद्देश्य (खाद-बीज वितरण) के लिए यह सब किया जाताउ है, उसका सीधा लाभ अन्नदाता तक नहीं पहुंच पाता। किसानों ने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि सिंगहा खुर्द की इस सहकारी संघ समिति को अविलंब सक्रिय किया जाए ताकि उन्हें समय से खाद मिल सके और भटकना न पड़े। इस सम्बंध में सहायक विकास अधिकारी (A.D.O)राकेश कुमार वर्मा से फोन पर बात हुई तो उन्होंने बताया कि सहकारी संघ में लिमिट न होने के कारण खाद नही आ पा रही है। किसानों का क्या कहना है, किसान श्याम मोहन दीक्षित का कहना है, कि सहकारी संघ बंद होने से किसानों को समय पर सरकारी दरों पर यूरिया, डीएपी और उन्नत बीज नही मिल पाते, जिससे उन्हें खुले बाजार से महंगे दामों पर इन्हें खरीदना पड़ता है। किसान गुरु प्रसाद तिवारी का कहना है कि सहकारी संघ बंद होने से समय पर खाद बीज न मिलने से फसल की बुवाई में देरी होती है, जिसका सीधा असर फसल के उत्पादन और किसानों की कुल आय पर पड़ता है। किसान रविन्द्र कुमार त्रिवेदी का कहना है कि बड़े और सम्रद्ध किसान तो दूर दराजों से खाद बीज का इंतजाम कर लेते हैं, लेकिन छोटे और सीमांत किसान को सहकारी संघ बंद होने से सबसे बड़ा नुकसान होता। किसान वीरेंद्र निषाद का कहना है कि सम्पूर्ण गांव बीके किसान दलगत राजनीति से ऊपर उठकर एक सुर में विरोध करें तभी सोए हुए प्रशासन की आंख खुलेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### पेपर लीक के विरोध में युवाओं ने की केन्द्रीय शिक्षा मन्त्री के त्याग - पत्र की मांग , रोड मार्च निकाला



**बरेली/नवाबगंज।** नीट पेपर लीक को लेकर युवाओं में आक्रोश बढ़ता जा रहा है । इन युवाओं ने नगर मे शान्ति मार्च निकाल कर राष्ट्रपति को सम्बोधित 6 सूत्रीय मांग पत्र तहसीलदार को सौंप कर केन्द्रीय शिक्षा मन्त्री धर्मेन्द्र प्रधान के त्याग पत्र की मांग की । प्रदर्शनकारियों ने पेपर लीक से आहत होकर आत्म हत्या करने वाले परीक्षार्थियों के परिजनों को एक - एक करोड़ का मुआवजा व परिवार के एक व्यक्ति को सरकारी सेवा में लिए जाने की मांग के साथ ही प्राथमिक शिक्षको की भर्ती तथा लोअर पीसीएस पेट की कट आफ 60 अंक से कम किए जाने की मांग भी की। तुमड़िया के क्षेत्र पंचायत सदस्य अर्जुन सिंह गंगवार के नेतृत्व में साय 6 पर निकले इस पैदल मार्च में कुमुद गंगवार, अजय पाल गंगवार, सचिन गंगवार, मो0 आरिफ, मो0 अनस अन्सारी, विपिन गंगवार, रेहान अहमद, चन्द्रपाल गंगवार व सुरेश पटेल आदि शामिल रहे । नगर के पुराने पनधैली पुल से आरम्भ हुआ पैदल मार्च मुख्य मार्ग से होता हुआ पटेल चौक पर समाप्त हुआ और तहसीलदार अभिषेक तिवारी ने वही पहुंच कर ज्ञापन लिया।

### प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा बैठक आयोजित

**फ़िरोज़ाबाद-** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री ग्रामीण/शहरी आवास योजना तथा प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण/शहरी) के अंतर्गत आवास आवंटन एवं प्रगति की गहन समीक्षा बैठक संपन्न हुई। जिलाधिकारी ने ब्लॉकवार आवास आवंटन के लक्ष्यों में असमानता पर असंतोष व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि आवंटन केवल आंकड़ों के आधार पर न होकर जनसंख्या, भौगोलिक स्थिति एवं वास्तविक मांग के लॉजिकल फॉर्मूले पर आधारित होना चाहिए। मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत दिव्यांगजन, निराश्रित विधवाओं, दैवीय आपदा पीड़ितों तथा जीरो पावर्टी (शून्य गरीबी) श्रेणी के परिवारों को प्राथमिकता के आधार पर चिन्हित कर आवास आच्छादित करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने समस्त खंड विकास अधिकारियो को निर्देश दिए कि ग्राम पंचायतवार पेंशन पावतियों (विधवा एवं दिव्यांग पेंशन) की सूची से मिलान कर वास्तविक जरूरतमंदों का भौतिक सत्यापन कराएं ताकि कोई भी पात्र छूटने न पाए। प्रधानमंत्री आवास योजना प्लस के तहत डिस्प्यूटेड (विवादित) अथवा एआई द्वारा चिन्हित मामलों का पारदर्शिता से पुनः सत्यापन कराकर नियमानुसार निस्तारण एवं आख्या प्रेषित करने के निर्देश दिए गए। डूडा की समीक्षा के दौरान शहर क्षेत्र में लंबित आवेदनों के त्वरित सत्यापन एवं निकायवार डेटा प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि 'प्रशासन का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जनपद के प्रत्येक बेघर, दिव्यांग एवं अत्यंत गरीब परिवार को एक सुरक्षित छत मिल सके। आवास आवंटन में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। '

### चिकित्सक दंपत्ति की बेटी ने नीट परीक्षा की उत्तीर्ण



**कोंच(जालौन)-** राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय अंडा की चिकित्साधिकारी डॉ अभिलाषा सिंह एवं निजी चिकित्सक डॉ केशवनाथ सिंह निरंजन की मेधावी होनहार पुत्री अक्षिता सिंह ने प्रतिष्ठित नीट परीक्षा अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण कर समूचे क्षेत्र का मान बढ़ाते हुए खुशी प्रदान की। परीक्षा में 577 अंक प्राप्त करने वाली बेटी अक्षिता का क्षेत्रवासियों ने मुंह मीठा कराते हुए फूलमाला पहनाकर उज्ज्वल भविष्य की कामना रूपी आशीर्वाद दिया। लोगों ने अक्षिता के माता पिता को भी बधाई दी है। अक्षिता ने हाई स्कूल की परीक्षा उरई स्थित स्कूल से 96 प्रतिशत और इंटर मीडिएट परीक्षा 92.8 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की थी जिसके बाद वह नीट परीक्षा की तैयारी करने कोटा चली गई थी।

### मारपीट व जान से मारने की धमकी के आरोप में तीन पर मुकदमा

**गोपीगंज।** भवानीपुर गांव में मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में गोपीगंज पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर साक्ष्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# बंथरा पुल पर मौत बनकर दौड़ा कंटेनर

## बाइक से टक्कर के बाद धधके दोनों वाहन; युवक की जिंदा जलकर मौत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**तिलहर, शाहजहांपुर।** लखनऊ-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुरुवार दोपहर बंथरा पुल के पास हुए भीषण सड़क हादसे ने राहगीरों के रोंगटे खड़े कर दिए। तेज रफ्तार कंटेनर और बाइक की जोरदार भिड़ंत के बाद दोनों वाहनों में आग भड़क उठी। देखते ही देखते कंटेनर और बाइक आग के विकराल गोले में तब्दील हो गए। पुल पर उठती ऊंची लपटें और धुएं का गुबार कई किलोमीटर दूर तक दिखाई देता रहा। हादसे में बाइक सवार 24 वर्षीय युवक की मौत हो गई, जबकि करीब एक घंटे तक हाईवे पर यातायात पूरी तरह ठप रहा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोपहर करीब 2:30 बजे शाहजहांपुर की ओर जा रहे कंटेनर की बंथरा पुल पर बाइक से जबरदस्त टक्कर हो गई। टक्कर के बाद बाइक कंटेनर के नीचे फंस गई और घर्षण से चंद सेकंड में आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि दोनों वाहन धू-धू कर जलने लगे। हाईवे पर भगदड़ जैसे हालात बन गए। कई वाहन चालक अपने वाहन छोड़कर सुरक्षित दूरी पर पहुंच गए, जबकि कुछ लोगों ने घटना के वीडियो भी बनाए। सूचना मिलते ही पुलिस, अग्निशमन विभाग और एनएचएआई की टीमें मौके पर पहुंचीं। फायर ब्रिगेड ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। सुरक्षा के मद्देनजर हाईवे पर यातायात रोक दिया गया, जिससे दोनों ओर ट्रकों, बसों और अन्य वाहनों की लंबी कतारें लग गई। करीब एक घंटे बाद क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाकर मार्ग पर यातायात सामान्य कराया जा सका। हादसे में बाइक सवार सत्यम (24) पुत्र शिवशंकर निवासी ग्राम पैगापुर, थाना सिधौली गंभीर रूप से झुलस गया। पुलिस उसे तत्काल जिला अस्पताल लेकर पहुंची, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सीओ विदुष सक्सेना ने बताया कि कंटेनर और बाइक की टक्कर के बाद दोनों वाहनों में आग लग गई थी। फायर ब्रिगेड, पुलिस और एनएचएआई की संयुक्त कार्रवाई से आग पर काबू पाया गया। कंटेनर और बाइक को हटाकर यातायात बहाल करा दिया गया है। मामले में तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## श्रावण मास व कांवड़ यात्रा को लेकर जिलाधिकारी ने बदायूं रोड का किया निरीक्षण

### कांवड़ यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा को दी जाये सर्वोच्च प्राथमिकता -जिलाधिकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरेली।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने आज श्रावण मास एवं कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत बदायूं रोड का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। बरेली में अधिकांश कावडिये बदायू स्थित कछला से जल लेने जाते है और वर्तमान में इस मार्ग पर रोड चौड़ी करण का कार्य चल रहा है इस कारण विशेष रूप से निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को कांवड़ यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। उन्होंने सड़कों पर गड्ढों की मरम्मत, जलभराव की समस्या का निस्तारण, नियमित साफ-सफाई, पर्याप्त पेयजल, समुचित प्रकाश व्यवस्था तथा सुचारु यातायात प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि यात्रा मार्ग पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय से पूर्ण कर ली जाएं, ताकि श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों से व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी करते हुए सभी तैयारियां समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक देश दीपक सिंह, पुलिस अधीक्षक नगर मानुष पारीक, खण्ड विकास अधिकारी क्यारा, लोक निर्माण विभाग/ एन0 एच0 आई0 के अधिकारी, सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## ट्रेक्टर ट्रॉली की टक्कर से कार सवार परिवार के सदस्य घायल

**कोंच(जालौन)-** कोतवाली क्षेत्र के पचीपुरी गांव के नजदीक ट्रैक्टर की टक्कर से कार सवार एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि कार में सवार अन्य परिजनों को भी चोटें आई। सूचना मिलते ही यूपी 112 पीआरबी मौके पर पहुंची और सभी घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। जानकारी के अनुसार इंद्रपाल निरंजन पुत्र छोटेलाल अपने परिवार के साथ त्रयोदशी भोज पहाड़पुरा कार्यक्रम में शामिल होने के बाद ग्वालियर लौट रहे थे। उनके बेटे विष्णुपाल ग्वालियर में नौकरी करते हैं और पूरा परिवार वहीं रहता है। कार में इंद्रपाल के साथ नाती प्रत्युष (16), बहू प्रियंका (38), नातिन अभिप्रिया (17) व बेटा विष्णु (43) मौजूद थे। बताया गया कि जब उनकी कार पचीपुरी गांव के पास पहुंची, तभी सामने चल रहे एक ट्रैक्टर की ट्रॉली से कार की जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें सवार सभी लोग घायल हो गए।हादसे में इंद्रपाल निरंजन को सबसे गंभीर चोटें आई, जबकि अन्य परिजनों को भी हल्की चोटें लगीं। दुर्घटना के बाद आसपास के लोगों की मदद से सभी घायलों को बाहर निकालकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया।

## सरकारी योजनाओं ने बचाई कैंसर पीड़ित रईस अहमद की जिंदगी

### आयुष्मान, अंत्योदय और उज्ज्वला बनीं सहारा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा के नेतृत्व में जनपद में लगातार यह प्रयास किया जा रहा है कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पारदर्शी तरीके से पहुंचे। इसी क्रम में हबीबगंज निवासी रईस अहमद की कहानी सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन का प्रेरणादायी उदाहरण बनकर सामने आई है। रईस अहमद के परिवार में उनकी पत्नी और दो बच्चों सहित कुल चार सदस्य हैं। उनके जीवन में उस समय बड़ा संकट आ गया, जब उन्हें माउथ कैंसर जैसी गंभीर बीमारी का पता चला। सीमित आय वाले परिवार के लिए इस बीमारी का इलाज कराना लगभग असंभव था, लेकिन प्रदेश सरकार की स्वास्थ्य और खाद्य सुरक्षा संबंधी योजनाएं उनके लिए जीवनदायिनी साबित हुई। आयुष्मान भारत योजना के तहत रईस अहमद का समय रहते निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार हुआ, जिससे उनकी जान बच सकी। वहीं अंत्योदय राशन कार्ड के माध्यम से उनके परिवार को प्रतिमाह 35 किलोग्राम राशन मिल रहा है, जिससे बीमारी के दौरान परिवार के भरण-पोषण की चिंता काफी हद तक कम हो गई। इसके अलावा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत उन्हें निःशुल्क गैस कनेक्शन और सिलेंडर मिला, जिससे रसोई के धुएं से मुक्ति मिलने के साथ परिवार का स्वास्थ्य भी बेहतर हुआ। अपना अनुभव साझा करते हुए रईस अहमद भावुक होकर कहते हैं, 'हम एक साधारण और गरीब परिवार से हैं। जब कैंसर का पता चला तो लगा कि सब कुछ खत्म हो गया। लेकिन आयुष्मान भारत योजना से मेरा इलाज संभव हुआ और मेरी जान बच गई। अब अंत्योदय कार्ड से राशन और उज्ज्वला योजना से गैस मिल रही है। इससे मेरा परिवार बेहतर जीवन जी रहा है और मैं अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा भी दिला पा रहा हूं। ' रईस अहमद ने माननीय मुख्यमंत्री एवं जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं ने उनके परिवार को नया जीवन दिया है। जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप स्वास्थ्य, शिक्षा, खाद्यान्न और अन्य मूलभूत सुविधाएं प्रत्येक जरूरतमंद तक पारदर्शी तरीके से पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि रईस अहमद का उदाहरण इस बात का प्रमाण है कि शासकीय योजनाएं जमीनी स्तर पर लोगों का जीवन बचाने और उनके जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य कर रही हैं।

## सावन माह में उमड़ने वाली भीड़ के मद्देनजर आनंदेश्वर मंदिर का किया निरीक्षण



**कानपुर।** सावन के महीने में परमट स्थित आनन्देश्वर मन्दिर में उमड़ने वाली शिवभक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए आज दिनांक 23 जुलाई 2026 को विधायक सलिल विश्नोई ने मन्दिर के महन्त, नगर निगम, जलकल विभाग, मार्ग प्रकाश विभाग, पुलिस विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ मन्दिर का स्थलीय निरीक्षण किया। व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। इस अवसर पर सलिल विश्नोई के साथ मन्दिर के महन्त, जोनल अधिकारी राजेश कुमार, अधिशासी अभियन्ता जोन-4 मीनाक्षी अग्रवाल, एस.डी.ओ. केस्को, क्षेत्रीय पार्षद जितेन्द्र बाजपेयी, अमित गुप्ता, आदर्श गुप्ता, अभिषेक गुप्ता 'मोनू' सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## मासिक समीक्षा बैठक में प्रधानाध्यापक गण की गई समीक्षा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरेली/** विकासखंड भदपुरा के बीआरसी केंद्र क्योलड़िया पर बुधवार को खंड शिक्षा अधिकारी विजय कुमार के द्वारा समस्त प्रधानाध्यापकों के साथ मासिक बैठक का आयोजन कर विभागीय कार्यों की की गई समीक्षा। खंड शिक्षा अधिकारी ने सभी प्रधानाध्यापक गण को निर्देशित किया कि यू डाइस पोर्टल पर ड्रॉप बॉक्स को अद्यतन किया जाए, संचारी रोगों से बचाव एवं उसकी रोकथाम के लिए छात्रों अभिभावकों एवं जनसामान्य को जागरूक करने हेतु जन जागरुकता अभियान चलाया जाए । सभी शिक्षकों को छात्रों के साथ इको क्लब के अंतर्गत गतिविधियों का नियमित आयोजन करने, प्रेरणा पोर्टल पर छात्रों की प्रतिदिन नियमित उपस्थिति दर्ज करने, निपुण प्लस एप पर छात्रों का नियमित आंकलन करने, शारदा पोर्टल पर ड्राप आउट छात्रों को अद्यतन करने, आईसीटी एवं स्मार्ट क्लास का नियमित संचालन करने सहित छात्रों के शैक्षिक स्तर का संवर्द्धन करने से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर समस्त प्रधानाध्यापकों को मार्गदर्शित एवं निर्देशित किया गया। गुणवत्तायुक्त शिक्षा हमारी प्राथमिकता पर है जिसके तहत विकासखंड के सभी विद्यालयों को निपुण बनाना है। एआरपी श्री अरुण कुमार ने कहा कि सभी विद्यालयों में विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई शिक्षक संदर्शिका का उपयोग करते हुए शिक्षण कार्य किया जाना है। सभी विद्यालयों में अग्निशमन यंत्र सक्रिय अवस्था में रखे जाएं। बाल वाटिका एवं स्कूल रेडीनेस के अंतर्गत शैक्षिक कार्यक्रमों का नियमित रूप से संचालन करें एवं प्रत्येक कक्षा का पाठ्यक्रम निर्धारित समय में पूर्ण कर लिया जाए। उक्त आयोजन में राजवीर सिंह सर्वेश सिंह राजेंद्र सिंह ओम बाबू मनोहर सिंह हरीश इंद्रपाल विकास कुमार हरीशंकर अवधेश अभिषेक सहित न्याय पंचायत क्योलाडिया ज्योंत जांगीर विलास नगर जवेदा से प्रत्येक विद्यालय से प्रधानाध्यापक गण के द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## नातिन पर लगाया लाखों की जेवर चोरी करने का आरोप

**कोंच(जालौन)-** दिवंगत पुत्र की बेटी (नातिन) पर अज्ञात लोगों के साथ मिलकर घर में से करीब 15 से 16 लाख रुपये कीमत के सोने चांदी के जेवरात चोरी कर लेने का आरोप लगाते हुए एक व्यक्ति ने पुलिस से कार्यवाही किए जाने की मांग की है।मोहल्ला गांधीनगर में सिंह वाहिनी मंदिर के समीप रहने वाले कालीचरण पुत्र मंटोले ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि गत दिनों पूर्व वह पत्नी सहित बाहर गए हुए थे और घर पर उसकी नातिन ही मौजूद थी। बाहर से लौटकर जब वह घर वापस आया तो नातिन ने गेट नहीं खोला। उसने पुलिस से इसकी शिकायत की जिसके बाद पुलिस के कहने पर गेट खोला गया। शिकायती पत्र में उसने बताया कि घर के अंदर जाकर देखा तो कमरे में रखे बक्सा का ताला टूटा हुआ पड़ा था और उसमें रखे करीब 15 से 16 लाख रुपए कीमत के सोने चांदी के जेवरात गायब थे। पूछने पर नातिन का कहना है कि उसे कुछ पता नहीं है। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि अज्ञात लोगों के साथ मिलकर नातिन ने ही जेवरात चोरी किए हैं और नातिन उसे व उसकी पत्नी की जान लेकर मकान को हड़पना चाहती है। मामले में शिकायतकर्ता कालीचरण ने पुलिस से कार्यवाही किए जाने की मांग की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## छात्रों ने विरोध प्रदर्शन कर मांगा इस्तीफा

### जुलूस में शामिल हुए सपा कांग्रेस के नेता और सभासद

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच(जालौन)-** देश में नीट सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता लाने और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को लेकर छात्र-छात्राओं द्वारा नई दिल्ली के जंतर मंतर पर बीते कई दिनों से जारी आंदोलन में गत 20 जुलाई को हुए पुलिस लाठीचार्ज के बाद से आंदोलन और विरोध प्रदर्शन की गूंज कस्बों तक में सुनाई देने लगी है। कोंच नगर में भी गुरुवार को दर्जनों की संख्या में छात्रों ने जुलूस निकालकर विरोध प्रदर्शन किया। खास बात यह रही कि छात्रों को नैतिक समर्थन देते हुए जुलूस में सपा और कांग्रेस (इंडिया गठबंधन) के तमाम नेता और नगर पालिका के सभासद भी शामिल हुए। पूर्व निर्धारित घोषणा के तहत गुरुवार की दोपहर दर्जनों की संख्या में छात्र स्थानीय सरोजनी नायडू पार्क में एकत्र हुए और फिर वहां से जुलूस की शक्ल में अपने अपने हाथों में तिरंगा झंडा और शिक्षा मंत्री इस्तीफा दो के नारे लिखी तख्तियां लेकर आगे बढ़े। रास्ते में छात्रों ने केंद्र सरकार, शिक्षा मंत्री और शिक्षा प्रणाली के विरोध में जमकर नारे लगाए। मेन रोड से होकर छात्र चंदकुआं स्थित रानी लक्ष्मीबाई स्मारक पर पहुंचे जहां प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जुलूस खत्म हुआ। इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष दीपराज गुर्जर एवं कांग्रेस नगर अध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी ने कहा कि छात्र छात्राओं पर दिल्ली में हुआ लाठीचार्ज बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, दोषियों के खिलाफ कार्यवाही और शिक्षा मंत्री के इस्तीफे के लिए छात्र छात्राओं के आंदोलन का खुलकर समर्थन किया जाएगा। जुलूस में कोतवाल बृजेश बहादुर सिंह की अगुवाई में पुलिस बल भी मुस्तैद नजर आया। जुलूस में छात्रों के अलावा सपा जिलाध्यक्ष दीपराज गुर्जर, छात्रसभा जिलाध्यक्ष रामानंद कुशवाहा, कांग्रेस नगर अध्यक्ष राघवेंद्र तिवारी, सभासद रघुवीर कुशवाहा, महेंद्र कुशवाहा, आजादुद्दीन, कांग्रेस नेता रामकिशोर पुरोहित, लकी दुबे, रिजवान, शांतनु यादव आदि शामिल रहे।

## घाटमपुर में बदलेंगी सड़कों की तस्वीर 1,85 करोड़ से डूडा बनायेगा पांच सड़कें

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर ग्रामीण।** घाटमपुर नगर पालिका परिषद क्षेत्र में डुडा द्वारा 1,85 करोड़ रुपए की लागत से पांच इंटर लॉकिंग सड़कों और गलियों का निर्माण कराया जाएगा, इसमें बहु चर्चित बाबा मंदिर वाली सड़क भी शामिल हैं, इसके लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू हो चुकी है,, जिसकी अंतिम तिथि 25 जुलाई हैं,, इसके निर्माण से कस्बा वासियों को काफी राहत मिलेगी,, क़स्बे की दुर्दशा युक्त बाबा मंदिर वाली सड़क के दिन बहुरेंगे, इस सड़क व नालियों के निर्माण में 83 लाख रुपए से होगा, यह सड़क मूसानगर रोड से कान्हा गौशाला तक इंटर लॉकिंग से बनेगी,, बारिश के मौसम में निकलना बहुत मुश्किल होता है, वही हाल ही में नगर पालिका द्वारा कराए गए नाला निर्माण में खोदी गई मिट्टी पूरी तरह से न हटाएं जानें से कीचड़ हो चुका है, इसी तरह कुष्मांडा नगर में दो इंटर लॉकिंग सड़कों का निर्माण 29,17 लाख रुपए व 26,23 लाख रुपए में नालियों समेत निर्माण कराया जाएगा इसी तरह नौबस्ता पश्चिमी बार्ड में 25,99 लाख व 1928 लाख रुपए से सड़कों व नालियों का निर्माण कराया जाएगा, तीन माह के भीतर निर्माण कार्य पूरा किया जाएगा, जिला नगरीय विकास अभिकरण, डूडा,, द्वारा इन कामों के टेंडर मांगे जा चुके हैं जिसकी अंतिम तिथि 25 जुलाई निर्धारित की गई है,, टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद तीन माह में अधिकृत ठेकेदार द्वारा तीन माह के भीतर इन सड़कों व नालियों का निर्माण किया जाएगा, घाटमपुर नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी महेंद्र कुमार ने बताया कि डूडा, द्वारा टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी गई है इन सड़कों के निर्माण से कस्बा वासियों को आवागमन में काफ़ी सुविधा होगी।


## इन्सपायर अवार्ड योजना में कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों के कराएं नामांकन:- डीआईओएस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**फिरोजाबाद:-** भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान द्वारा सत्र 2026-2027 के इन्सपायर अवार्ड मानक योजना की पोर्टल की साइट विद्यार्थियों के नामांकन के लिए खुल चुकी है। जिसकी अंतिम तिथि 15 सितम्बर 2026 है। जिला विद्यालय निरीक्षक फिरोजाबाद मुदिता पाण्डेय द्वारा जनपद के सभी बोर्डो के विद्यालयों के प्रधानाचार्यो एवं प्रधानाध्यापकों को इन्सपायर अवार्ड मानक योजना में कक्षा 6 से 12 के विद्यार्थियों के सर्वश्रेष्ठ 05 विचारों को ऑनलाइन नामांकन के लिए अनिवार्यत करने के लिए निर्देशित किया हैं। इन्सपायर अवार्ड मानक योजना के जिला सह नोडल अधिकारी अश्वनी कुमार जैन ने बताया कि इस योजना के लिए किसी भी बोर्ड के विद्यालय अपनी इन्सपायर अवार्ड मानक योजना के पोर्टल पर अपनी स्कूल आईडी से लॉगिन कर सकते हैं। इसमें अपने स्कूल के कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों के अधिकतम पाँच उत्कृष्ट नवाचारी विचारों को अपलोड कर सकते हैं। नामांकन कराने वाले विद्यार्थियों के नाम पर बैंक का खाता होना चाहिए। विचार में सिनॉप्सिस और पेज पर बनाई गई मॉडल की तस्वीर होनी चाहिए। प्रथम स्तर पर जनपद स्तर की प्रदर्शनी के लिए चयन होने पर प्रत्येक विद्यार्थी को 10 हजार रुपये की धनराशि उस विद्यार्थी के खाते में भारत सरकार द्वारा भेजी जाती है। इस धनराशि के उपयोग से चयनित विद्यार्थी अपने प्रोजेक्ट को बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन प्रथम स्तर पर करेंगे।

## एडीजी जोन कानपुर ने क्षेत्राधिकारी कार्यालयों के कार्यों की समीक्षा की



**कानपुर।** अनुपम कुलश्रेष्ठ, अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर द्वारा वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से कानपुर जोन के समस्त जनपद प्रभारियों के साथ क्षेत्राधिकारी कार्यालय के कार्यों के निष्पादन के सम्बन्ध में समीक्षा गोष्ठी की गयी। समीक्षा गोष्ठी में सीओ पेशी के कार्यों की नियमित समीक्षा, तकनीक के प्रभावी उपयोग, समयबद्ध कार्यवाही, गुणवत्तापूर्ण पर्यवेक्षण तथा जनसंवाद को सशक्त बनाकर कानून-व्यवस्था को और अधिक प्रभावी एवं मजबूत बनाएं जाने के सम्बन्ध में सुधारात्मक बिन्दुओं पर विचार-विमर्श किया गया। सीओ पेशी कार्यालय के कार्यों की पारदर्शिता, संवेदनशीलता एवं जवाबदेही में निरंतर सुधार ही उत्कृष्ट पुलिसिंग की वास्तविक पहचान है। गोष्ठी में आकाश कुलहरि, पुलिस महानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी व यमुना प्रसाद, पुलिस उपमहानिरीक्षक, कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा ने एनआरएलएम की समीक्षा बैठक में दिए सख्त निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**फ़िरोज़ाबाद -** जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एवं विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने विकास खंडवार प्रगति की गहन समीक्षा की और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के लिए पूरी निष्ठा से काम करें। नारखी और शिकोहाबाद ब्लॉक में ब्लॉक मिशन मैनेजर और ए0 डी0 ओ0 (आई0एस0बी0) के खराब प्रदर्शन और लक्ष्य प्राप्ति में ढिलाई पर जिलाधिकारी ने कड़ी असंतुष्टि जताई। उन्होंने निर्देश दिए कि संविदा/आउटसोर्स कर्मचारियों के काम न करने पर उन्हें तत्काल हटाया जाए और प्रभावी कार्रवाई की जाए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि किसी भी अभियान या योजना में कागजी बहानेबाजी या आंशिक प्रगति स्वीकार्य नहीं होगी। सभी ग्राम पंचायतों में शत-प्रतिशत पात्र परिवारों और महिलाओं को आजीविका अभियानों व स्वयं सहायता समूहों से जोड़ा जाए। विभिन्न योजनाओं की समीक्षा के तहत स्वयं सहायता समूहों के बैंक खाते खोलने, आर0एफ0/ सी0आई0एफ0 तथा सी0 सी0 एल0 की प्रक्रिया में आ रही बैंक-स्तरीय समस्याओं गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए पर जिलाधिकारी ने समीक्षा की। जिलाधिकारी ने एलडीएम को निर्देश दिए गए कि जिन प्रमुख 8-9 बैंकों में फाइलें लंबित हैं, वहां व्यक्तिगत समन्वय स्थापित कर खातों और क्रेडिट लिंकेज का तुरंत निस्तारण कराया जाए। जिले में 'लखपति दीदी' योजना के तहत आजीविका रजिस्टर की फीडिंग और पहचान कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। साथ ही विद्युत सखियों के नए मोबाइल ऐप पर माइग्रेशन और वॉलेट रिचार्ज प्रक्रिया को शीघ्र पूर्ण कराने को कहा गया। जिलाधिकारी ने सभी ब्लॉकों (जैसे जसराना, टूंडला आदि) में ब्लॉक मुख्यालय, सीएचसी और प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर समूहों द्वारा संचालित 'मॉडल प्रेरणा कैंटीन' स्थापित करने के निर्देश दिए, ताकि महिला उद्यमियों को प्रोत्साहन मिले और उन्हें बेहतर आजीविका के साधन उपलब्ध हों। बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने सख्त लहजे में कहा कि 'जिले में जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए। जो अधिकारी या कर्मचारी अपने दायित्वों का सही से निर्वहन नहीं करेंगे, उनके विरुद्ध कड़ी विभागीय कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।' बैठक में मुख्य विकास अधिकारी शत्रोहन वैश्य, उपायुक्त स्वतः रोजगार , संबंधित ब्लॉकों के खंड विकास अधिकारी, ए डी ओ (आई एस बी ) एवं बी एम एम आदि उपस्थित रहे।

## घाटमपुर ओवर ब्रिज पर लोड टेस्टिंग शुरू, नीचे स्लैब की मजबूती परख रही है टीम

**कानपुर ग्रामीण।** कानपुर सागर हाइवे पर स्थित घाटमपुर क़स्बे के मुख्य चौराहे पर स्थित ओवर ब्रिज की नई स्लैब की लोड टेस्टिंग शुरू हो गई है,, हालांकि एनएचएआई ने मंगलवार से ओवर ब्रिज पर हल्के वाहनों का आवागमन शुरू करने का दावा किया था, लेकिन तय समय-सीमा पर ऐसा नहीं हो सका, अब लोड टेस्टिंग के बाद ही अधिकारियों द्वारा हल्के वाहनों के संचालन पर निर्णय लिया जाएगा, आपको बताते चलें कि चार वर्ष पहले लगभग 46 करोड़ रुपए की लागत से बने इस ओवर ब्रिज की स्लैब का एक हिस्सा 21जून को टूट गया था, घटना के बाद सुरक्षा के मद्देनजर ओवर ब्रिज पर सभी प्रकार के वाहनों के आवागमन पर रोक लगा दी गई थी,,तब से भारी और हलके वाहनों को सर्विस रोड के रास्ते से गुजर रहे हैं, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है,, क्षतिग्रस्त हिस्से को हटाकर दो जुलाई को नई स्लैब डाली गई थी, इसके बाद निर्माण कार्य पूरा होने पर रविवार को स्लैब वाले हिस्से पर डामर की सडक बना दी गई, निर्माण कार्य पूरा होने के बाद एनएचएआई के परियोजना निदेशक पंकज यादव ने हल्के वाहनों को मंगलवार से आवागमन शुरू होने की बात कही थी,, लेकिन आवागमन शुरू नहीं हो सका, आप विशेषज्ञों की टीम ने नई स्लैब की लोड टेस्टिंग शुरू की, टीम के सदस्यों ने बताया कि परीक्षण प्रकिया पूरी करने में लगभग 24 घंटे तक जाएंगे, इसके बाद तैयार रिपोर्ट एनएचएआई के अधिकारियों को सौंपी जाएगी, यदि रिपोर्ट संतोष जनक रही तों पहले चरण में हल्के वाहनों के लिए ओवर ब्रिज खोला जा सकता है।

# संक्षिप्त खबरें

## आस्था, उल्लास और उमड़ी भीड़ के बीच संपन्न हुआ नौ दिवसीय लवकुश जन्मोत्सव मेला



**सीतामढ़ी ।** पर्यटन एवं पौराणिक महत्व की भूमि सीतामढ़ी में आयोजित नौ दिवसीय लवकुश जन्मोत्सव मेला का गुरुवार को श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ समापन हो गया। मेले के अंतिम दिन सुबह से ही श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। श्रद्धालुओं ने मां गंगा में आस्था की डुबकी लगाकर दान-पुण्य किया तथा सीतामढ़ी स्थित मंदिरों में दर्शन-पूजन कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। धार्मिक अनुष्ठानों के बाद श्रद्धालुओं ने मेले का भरपूर आनंद उठाया। मेले में सजे मीना बाजार में महिलाओं ने घरेलू एवं श्रृंगार की वस्तुओं की जमकर खरीदारी की। वहीं बच्चों और युवाओं में झूले, सर्कस तथा विभिन्न मनोरंजन के साधनों को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। मेले में लगी चाट, पकौड़ी एवं अन्य व्यंजनों की दुकानों पर भी दिनभर लोगों की भीड़ लगी रही। मेले के समापन के दौरान स्थानीय प्रशासन पूरी तरह सतर्क और मुस्तैद दिखाई दिया। जिलाधिकारी शैलेश कुमार, क्षेत्राधिकारी चमन चावड़ा सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने मेले का लगातार निरीक्षण कर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था का जायजा लिया। पुलिस और प्रशासनिक टीम पूरे मेले में चप्पे-चप्पे पर तैनात रही, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। आस्था, संस्कृति और लोक परंपरा का प्रतीक यह नौ दिवसीय मेला शांतिपूर्ण एवं सफल आयोजन के साथ संपन्न हो गया।

## भदोही पुलिस ने 16 लोगों को किया गिरफ्तार, 230 वाहनों का चालान

**भदोही।** जनपद पुलिस ने गुरुवार को विशेष अभियान चलाकर एक वारंटी समेत कुल 16 लोगों को गिरफ्तार किया। इनमें एक वारंटी को न्यायालय के आदेश पर गिरफ्तार किया गया, जबकि 15 लोगों को शांति भंग की आशंका में बीएनएसएस की धारा 170/126/135 के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेजा गया। वहीं यातायात पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ सघन अभियान चलाते हुए 230 वाहनों का चालान किया। इनमें 195 दोपहिया एवं 35 चारपहिया वाहन शामिल हैं। पुलिस ने चालान के माध्यम से कुल 2.53 लाख रुपये का समन जारी किया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तारियां गोपीगंज, भदोही, ज्ञानपुर, सुरियावां और औराई थाना क्षेत्रों में की गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि कानून-व्यवस्था बनाए रखने और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## घर के बगल में बंधी दो दुधारू भैंस चोरी, पशुपालक की सूचना पर जांच में जुटी पुलिस



**मीरजापुर।** ड्रमंडगंज।क्षेत्र के गलरा गांव में बुधवार की देर रात मनबढ़ चोर पशुपालक के घर के बगल में बंधी दो दुधारू भैंस खूंटे से रस्सी खोलकर हांक ले गए। सुबह चारा भूसा डालने गए पशुपालक ने दो भैंस को खूंटे से गायब देखा तो होश उड़ गए।गलरा गांव निवासी अधिवक्ता दुर्गा प्रसाद मिश्र का ड्रमंडगंज हलिया मार्ग पर घर स्थित है। घर के बगल में उन्होंने अपनी दो दुधारू भैंस, एक गाय और एक पड़िया बांध रखी थी। जहां बीती रात चोर दोनों दुधारू भैंस को खूंटे से रस्सी खोलकर हांक ले गए। घटना की जानकारी होने पर पशुपालक ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस घटना की जांच में जुट गई है। पशुपालक दुर्गा प्रसाद मिश्र ने बताया कि घर के बगल में टिनशेड के नीचे दो दुधारू भैंस एक गाय और पड़िया बंधी हुई थी कि देर रात चोर दोनों दुधारू भैंस को खूंटे से खोलकर हांक ले गए। पशुपालक ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। गांवों में लगातार बढ़ रही चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु ग्रामीणों ने रात्रि में पुलिस गश्त तेज करने की मांग की है।इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि गलरा गांव से दो भैंस चोरी होने की जानकारी मिली है घटना की जांच की जा रही है।

# सीतामढ़ी धाम में लवकुश मेले का डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण, कांवड़ यात्रा तैयारियों का भी लिया जायजा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** सीतामढ़ी धाम में आयोजित ऐतिहासिक लवकुश (गंगा) मेले की तैयारियों का गुरुवार को जिलाधिकारी शैलेश कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने संयुक्त रूप से स्थलीय निरीक्षण किया। अधिकारियों ने श्रद्धालुओं की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था एवं मूलभूत सुविधाओं का जायजा लेते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद दोनों अधिकारियों ने आगामी श्रावण मेला एवं कांवड़ यात्रा-2026 को लेकर मुख्य कांवड़ यात्रा मार्ग का भी निरीक्षण कर सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान गंगा स्नान घाट, बैरिकेडिंग, चेंजिंग रूम, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, साफ-सफाई, कंट्रोल प्वाइंट, पार्किंग एवं अन्य व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया गया। अधिकारियों ने जिला प्रशासन, पुलिस, जिला पंचायत एवं अन्य संबंधित विभागों द्वारा की गई तैयारियों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो और सभी व्यवस्थाओं की लगातार निगरानी की जाए। जल सुरक्षा के लिए पर्याप्त संख्या में नावों एवं प्रशिक्षित बचाव दलों की तैनाती सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने मेले में तैनात पुलिसकर्मियों को श्रद्धालुओं के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार करने, भीड़ प्रबंधन, महिला एवं बाल सुरक्षा तथा यातायात व्यवस्था पर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने बताया कि नौ दिवसीय रामायण पाठ के समापन के चलते श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ने की संभावना को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत की गई है। इसके उपरांत दोनों अधिकारियों ने आगामी श्रावण मेला एवं कांवड़ यात्रा की तैयारियों का जायजा लेते हुए कांवड़ यात्रा मार्ग, ट्रैफिक डायवर्जन प्वाइंट, कांवड़ शिविर, पार्किंग स्थल, बैरिकेडिंग, संकेतक बोर्ड, स्ट्रीट लाइट, पेयजल व्यवस्था एवं प्रस्तावित मेडिकल कैंप स्थलों का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समय से सभी तैयारियां पूरी करने तथा संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने श्रद्धालुओं और जनपदवासियों से प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करने, यातायात नियमों का अनुपालन करने तथा किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देने की अपील की। इस दौरान क्षेत्राधिकारी ज्ञानपुर, थानाध्यक्ष कोइरौना सहित पुलिस एवं प्रशासन के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## नवागत एसडीएम(न्यायिक)का नवयुवक अधिवक्ता समिति ने किया स्वागत



**चुनार, मीरजापुर।** गुरुवार को तहसील प्रांगण स्थित बार भवन में नवयुवक अधिवक्ता समिति द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में नवागत उप जिलाधिकारी ( न्यायिक ) रविशंकर यादव का स्वागत व सम्मान किया गया। समारोह में सर्वप्रथम उप जिलाधिकारी न्यायिक रविशंकर यादव ने उपस्थित अधिवक्ताओं से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने अपने संबोधन में बार और बेंच को समन्वय बनाकर कार्य करने की बात कही, साथ ही अधिवक्ताओं को भरोसा दिलाया कि उनके सहयोग के लिए हम सदैव तैयार रहेंगे। इस दौरान उपजिलाधिकारी अनेग सिंह,तहसीलदार इवेंद्र कुमार नायब तहसीलदार संजय,बार अध्यक्ष शिव शंकर सिंह एड,महामंत्री रामविलास सिंह एड,उपाध्यक्ष राम मूरत यादव एड, सत्येंद्र नाथ द्विवेदी एड,अखिलेश सिंह एड,शीतला प्रसाद यादव एड ,कल्लू सिंह एड ,शिवशंकर यादव एड,श्याम मुरारी सिंह एड, गजेंद्र सिंह एड ,रामलखन सिंह यादव एड आदि अधिवक्तागण उपस्थित रहे

# गांव का विकास है प्रथम प्राथमिकता ग्राम प्रधान रवि सिंह



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मीरजापुर।** हलिया विकासखंड के ग्राम पंचायत शहजी में नरेगा से खुदवाया गया है तालाब और एक तालाब में राज्यसभा सांसद निधि से कराया गया है तालाब का कायाकल्प गांव के ग्राम प्रधान रवि सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास लगभग 45 परिवार को दिया गया है मुख्यमंत्री आवास लगभग 100 परिवार को दिया गया है स्नान ग्रह 20 बनवाया गया है सोक्ता गड्ढा 20 बनवाया गया है 100 परिवार को शौचालय दिया गया है 15 लोगो का विकलांग पेंशन बनवाया गया है 20 महिलाओं का विधवा बनवाया गया है वृद्धा पेंशन 85 लोगों का बनवाया गया है वही गांव में सीएससी केंद्र भी बनवाया जा रहा है अन्नपूर्णा भवन बनवाया गया है विद्यालय की बाउंड्री बनवाया गया है नाली का कार्य कराया गया है अंत्येष्टि स्थल बनवाया गया है वही 22 स्ट्रिट लाइट लगाया गया है खेलकूद मैदान बनवाया गया है साथ ही साथ ग्राम प्रधान ने बताया कि हमारा प्रथम वरीयता ग्राम पंचायत के विकास की ओर रहता है कि ग्राम पंचायत में ज्यादा कार्य हो निधि से भी ग्राम पंचायत में कार्य कराया गया है साथ ही साथ ग्राम प्रधान ने बताया कि सरकार की जितनी भी योजनाएं हैं सभी योजनाओं को धरातल पर उतारा गया है चाहे प्रधानमंत्री की योजना हो चाहे मुख्यमंत्री की योजना हो जो भी सरकार की योजनाएं हैं सब धरातल पर देखने को मिल रही है।

# श्रावण मेला व कांवड़ यात्रा को लेकर भदोही पुलिस अलर्ट, 42 किमी राष्ट्रीय राजमार्ग पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** आगामी श्रावण मेला एवं कांवड़ यात्रा-2026 को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए भदोही पुलिस ने व्यापक सुरक्षा एवं यातायात प्रबंधन की तैयारियां पूरी कर ली हैं। जनपद से होकर गुजरने वाले लगभग 42 से 43 किलोमीटर लंबे राष्ट्रीय राजमार्ग पर प्रयागराज एवं वाराणसी की ओर जाने वाले हजारों कांवड़ श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विशेष इंतजाम किए गए हैं। पुलिस प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग की एक लेन कांवड़ियों के लिए आरक्षित कर दी है, जबकि सामान्य वाहनों का संचालन दूसरी लेन से कराया जाएगा। यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए 28 प्रमुख ट्रैफिक प्वाइंट चिन्हित किए गए हैं तथा तीन चेक पोस्ट स्थापित किए जा रहे हैं। इसके अलावा राष्ट्रीय राजमार्ग से जुड़ने वाले प्रमुख कट एवं सर्विस लेन पर बूम बैरियर लगाए जा रहे हैं। बड़े कटों को बंद कराने के लिए भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के साथ समन्वय स्थापित कर कार्य प्रारंभ करा दिया गया है, ताकि दुर्घटनाओं की संभावना को न्यूनतम किया जा सके। सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के लिए अतिरिक्त पुलिस बल एवं पीएसी की तैनाती की जा रही है। सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का ड्यूटी प्लान तैयार कर उन्हें विभिन्न स्थानों पर तैनात किया जाएगा। संपूर्ण कांवड़ मार्ग की 24 घंटे सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी। सोशल मीडिया पर अफवाहों और भ्रामक सूचनाओं पर नजर रखने के लिए पुलिस की सोशल मीडिया सेल को भी सक्रिय कर दिया गया है, जो किसी भी भ्रामक पोस्ट या संदेश पर तत्काल कार्रवाई करेगी। कांवड़ियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए विशेष रूप से शुक्रवार, शनिवार एवं रविवार को अतिरिक्त सतर्कता बरती जाएगी। यूपी-112 की लगभग 15 पीआरवी लगातार पूरे कांवड़ मार्ग पर गश्त करती रहेंगी। सभी थाना प्रभारियों की सेक्टरवार ड्यूटी निर्धारित कर दी गई है। पूरे जनपद को चार सुपर जोन एवं विभिन्न सेक्टरों में विभाजित कर अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की गई है। महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए प्रमुख मंदिरों, कांवड़ शिविरों एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पर्याप्त संख्या में महिला पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाएगी। पुलिस अधीक्षक ने सभी कांवड़ श्रद्धालुओं एवं वाहन चालकों से अपील की है कि वे निर्धारित लेन का ही प्रयोग करें, अनावश्यक ओवरटेकिंग से बचें तथा पुलिस एवं प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें। पुलिस का कहना है कि श्रद्धालुओं की सुरक्षित, सुगम एवं शांतिपूर्ण कांवड़ यात्रा सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की जा चुकी हैं।

## कप्तानगंज ब्लॉक में तैनात सचिव रजनी दूबे पर ड्यूटी में लापरवाही के आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** जनपद के विकासखंड कप्तानगंज में तैनात ग्राम पंचायत सचिव रजनी दूबे पर ड्यूटी में लापरवाही और मनमानी करने के आरोप लगाए जा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सचिव शासन द्वारा निर्धारित क्लस्टर व्यवस्था के अनुसार पंचायत भवन पर नियमित रूप से उपस्थित नहीं हो रही हैं। आरोप है कि ग्राम पंचायत तिलकपुर के पंचायत भवन पर सचिव के समय से न पहुंचने के कारण ग्रामीणों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए ग्राम पंचायत से लेकर ब्लॉक मुख्यालय कप्तानगंज तक बार-बार चक्कर लगाने पड़ रहे हैं। इससे जन्म, मृत्यु, आय, निवास, पेंशन तथा अन्य पंचायत संबंधी कार्य प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि शासन के निर्देशानुसार पंचायत भवनों पर सचिवों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए क्लस्टर व्यवस्था लागू है, लेकिन इसका पालन नहीं हो रहा है। यह भी आरोप है कि सचिव कभी-कभी केवल औपचारिक रूप से पंचायत में पहुंचकर वापस चली जाती हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि सचिव के अधीन आने वाले पंचायत भवनों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज की जांच कर वास्तविक उपस्थिति का सत्यापन कराया जाए। उनका कहना है कि यदि समय पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई नहीं की गई तो ग्राम पंचायत तिलकपुर सहित संबंधित ग्राम पंचायतों की समस्याओं का समाधान प्रभावित होता रहेगा। ग्रामीणों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी पाए जाने पर सचिव के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# 6 वर्षों से मरम्मत के इंतजार में दर्जनों गांवों को जोड़ने व गन्ना क्रय केंद्र तक जाने वाली सड़क जर्जर

● सड़क बनी मुसीबत, 5-6 वर्षों से मरम्मत का इंतजार; बारिश में पैदल चलना भी दूभर जिम्मेदार अधिकारी ग्रामीण क्षेत्र की जर्जर सड़कों पर ध्यान देने की जरूरत है

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के ग्रामीण क्षेत्र की कुछ सडके जर्जर हो गई हैं जगह-जगह गढ्ढे में पानी भर गया है ग्रामीणों को आने-जाने में हो रही है भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है जनप्रतिनिधि ग्रामीण क्षेत्र की सड़क पर ध्यान नहीं दे रहे हैं पिछले 10 वर्षों से सड़कों की मरम्मत नहीं हो पाई है जिसके कारण गड्ढे में तब्दील हो गई है विश्वास सूत्रों से पता चला की हर तीसरे साल सड़कों की मरम्मत में लाखों रुपए खर्च हो जा रहे हैं जबकि धरातल पर सच्चाई कुछ और बयां कर रही है जिम्मेदार अधिकारी कुंभकरण की नींद में सो रहे हैं ताजा मामलाकलवारी थाना क्षेत्र के चकदहा से तुरकौलिया, मनौआ सहित दर्जनों गांवों को जोड़ने वाले राम-जानकी मार्ग पर स्थित बदहाल सड़क स्थानीय लोगों के लिए बड़ी परेशानी का कारण बनी हुई है। हल्की बारिश होते ही सड़क कीचड़ और जलभराव में तब्दील हो जाती है, जिससे पैदल चलना तक मुश्किल हो जाता है। दोपहिया वाहन चालक और साइकिल सवार अक्सर फिसलकर चोटिल हो रहे हैं, जबकि राहगीरों का बिना कीचड़ से सने इस रास्ते से निकल पाना लगभग असंभव हो गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार यह मार्ग क्षेत्र की जीवनरेखा है। गन्ना पेराई सत्र शुरू होने पर इसी मार्ग से बड़ी संख्या में गन्ने से लदे ट्रक और ट्रैक्टर-ट्रॉलियां चीनी मिलों की ओर जाती हैं। सड़क से करीब 500 मीटर आगे गन्ने की तौल के लिए कांटा भी स्थित है, जिससे भारी वाहनों का आवागमन लगातार बना रहता है। ऐसे में जर्जर सड़क और जलभराव के कारण कभी भी बड़ा हादसा होने की आशंका बनी रहती है। आसपास के ग्रामीण इसी चिंता में रहते हैं कि कहीं कोई गंभीर दुर्घटना न हो जाए।ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क की मरम्मत के लिए कई बार विधायक, सांसद और संबंधित विभाग के अधिकारियों को लिखित शिकायतें दी गई तथा मौखिक रूप से भी अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उनका कहना है कि पहले जो सड़क बनी हुई थी, उसे भी नई सड़क निर्माण के नाम पर ठेकेदार ने उखाड़ दिया। बाद में यह कहकर पल्ला झाड़ लिया गया कि इस हिस्से की सड़क स्वीकृत नहीं थी और दूसरी सड़क स्वीकृत होने के कारण गलती से इसे उखाड़ दिया गया। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क पिछले पांच से छह वर्षों से बदहाल स्थिति में पड़ी है। बरसात के मौसम में हालात और भी खराब हो जाते हैं। लोगों ने प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से कई बार इस मार्ग की मरम्मत कराने की मांग की, लेकिन अब तक उनकी समस्या का समाधान नहीं हो सका। तुरकौलिया के पूर्व ग्राम प्रधान सूर्य प्रकाश उर्फ पिंटू का ने बताया कि सड़क की मरम्मत को लेकर उन्होंने कई बार सांसद, विधायक और जिलाधिकारी तक से मौखिक तथा लिखित रूप से कहा लेकिन इस पर कोई सुनवाई नहीं हुई उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के लोगों के लिए सड़क जीवन रेखा है जिससे होकर रोजाना हजारों की तादाद में स्कूली बच्चे तथा अन्य लोग पैदल से लेकर चार पहिया वाहन से आया -जाया करते हैं, गन्ना क्रय केंद्र का कांटा होने की वजह से बड़े ट्रक भी आते हैं जो कभी भी किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकते हैं 7क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन और संबंधित विभाग से राम-जानकी मार्ग की तत्काल मरम्मत कराकर आवागमन सुचारु करने तथा संभावित दुर्घटनाओं को रोकने के लिए शीघ्र आवश्यक कदम उठाने की मांग की है।

# सोनभद्र में रिहन्द बांध के जलस्तर में हो रहा लगातार इजाफा, जल्द फाटक खोलने की आ सकती है नौबत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र।** जनपद सोनभद्र सहित मध्य प्रदेश के सीमावर्ती क्षेत्रों में पिछले कुछ दिनों से हो रही लगातार बारिश के असर से रिहन्द बांध का जलस्तर बढ़ने लगा है। बीते तीन दिनों से बांध के जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है, जिससे इस पर निर्भर तापीय बिजली परियोजनाओं के लिए राहत की उम्मीद जगी है। जानकारों का मानना है कि यदि कैचमेंट एरिया में इसी तरह बारिश होती रही तो वर्षभर बिजली उत्पादन के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध रहने की संभावना बढ़ जाएगी। रिहन्द बांध का पानी उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में संचालित कई बड़ी तापीय बिजली परियोजनाओं के लिए जीवनरेखा माना जाता है। इन परियोजनाओं में बिजली उत्पादन के लिए प्रतिदिन बड़ी मात्रा में बांध के पानी का उपयोग किया जाता है। ऐसे में जलस्तर में होने वाला उतार चढ़ाव सीधे तौर पर बिजली उत्पादन को प्रभावित करता है। इस वर्ष मानसून के शुरुआती दौर में रिहन्द बांध के कैचमेंट एरिया में अपेक्षित बारिश नहीं होने से जलस्तर लगातार गिरता रहा। पिछले वर्ष की तुलना में जुलाई के मध्य तक जलभराव की स्थिति काफी कमजोर रही। इसका परिणाम यह हुआ कि 20 जुलाई की सुबह तक बांध का जलस्तर घटकर 841.4 फीट पर पहुंच गया था, जिसे लेकर बिजली परियोजनाओं से जुड़े अधिकारियों और विशेषज्ञों में चिंता बढ़ने लगी थी। हालांकि 20 जुलाई से कैचमेंट एरिया और आसपास के क्षेत्रों में शुरू हुई झमाझम बारिश ने स्थिति बदलनी शुरू कर दी। लगातार हो रही वर्षा के कारण बांध में पानी की आवक तेज हो गई और जलस्तर में वृद्धि दर्ज होने लगी। महज तीन दिनों के भीतर ही रिहन्द बांध का जलस्तर 841.4 फीट से बढ़कर 23 जुलाई की सुबह 843.1 फीट तक पहुंच गया। यानी इस अवधि में जलस्तर में करीब 1.7 फीट की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। मानसून का यह रुख यदि आगामी दिनों में भी बना रहता है और कैचमेंट एरिया में लगातार अच्छी बारिश होती है तो रिहन्द बांध तेजी से भर सकता है। इससे न केवल तापीय बिजली परियोजनाओं को वर्षभर पर्याप्त जल उपलब्ध होगा, बल्कि प्रदेश की बिजली उत्पादन क्षमता को भी मजबूती मिलेगी। जलस्तर में हो रही बढ़ोतरी को ऊर्जा क्षेत्र के लिए सकारात्मक संकेत माना जा रहा है। वहीं स्थानीय लोगों और बिजली परियोजनाओं से जुड़े अधिकारियों की निगाहें अब मानसून की आगामी गतिविधियों और बांध में आने वाले पानी के आवक पर टिकी हुई है।

# सोनभद्र में दिव्यांग और परित्यक्ता के आवास का पैसा डकार गये प्रधान, आवास अब भी अधूरा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र।** विकास खंड के रन्दह गांव में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मिलने वाले आवास भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गये। लाभार्थियों के आवास अधूरे पड़े हैं। इनमें आदिवासी, दिव्यांग और परित्यक्ता महिलाएं शामिल हैं। आरोप है कि ग्राम प्रधान ने लाभार्थियों के खातों से आवास निर्माण की धनराशि निकाल ली, लेकिन निर्माण कार्य पूरा नहीं कराया। लाभार्थियों के अनुसार, लगभग दो साल पहले ग्राम प्रधान ने दिव्यांग रमाशंकर, विधवा रूकमन देवी, महेंद्र सिंह, सुखन और रामलखन के खातों से प्रधानमंत्री आवास की धनराशि निकलवा ली थी। प्रधान ने उन्हें आश्वासन दिया था कि आवास का निर्माण जल्द करा दिया जाएगा। हालांकि, दो वर्ष से अधिक समय बीतने के बाद भी उनके आवास का निर्माण अधूरा है। लाभार्थी कार्यालयों का चक्कर लगा रहे। उनकी कोई सुनने वाला नहीं है।

# सोनभद्र में पशु तस्करी में अब ईडी की दखल, 100 करोड़ के नेटवर्क की होगी पड़ताल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सोनभद्र।** यूपी, बिहार और पश्चिम बंगाल तक फैले पशु तस्करी के नेटवर्क पर पुलिस का शिकंजा लगातार कसता जा रहा है। पशुओं की खरीद, परिवहन और स्लाटर हाउसों तक आपूर्ति करने वाले गिरोह के खिलाफ कार्रवाई के बीच अब मामले में करोड़ों रुपये के लेनदेन की जांच भी तेज हो गई है। अब तक पुलिस 11 तस्करों को गिरफ्तार कर उनके बैंक खातों में करीब 80 से 100 करोड़ रुपये के लेनदेन का राजफाश कर चुकी है। अब जांच तस्करों से आगे बढ़कर वेयर हाउस और स्लाटर हाउस संचालकों तक पहुंच गई है। सूत्रों के मुताबिक पूरे मामले में सामने आए मनी ट्रेल की जांच अब प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) भी कर सकता है। पुलिस की ओर से जुटाए गए बैंक खातों, डिजिटल भुगतान और संदिग्ध वित्तीय लेनदेन का ब्यौरा संबंधित एजेंसियों को भेजने की तैयारी है। पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने इसकी पुष्टि तो की, लेकिन जांच प्रभावित होने का हवाला देते हुए नाम सार्वजनिक करने से इंकार कर दिया। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने रायपुर थाना प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार चौरसिया को पश्चिम बंगाल के चिन्हित वेयर हाउस और स्लाटर हाउस संचालकों के खातों की जांच की जिम्मेदारी सौंपी है। उन्हें निर्देश दिए गए हैं कि पश्चिम बंगाल सरकार के संबंधित विभागों से खातों का विवरण प्राप्त कर लेनदेन की गहन जांच की जाए। जांच में सामने आया है कि हुगली जिले के पंडुआ थाना क्षेत्र के बलिहट्टा निवासी गिरफ्तार पशु तस्कर राजा कुरैशी के खाते से करीब ढाई करोड़ रुपये विभिन्न पशु तस्करों को भेजे गए। यह भुगतान फोन-पे समेत अन्य डिजिटल माध्यमों से भी किया गया। पुलिस के अनुसार राजा कुरैशी यूपी और बिहार से पशुओं की खरीद कर उन्हें पश्चिम बंगाल के वेयर हाउस और स्लाटर हाउसों तक पहुंचाता था। पशु तस्करी के पूरे नेटवर्क की जांच के लिए एक माह पूर्व पुलिस अधीक्षक ने अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) ऋषभ रूणवाल के नेतृत्व में विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया था। टीम सोनभद्र, मीरजापुर, चंदौली के अलावा बिहार, झारखंड और पश्चिम बंगाल तक फैले नेटवर्क की पड़ताल कर रही है। विभिन्न थानों में छह तस्करों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत भी कार्रवाई की जा चुकी है।

## संक्षिप्त खबरें

### गैंगस्टर एक्ट के दो आरोपी गिरफ्तार



**सिद्धार्थनगर।** जिले के त्रिलोकपुर पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट से सम्बन्धित वांछित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए न्यायालय भेजा गया है। डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम के सम्बन्ध में चलाये जा रहे अभियान में प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के पर्यवेक्षण में हरेकृष्ण उपाध्याय प्रभारी निरीक्षक थाना त्रिलोकपुर के नेतृत्व में उ0नि0 अमित कुमार शाही मय हमराही द्वारा मु0अ0सं0 134/2026 धारा 2(ख) की उपधारा एक व 3(1) उ0प्र0 गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रिया - कलाप निवारण अधिनियम से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त जगतराम पुत्र राम नेवास निवासी बनकटी थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर व सुनील गुप्ता पुत्र मोहन लाल निवासी रसूलाबाद थाना गैडास बुजुर्ग जनपद बलरामपुर को गुरुवार को चिताही तिराहे से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्णकर न्यायालय भेजा गया ।

### कम्पोजिट विद्यालय का ताला तोड़ कर खाद्यान्न चोरी

**सिद्धार्थनगर।** जिले के चिल्हिया थाना क्षेत्र के कंपोजिट जूनियर हाई स्कूल काशीपुर में बुधवार की रात चोरों ने विद्यालय के सभी कमरों का ताला तोड़कर फेंक दिया और एक कमरे में रखा हुआ बच्चों का खाद्यान्न एक बोरी चावल उठा ले गए, इसके पूर्व में भी फरवरी 2026 में जंगला और फाटक तोड़कर विद्यालय में लगा हुआ पानी का मोटर चोरी हुआ था। प्रधानाध्यापक अब्दुल अजीज ने बताया कि चिल्हिया थाने में चोरी होने की सूचना दिया था और फिर बीती रात चारों ने विद्यालय में रखा खाद्यान्न उठा ले गए।

### सड़क पर पानी भरने से आवागमन बाधित

**बिस्कोहर ( सिद्धार्थनगर)।** सोहना मार्ग पर खरौली गांव में सड़क के दक्षिण तरफ जो पुल बना है उसी के आगे अन्नपूर्णा भवन बना हुआ है। जिसके सामने पानी भरा हुआ है। जबकि इसी रास्ते से होकर ग्रामीणों को कोटे की दुकान पर राशन लेने के लिए जाना पड़ता है। इससे गांव वालों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि अन्नपूर्णा भवन के सामने मिट्टी गिरा कर उस पर ईट लगा दिया जाए तो राशन लेने लिए आवागमन में दिक्कत नहीं होगी।

### घर से हजारों की नकदी व लाखों के जेवरात उड़ाये, दी तहरीर

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अज्ञात चोरों द्वारा दरवाजे का ताला तोड़कर घर से नकदी समेत सोने चांदी के आभूषण पर हाथ साफ कर दिया।पीड़ित ने घटना को लेकर पुलिस को तहरीर दी है। उदयपुर थाना के पूरे ओरी रेहुआ लालगंज निवासी प्रेमचंद्र सिंह पुत्र जवाहर के घर बुधवार की देर रात बदमाश पीछे का दरवाजे का ताला तोड़कर घुस आये। बदमाशो ने कमरे के अंदर आलमारी में रखे लाखों के जेवरात व दस हजार रूपये नकद पर हाथ साफ कर दिया। गुरूवार की सुबह परिजन सोकर उठे तब ताला टूटा देख आवाक रह गये। पीड़ित ने घटना को लेकर पुलिस को तहरीर दी है। प्रभारी निरीक्षक दीप नारायण का कहना है कि जांच कर घटना का शीघ्र खुलासा किया जाएगा।

### आपत्तिजनक वीडियो बनाने पर दर्ज हुआ मुकदमा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** धोखे से आपत्तिजनक वीडियो बना लेने तथा विरोध पर जानलेवा धमकी देने के आरोप को लेकर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के एक गांव की पीड़िता ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि वह सांगीपुर थाना के हर्षपुर असांव गांव निवासी बृजेश गुप्ता पुत्र शोभनाथ गुप्ता से करीब वर्ष भर से बातचीत करती थी। पीड़िता का आरोप है कि इसी बीच आरोपी बृजेश ने धोखे से उसका आपत्तिजनक वीडियो बना कर वायरल कर दिया। इसकी जानकारी होने पर पीड़िता ने वीडियो डिलीट करने को कहा तो आरोपी ने मना करते हुए धमकी दी। यह भी आरोप है कि आरोपी पीड़िता व उसके पिता को अलग अलग नंबरों से जानलेवा धमकी दिलवा रहा है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# नदी में डूबे तीन युवक...

## बैदौली घाट पर अंतिम संस्कार के दौरान तीन युवक नदी में डूबे, तलाश जारी



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के बानगंगा नदी के बैदौली घाट पर गुरुवार दोपहर एक हृदयविदारक घटना सामने आई। ग्राम पंचायत माधवापुर के टोला मिझुनिया के कंचन देवी (85 वर्ष), पत्नी स्वर्गीय राम मुकुट के अंतिम संस्कार के दौरान करीब 1:30 बजे तीन युवक बाणगंगा नदी पानी में लापता हो गये। घटना के बाद क्षेत्र में कोहराम मच गया हैं। घटना की जानकारी मिलते ही शोहरतगढ़ तहसीलदार प्रकाश सिंह तथा शोहरतगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह आदि लोग बैदौली घाट के घटना स्थल पर पहुंच गये। स्थानीय गोताखोरों की मदद से पानी डूबे हुये मिझुनिया गावं निवासी शिवा (17 वर्ष), पुत्र राममूरत, रवि (17 वर्ष), पुत्र रामरूप तथा मोनू (18 वर्ष), पुत्र बबलू के तलाश में जुट गये। समाचार लिखे जाने तक लापता युवकों का पता नहीं चल सका है। जय प्रकाश पांडेय, जनार्दन, धर्मेश, सरवन कुमार आदि लोगों का कहना है कि गहरे पानी में बगैर एनडीआरएफ, एसडीआरएफ के स्टीमर व जवानों के तलाश कर पाना मुश्किल लग रहा है। शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने जिला प्रशासन और संबंधित अधिकारियों से तत्काल सम्पर्क कर घटना से अवगत कराकर उचित कदम उठाकर त्वरित कार्यवाही के लिये कहा। मौके पर मौजूद एसडीएम शोहरतगढ़ राजेश कुमार, सीओ मयंक द्विवेदी, शोहरतगढ़ तहसीलदार प्रकाश सिंह तथा शोहरतगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक नवीन कुमार सिंह सहयोगियों के साथ राहत बचाव कार्य , डूबे हुए बच्चों की तलाश में जुटे हैं। प्रशासन के अनुसार राहत एवं खोज अभियान युद्धस्तर पर जारी है और उच्चाधिकारी लगातार रेस्क्यू स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं।

## साइबर फ्रॉड का दस हजार रुपए की धनराशि वापस कराया




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लोटन(सिद्धार्थनगर)।** कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कर्मी निवासी एक व्यक्ति का साईबर फ्राड के तहत दस हजार रुपए को लोटन पुलिस ने बृहस्पतिवार को वापस कराया। जानकारी के अनुसार बृहस्पतिवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में साइबर अपराध एवं साइबर क्राइम रिकवरीलीन हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में एवं थानाध्यक्ष हरिओम कुशवाहा के नेतृत्व में 20 जुलाई को अनिल शर्मा पुत्र उमाशंकर साकिन करमी थाना लोटन जनपद सिद्धार्थनगर के द्वारा एनसीआपी पोर्टल के माध्यम से शिकायत के माध्यम से वित्तीय फ्राड होनें का शिकायत किया गया था । जिस पर थाना लोटन साइबर सेल टीम द्वारा आवेदक अनिल शर्मा उपरोक्त के फ्राड धनराशि दस हजार रुपये को पीड़ित के खाता में वापस कराया गया। साइबर टीम लोटन थानाध्यक्ष हरिओम कुशवाहा,उ0नि0 रवीन्द्र यादव,क0आ0 गौरवकान्त,हे0का0 अंकित सिंह,म0का0 पूजा वर्मा,रि0म0का0 कीर्ति आदि मौजूद रहीं।

## जल संरक्षण का लिया संकल्प



**सिद्धार्थनगर।** जल संरक्षण सप्ताह के तहत गुरुवार को बर्डपुर ब्लाक के कंपोजिट विद्यालय काशीपुर के परिसर में जल संरक्षण शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बच्चों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई। शपथ में पानी की बर्बादी रोकने, जल का दुरुपयोग न करने, वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देने और लोगों को जल संरक्षण के प्रति जागरुक करने का संकल्प लिया गया। इस दौरान प्रधानाध्यापक अब्दुल अजीज ने कहा कि जल ही जीवन है और इसके संरक्षण की जिम्मेदारी सभी की है।

## आरुष धवल ने राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाया जिले का गौरव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** प्रतिभा,मेहनत और लगन के दम पर पट्टी प्रतापगढ़ के आरुष धवल ने प्रदेश के प्रतिष्ठित प्रबंधन संस्थानों में चयनित होकर जिले का नाम रोशन किया है। आरुष का चयन भारतीय प्रबंधन संस्थानों सहित कई नामी शिक्षण संस्थानों में हुआ है, जबकि दो प्रमुख भारतीय प्रबंधन संस्थानों के लिए दिए गए साक्षात्कार का परिणाम अभी प्रतीक्षित है। उनकी इस उपलब्धि पर परिवार, शुभचिंतकों और क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है।आरुष धवल का चयन भारतीय प्रबंधन संस्थान रोहतक, भारतीय प्रबंधन संस्थान संबलपुर, नालसार विधि विश्वविद्यालय (एकीकृत प्रबंधन कार्यक्रम), क्राइस्ट विश्वविद्यालय बेंगलुरु (केंद्रीय परिसर), नरसी मोनजी जी प्रबंधन अध्ययन संस्थान, मुंबई परिसर तथा टी ए पी प्रबंधन संस्थान, मणिपाल में हुआ है। इसके अलावा उन्होंने भारतीय प्रबंधन संस्थान कोझिकोड और भारतीय प्रबंधन संस्थान सिरमौर के प्रबंध कार्यक्रमों के लिए साक्षात्कार भी दिया है, जिनके परिणाम की प्रतीक्षा है। विशेष बात यह है कि आरुष का चयन यूनिवर्सिटी ऑफ एसेक्स (यूनाइटेड किंगडम) के अंतरराष्ट्रीय द्वैध उपाधि कार्यक्रम में भी हुआ है, जो नरसी मोनजी प्रबंधन अध्ययन संस्थान के सहयोग से संचालित होता है। यह उपलब्धि उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता और वैश्विक स्तर पर प्रबंधन शिक्षा प्राप्त करने की क्षमता को दर्शाती है। आरुष धवल के पिता हरकेश पांडे पट्टी नगर में 'पांडे एंड संस' के नाम से प्रतिष्ठित औषधि व्यवसायी है।इनकी माताजी अर्चना पांडे उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उड़ैयाडीह में शिक्षिका के पद पर कार्यरत हैं। उनके दादाजी राधेश्याम पांडे हाथी पांडे क्षेत्र के सम्मानित एवं प्रतिष्ठित व्यक्ति में गिने जाते हैं। परिवार ने आरुष की सफलता का श्रेय उनके कठिन परिश्रम, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया गया है। समाजसेवी रोशनलाल



उमरवैश्य ने कहा कि आरुष धवल ने माता-पिता के साथ जिले का भी मान बढ़ाया है। ऐसे होनहार बालक एक दिन राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मुकाम हासिल करेंगे। आरुष की इस उल्लेखनीय सफलता पर समाजसेवी रोशनलाल उमरवैश्य, अभिषेक तिवारी एडवोकेट, डॉ0 आशीष त्रिपाठी, सुरेश चंद्र पांडे नेताजी, विवेक उपाध्याय, भूपेश त्रिपाठी आदि शिक्षकों, व्यापारियों, समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों, क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने शुभकामनाएं देते हुए आरूष के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## सुदामा प्रसाद का शिक्षक संगठनों ने किया जोरदार स्वागत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रतनपुर/महराजगंज।** उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ ने गुरुवार को रतनपुर बीआरसी और कम्पोजिट विद्यालय पुरैनिहा पर नवागत खण्ड शिक्षा अधिकारी सुदामा प्रसाद का माल्यार्पण कर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान शिक्षकों ने उन्हें महात्मा गौतम बुद्ध का मोमेंटो और अंगवस्त्र भेंट किया। साथ ही शिक्षण कार्य को और बेहतर बनाने व अपने कर्तव्यों का पूरी निष्ठा से पालन करने का भरोसा दिया। कम्पोजिट विद्यालय पुरैनिहा में प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष राघवेंद्र नाथ पाण्डेय के नेतृत्व में सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। इसमें प्राथमिक शिक्षक संघ, जूनियर शिक्षक संघ, शिक्षामित्र संघ, अनुदेशक संघ और रसोइया संघ ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी संगठनों ने मुख्य अतिथि बीईओ सुदामा प्रसाद का माल्यार्पण किया, जबकि ब्लॉक अध्यक्ष राघवेंद्र पाण्डेय ने उन्हें मोमेंटो और शॉल देकर सम्मानित किया। समारोह को संबोधित करते हुए नवागत बीईओ ने सभी शिक्षकों से समय पर विद्यालय पहुंचकर शिक्षण कार्य करने की अपील की।



उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने, पेंडेंसी खत्म करने और आपसी सहयोग की भावना से काम करने का भरोसा दिया। वहीं रतनपुर बीआरसी पर उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ बलराम निगम गुट के ब्लॉक अध्यक्ष अतुल कुमार पटेल के नेतृत्व में नवागत बीईओ का स्वागत किया गया। शिक्षकों ने उन्हें माल्यार्पण कर मोमेंटो और शॉल भेंट की। इस मौके पर तहसील प्रभारी दिनेश कुमार त्रिपाठी, मंत्री मनौवर अली, कोषाध्यक्ष चंद्रभान प्रसाद, कमलानन शुक्ल, रामबेलास चौधरी, सूर्यभान उपाध्याय, रविकांत, यशोदा नंद भारती, सतीश गौतम, राजेश भारती, प्रदीप, राजेंद्र चौधरी, गिरिजेश, दिनेश यादव, राजेश प्रसाद, विनोद यादव, अजातशत्रु सिंह, आकाश वर्मा, उमेश और शिवनाथ समेत समस्त बीआरसी स्टाफ उपस्थित रहा।

## नीट की सफलता पर स्कूल प्रबंधन ने बिटिया को किया सम्मानित



**लम्भुआ, सुलतानपुर।** लम्भुआ नगर पंचायत क्षेत्र की गौरवी बरनवाल ने मेहनत के दम पर नीट 2026 में सफलता हासिल की है। गौरवी ने दूसरे प्रयास में नीट एग्जाम 2026 में सामान्य श्रेणी में 9440 रैंक प्राप्त की है। गौरवी के पिता संतोष बरनवाल चिकित्सा विभाग में फार्मासिस्ट के पद पर तैनात हैं। गौरवी ने जूनियर हाईस्कूल तक की एकेडमिक शिक्षा रघुकुल एकेडमी इंग्लिश मीडियम स्कूल, लम्भुआ से प्राप्त की थी। बिटिया की इस उपलब्धि पर रघुकुल एकेडमी इंग्लिश स्कूल के प्रबंधक राम तीरथ सिंह एवं प्रधानाचार्य संगीता सिंह ने गौरवी को मेडल देकर सम्मानित किया और उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। स्कूल प्रबंधन ने कहा कि गौरवी की सफलता पूरे लम्भुआ क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है।

## चार देशी नाजायज सुतली बम के साथ शातिर अपराधी गिरफ्तार किया गया

**प्रतापगढ़।** थाना लालगंज क्षेत्रान्तर्गत सरस्वती विद्यामन्दिर इण्टर कालेज चौराहे ग्राम कस्बा लालगंज के पास से एक अभियुक्त मोहम्मद साबिर खान उर्फ कल्लन पुत्र मोहम्मद जुम्मन खान उर्फ तन्ने निवासी ग्राम कुरैसिन का पुरवा मजरा राहटीकर थाना उदयपुर प्रतापगढ़ उम्र करीब 27 वर्ष के कब्जे से 04 अदद देशी नाजायज सुतली बम के साथ गिरफ्तार किया गया।उक्त बरामदगी के संबंध में थाना लालगंज में धारा 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम का अभियोग पंजीकृत किया गया है।

## वारंटी महिला गिरफ्तार, न्यायालय के आदेश पर भेजा गया जेल

**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के अंतर्गत अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान में परसामलिक पुलिस ने ग्राम न्यायालय द्वारा जारी गैर जमानती वारंट के मामले में तत्परता दिखाते हुए एक वारंटी महिला को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी के अनुसार ग्राम न्यायालय द्वारा भारतीय दंड संहिता की धारा 323 और 504 के तहत आरोपी महिला के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी किया गया था, जिसके बाद से पुलिस लगातार उसकी तलाश में जुटी हुई थी। इसी क्रम में थानाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने सटीक सूचना के आधार पर गुरुवार सुबह ग्राम पंचायत खैरहवा दूबे में स्थित आरोपी महिला के घर पर अचानक दबिश दी और मौके से वारंटी गुड़िया (45) पत्नी जगदीश को हिरासत में ले लिया। इस सफल कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम में सेवतरी चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक पवन कुमार राय, महिला कांस्टेबल सुनीता पाल व रिंकू शामिल रही। इस संबंध में सेवतरी चौकी प्रभारी पवन कुमार राय ने बताया कि गैर जमानती वारंट के मामले में एक महिला को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है।

## शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में 6 गिरफ्तार




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक पुलिस ने गुरुवार को शांति भंग की आशंका में 6 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार सभी अभियुक्तों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय चालान कर दिया है। जानकारी के मुताबिक थानाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह की अगुवाई में उपनिरीक्षक घनश्याम सिंह यादव, महिला उपनिरीक्षक संजू गौड़, हेड कांस्टेबल सुमन्त यादव, कांस्टेबल रामप्रवेश गौड़, लालजी यादव और महिला कांस्टेबल रिनू की टीम ने क्षेत्र में शांति भंग करने की आशंका के चलते यह कदम उठाया। पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्त रामानंद यादव (28), बहुलास (45), कैलाश (50), दीपक (19), धीरज (20) और सोनू (20), जो सभी ग्राम असरैना टोला मल्लूडीह के निवासी हैं। पुलिस ने पकड़े गए अभियुक्तों के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 170/126/135 के तहत दो अलग-अलग चालान तैयार किए हैं। इन सभी अभियुक्तों को अग्रिम विधिक कार्रवाई के लिए न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने बताया कि शांतिभंग की आशंका में छह आरोपियों को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय चालान किया गया है।

## लावारिस बताकर कर दिया अंतिम संस्कार, भड़के ग्रामीणों ने एनएच-28 किया जाम

### एसडीएम-सीओ के आश्वासन पर करीब दो घंटे बाद बहाल हुआ आवागमन, पुलिस की कार्यशैली पर उठे गंभीर सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिले के शिवनगर डिंडई थाना क्षेत्र के खुंटहना चौराहे पर गुरुवार को उस समय हंगामा खड़ा हो गया, जब क्षेत्र के ग्रामीणों ने पुलिस की कथित लापरवाही के विरोध में राष्ट्रीय राजमार्ग-28 (बस्ती-बांसी मार्ग) पर जाम लगा दिया। आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की, जिससे करीब दो घंटे तक यातायात पूरी तरह बाधित रहा। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष बृजेश सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण किसी भी कीमत पर जाम हटाने को तैयार नहीं हुए। बाद में एसडीएम विश्वमित्र सिंह और क्षेत्राधिकारी शुभेन्दु सिंह मौके पर पहुंचे। दोनों अधिकारियों ने पीड़ित परिवार को निष्पक्ष कार्रवाई और लापरवाह पुलिसकर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद ग्रामीणों ने जाम समाप्त किया और आवागमन बहाल हो सका।

**03 जुलाई की घटना से फूटा गुस्सा**

ग्रामीणों का आक्रोश 03 जुलाई को करही चौराहे पर हुई दुर्घटना और उसके बाद पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर था। नदांव गांव निवासी रामनरेश गुप्ता 03 जुलाई को अपनी बेटी के घर जाने के लिए निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। अगले दिन परिजनों ने थाना शिवनगर डिंडई में उनकी गुमशुदगी दर्ज कराई। परिजनों का आरोप है कि कई दिनों तक पुलिस ने कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी। बाद में उन्हें बताया गया कि 03 जुलाई को ही रामनरेश गुप्ता सड़क दुर्घटना में घायल हुए थे। पुलिस उनकी बाइक को थाने ले गई थी तथा घायल को सीएचसी तिलौली और फिर जिला अस्पताल भेजा गया, जहां उनकी मृत्यु हो गई। आरोप है कि पहचान और परिजनों की तलाश किए बिना ही उनके शव का



लावारिस के रूप में अंतिम संस्कार करा दिया गया।

**पुलिस की भूमिका पर उठे सवाल**

घटना के बाद क्षेत्र में पुलिस की कार्यशैली को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते पुलिस ने गुमशुदगी और दुर्घटना की जानकारी का मिलान किया होता, तो परिजनों को अपने प्रियजन के अंतिम दर्शन से वंचित नहीं होना पड़ता। जाम समाप्त होने के बाद भी एहतियातन मौके पर सर्किल के चार थानों की पुलिस तैनात रही और स्थिति पर लगातार नजर रखी गई। अब क्षेत्रवासियों की निगाह प्रशासन द्वारा दिए गए कार्रवाई के आश्वासन पर टिकी हुई है।

## पूर्व चिकित्साधिकारी का इलाज के दौरान निधन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** दुर्घटना में घायल हुए पूर्व चिकित्साधिकारी डा0 हरिश्चंद्र शुक्ल 73 के निधन को लेकर सगरा सुन्दरपुर क्षेत्र में गुरूवार को शोक का माहौल देखा गया।16 जुलाई को डाक्टर शुक्ल घर से स्कूटी से किसी काम से निकले थे। पूर्व माध्यमिक विद्यालय के समीप अज्ञात बाइक की टक्कर से वह गंभीर रूप से घायल हो गये। लालगंज ट्रामा सेंटर में प्रारंभिक उपचार के बाद उन्हें पड़ोसी जिले रायबरेली एम्स में रेफर कर दिया। वहां भी स्थिति नाजुक देख परिजन उन्हें लखनऊ के मैक्स अस्पताल ले गये। गुरूवार की भोर में इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। निधन की जानकारी घर पहुंची तब परिजनों में कोहराम मच गया। इधर बाजार के साथ डा0 शुक्ल के पैतृक गांव पूरे शुक्लन हण्डौर में भी शोक का माहौल देखा गया। डाक्टर हरिश्चंद्र श्रीराम



कथा आयोजन समिति के संरक्षक भी थे। निधन की जानकारी पर ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि एवं भाजपा नेता डॉ0 राकेश सिंह, विश्वम्भर नाथ शुक्ल, प्रतीक शुक्ल, पूर्व बीडीसी राजकुमार शुक्ल, मानस ग्रन्थ संरक्षा अभियान के राष्ट्रीय संयोजक ज्ञानप्रकाश शुक्ल, पूर्व प्रधानाचार्य रमेशचंद्र तिवारी, समाजसेवी संजय शुक्ल, मदन तिवारी, मनोज तिवारी आदि ने डा0 हरिश्चंद्र के निधन को सामाजिक सेवा के क्षेत्र में अपूर्णनीय क्षति कहा है।

## किशोर न्याय बोर्ड के लिए किराये पर भवन देने के लिए इच्छुक भवन स्वामी करें आवेदन

**प्रतापगढ़।** जिला प्रोबेशन अधिकारी राम बाबू विश्वकर्मा ने बताया है कि न्यायालय/कार्यालय किशोर न्याय बोर्ड, प्रतापगढ़ के संचालन हेतु भवन की आवश्यकता है। भवन कलेक्ट्रेट परिसर के आसपास स्थित होना चाहिए तथा वहां आने-जाने के लिए सुगम मार्ग एवं पर्याप्त पार्किंग की व्यवस्था उपलब्ध होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि भवन में कम से कम 02 कमरे तथा लगभग 300 वर्गफीट क्षेत्रफल होना आवश्यक है। भवन में पानी, विद्युत, शौचालय आदि मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए। भवन का अधिकतम मासिक किराया 10,000 रुपये निर्धारित है। जो भी इच्छुक व्यक्ति अपना भवन न्यायालय/कार्यालय हेतु किराये पर देना चाहता है, वह अपने भवन का नक्शा सहित सहमति पत्र कार्यालय जिला प्रोबेशन अधिकारी, प्रतापगढ़ में प्रस्तुत कर सकता है।

## हत्या का प्रयास में 10000 रुपये का ईनामिया अभियुक्त को गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** ग्राम रेड़ीगारापुर निवासी वादी के अनुसार मोहिनी तालाब के पास पूर्व नियोजित योजना के तहत 25 अप्रैल को कुलदीप चौरसिया, विनय चौरसिया, सचिन चौरसिया व संतोष यादव द्वारा अपाची बाइक से आकर वादी को पकड़कर चाकू से जानलेवा हमला किया गया तथा बीच बचाव करने आए विजय यादव व शिवम यादव को भी चाकू व डंडे से घायल कर दिया गया, जिससे शिवम यादव गंभीर रूप से घायल होकर बेहोश हो गए। अभियुक्तगण द्वारा पूर्व रंजिश के चलते घटना कारित करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। उक्त प्रकरण के संबंध में थाना पट्टी पर धारा 3(5)/61(2)/109 (1)/110/351 (3) बीएनएस बनाम 04 नामजद अभियुक्तों पर पंजीकृत किया गया है। थाना पट्टी जनपद प्रतापगढ़ से सम्बन्धित 10000 रुपये का ईनामिया वांछित अभियुक्त संतोष यादव पुत्र स्व0 छोटेलाल यादव निवासी ग्राम रेड़ीगारापुर थाना पट्टी जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब 28 वर्ष को थाना पट्टी क्षेत्रान्तर्गत उड़ेयाडीह मोड़ बस स्टैंड के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त ने पूछताछ में बताया कि जब से यह मुकदमा लिखा है तभी से पुलिस बचते हुए मुम्बई में जाकर रहकर काम धन्धा कर रहा था।अचानक घर पर कोई विशेष कार्य पड़ जाने के कारण आया था और आज पुनः मुम्बई जाने के लिए निकला ही था कि पकड़ लिया गया।

## पेपरलीक को लेकर विधानसभा में सरकार को घेरेगी कांग्रेस-मोना

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने विधानसभा के शुरू होने वाले मानसून सत्र में पेपरलीक और अयोध्या में चढ़ावा चंदा चोरी के मुद्दे पर सरकार की कांग्रेस की ओर से तगड़ी घेराबंदी का ऐलान किया है। उन्होने कहा कि पेपरलीक को लेकर उत्तर प्रदेश से भी बड़ी संख्या में नाराज छात्र दिल्ली के जंतर मंतर के धरना प्रदर्शन में शामिल हुए। उन्होने कहा कि वहां प्रदर्शन के दौरान केंद्र के अधीन दिल्ली पुलिस ने लाठीचार्ज कर छात्रों को बड़ी संख्या मे चोट पहुंचाई है। गुरूवार को नगर स्थित कैम्प कार्यालय पर पत्रकार वार्ता में सीएलपी नेता आराधना मिश्रा ने कहा कि पेपरलीक गैर राजनैतिक मुद्दा है।उन्होने कहा कि इससे हर घर में बच्चे बच्चे प्रभावित हो रहे हैं। उन्होने कहा कि राजनीति में नैतिकता एक अहम मुद्दा है। विधायक आराधना मिश्रा ने कहा कि केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान का इस्तीफा न देना नैतिक जिम्मेदारी से भाजपा का मुंह मोड़ना है। बतौर उदाहरण आराधना मिश्रा ने कहा कि रेल दुर्घटना को लेकर तत्कालीन रेल मंत्री लाल बहादुर शास्त्री समेत इसके पहले कांग्रेस शासनकाल में कई मंत्रियों ने नैतिक जिम्मेदारी स्वीकार कर इस्तीफा दिया है। उन्होने सवालिया अंदाज मे कहा कि क्या पूर्व में इस्तीफा देने वाले मंत्रियों का कोई दोष सिद्ध हुआ। उन्होने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पेपरलीक मसले पर फास्टट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाने के ताजा बयान की भी घेराबंदी की। उन्होने जोर देकर कहा कि छात्रों पर बर्बरता के बाद शिक्षा मंत्री का इस्तीफा लेने की जगह मोदी सरकार का इस पर चर्चा कराने का राग अलापना गैर जिम्मेदाराना है। वहीं अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर में चढ़ावा चन्दा चोरी को लेकर विधायक आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि यह आस्था के साथ अभूतपूर्व विश्वासघात है। उन्होने कहा कि भाजपा और आरएसएस देश को बताए कि चंदा चोरी के भ्रष्टाचारी आखिर कितने बड़े



हैं। उन्होने सवाल दागा कि किस डर या भय से भाजपा व सरकार इस मामले मे बड़े भ्रष्टाचारियों को बचाने का प्रयास कर रही है। प्रदेश खासकर प्रतापगढ़ एवं रामपुरखास में इस समय डीएपी तथा यूरिया खाद किसानों को उपलब्ध न होने को उन्होने भाजपा का किसान विरोधी चेहरा उजागर होना करार दिया। प्रदेश में लगातार बने बिजली संकट को लेकर भी उन्होने कहा कि सरकार आपूर्ति को लेकर विफल हो चुकी है। प्रेस वार्ता के दौरान प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, ब्लाक प्रमुख अमित सिंह पंकज, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी मौजूद रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## बगैर रजिस्ट्रेशन अस्पताल संचालन का आरोप,महकमा मौन

**लखीमपुर खीरी-** कस्बा महेवागंज क्षेत्र में स्थित एक निजी अस्पताल को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय सूत्रों का दावा है कि अस्पताल में सामान्य प्रसव (नॉर्मल डिलीवरी), विभिन्न प्रकार के ऑपरेशन तथा ओपीडी सेवाएं संचालित की जा रही हैं, जबकि अस्पताल के पंजीकरण और निर्धारित मानकों को लेकर संदेह जताया जा रहा है। मामले को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल है और स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं।सूत्रों के अनुसार संबंधित चिकित्सक ने अपने व्हाट्सएप प्रोफाइल पर नॉर्मल डिलीवरी, ऑपरेशन और ओपीडी सेवाएं उपलब्ध होने का उल्लेख किया है। वहीं आरोप है कि अस्पताल के बाहर कोई नाम पडा (बोर्ड) तक नहीं लगा है, जिससे आम लोगों को अस्पताल की वैधानिक स्थिति की जानकारी नहीं मिल पाती। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि अस्पताल वास्तव में बिना वैध पंजीकरण और आवश्यक मानकों के संचालित हो रहा है तो यह मरीजों, विशेषकर गरीब और ग्रामीण परिवारों की जान के साथ गंभीर खिलवाड़ हो सकता है।क्षेत्रवासियों का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग को ऐसे मामलों की समय-समय पर जांच करनी चाहिए ताकि बिना अनुमति या मानकों के अस्पताल संचालन पर रोक लगाई जा सके। लोगों का आरोप है कि संबंधित अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग के निर्धारित नियमों का पालन नहीं किया जा रहा, फिर भी अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है।

## साप्ताहिक बाजार निर्माण में खेल

**लखीमपुर-खीरी।** भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस का दावा करने वाली सरकार के बीच ब्लॉक लखीमपुर की ग्राम पंचायत कोढ़ैय्या में निर्माणाधीन लीलाकुआं साप्ताहिक बाजार अब सवालों के घेरे में है। लगभग एक करोड़ रुपये की लागत से तैयार हो रहे इस निर्माण कार्य को लेकर लगातार गंभीर आरोप उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार समाचार पत्रों में खबरें प्रकाशित होने के बावजूद न तो निर्माण की गुणवत्ता में सुधार हुआ और न ही जिम्मेदार अधिकारियों ने कोई प्रभावी कार्रवाई की। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में मानकों की खुलेआम अनदेखी की जा रही है। बताया जा रहा है कि जहां निर्माण में मौरंग का इस्तेमाल होना चाहिए, वहां उसकी जगह डस्ट का प्रयोग किया जा रहा है और मिश्रण में लगभग 70 प्रतिशत बालू का इस्तेमाल किया जा रहा है। यदि यह आरोप सही हैं तो यह न केवल सरकारी धन की खुली बर्बादी है, बल्कि भविष्य में बनने वाली संरचना की मजबूती पर भी गंभीर सवाल खड़े करता है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर किसके संरक्षण में यह निर्माण कार्य चल रहा है? क्या संबंधित विभाग के इंजीनियर, तकनीकी सहायक और जिम्मेदार अधिकारी कभी मौके पर निरीक्षण करने पहुंचे ही नहीं? और यदि पहुंचे, तो क्या उन्हें निर्माण सामग्री की गुणवत्ता में हो रही कथित गड़बड़ियां दिखाई नहीं दीं? या फिर सब कुछ देखकर भी आंखें मूंद ली गईं? प्रदेश सरकार लगातार भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई के दावे करती है, लेकिन जमीनी स्तर पर तस्वीर कुछ और ही दिखाई देती है।

## बिना डॉक्टर के खुद ही अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट तैयार कर रहे टैक्नीशियन, मरीज परेशान

**निघासन खीरी-** कस्बा निघासन सहित अब ग्रामीण इलाकों में लैब सहित डायग्नोस्टिक सेंटर जोरों से खुलने लगे हैं। विडम्बना यह हैं इनमे काम करने वाले ज्यादा तर छोलाछाप ही होते इन लोगों के पास कोई डिग्रियां नहीं होती हैं ऐसा लोग आरोप लगाते हैं। इतना ही नहीं चंद रुपयों के लालच में मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़ करते हैं। कस्बे सहित पूरे इलाके में कई निजी डायग्नोस्टिक सेंटरों और अवैध रूप - से संचालित लैबों में बिना योग्य डॉक्टर के ही संचालित करते हैं। कस्बा निघासन में देखा जाय तो दर्जनों की संख्या में अल्ट्रासाउंड, टेक्नीशियन और लैब सेन्टर संचालित हैं। जिसमें योग्यता वाले कोई भी कार्य करते नहीं देखे जाते हैं ऐसा ग्रामीण आरोप लगाते जिसकारण गलत रिपोर्ट आने के खामियाजा मरीजों को भुगतना पड़ता हैं। खास बात यह हैं, इस गोरखधंधे चलाने वालों पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा कोई भी कार्रवाई नहीं की जा रही। संचालकों के नाम जल्द होंगे उजागर !

## स्कूल के लिए निकली कक्षा 5 की छात्रा लापता, मुकदमा दर्ज

**गोपीगंज।** थाना क्षेत्र के कसिदहा गांव से स्कूल के लिए निकली कक्षा 5 की छात्रा रहस्यमय ढंग से लापता हो गई। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छात्रा की तलाश शुरू कर दी है।

# पेपर लीक पर कांग्रेस का राज्यव्यापी आंदोलन

## छात्रों के साथ न्याय की मांग को लेकर राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हजारीबाग, झारखंडः-** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव एवं हजारीबाग जिला प्रभारी राजीव रंजन प्रसाद ने प्रेस बयान जारी कर बताया कि प्रदेश कांग्रेस के राज्यव्यापी कार्यक्रम 'लोकतंत्र बचाओ - छात्र न्याय आंदोलन' के तहत गुरुवार को राज्य के सभी जिला मुख्यालयों में धरना-प्रदर्शन आयोजित किया गया। इस दौरान राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपकर पेपर लीक मामलों में जवाबदेही तय करने और छात्रों के हितों की रक्षा की मांग उठाई गई। राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि जब-जब देश के युवाओं ने अपनी आवाज बुलंद की है, तब-तब इतिहास में बदलाव का नया अध्याय लिखा गया है। उन्होंने कहा कि छात्र और युवा अब पेपर लीक, भ्रष्टाचार और अन्याय को स्वीकार करने वाले नहीं हैं तथा अपने अधिकारों की लड़ाई पूरी मजबूती से लड़ेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि पेपर लीक की घटनाओं ने देश के लाखों मेहनती और प्रतिभाशाली छात्रों के सपनों को तोड़ दिया है। वर्षों की मेहनत और उम्मीदें भ्रष्ट व्यवस्था की भेंट चढ़ गई, जिससे युवाओं का भविष्य प्रभावित हुआ है। कांग्रेस नेता ने कहा कि राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी पूरे देश में छात्रों और युवाओं के समर्थन में आंदोलन कर रही है। उनके अनुसार, जनता के बढ़ते दबाव के कारण केंद्र सरकार ने पेपर लीक मामलों की सुनवाई के लिए फास्ट ट्रैक अदालतों की घोषणा की है, लेकिन यह कदम बहुत देर से उठाया गया और इससे समस्या का स्थायी समाधान नहीं होगा। राजीव रंजन प्रसाद ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले वर्षों में पेपर लीक की घटनाओं पर पर्दा डालने का प्रयास किया गया। उन्होंने दावा किया कि सरकार ने कई मामलों में पारदर्शिता नहीं बरती और जांच की प्रक्रिया पर भी सवाल खड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि NEET-UG 2024 और GC-NET 2024 जैसे मामलों में भी निष्पक्ष जांच और कार्रवाई को लेकर कई सवाल आज भी अनुत्तरित हैं। उन्होंने यह भी कहा कि संसद द्वारा पारित पब्लिक एग्जामिनेशन (प्रिवेंशन ऑफ अनफेयर मीन्स) एक्ट, 2024 पेपर लीक जैसी घटनाओं को रोकने के लिए पर्याप्त नहीं है। कांग्रेस सहित विपक्ष ने कानून बनने के समय भी इसे लेकर अपनी



आपत्तियां दर्ज कराई थीं। राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि देश के छात्र आधे-अधूरे उपायों से संतुष्ट नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि छात्रों की मांग है कि पेपर लीक मामलों में जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही तय की जाए, निष्पक्ष जांच हो और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कांग्रेस की ओर से प्रमुख मांगें रखते हुए कहा कि केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को पद से हटाया जाए, छात्रों से सार्वजनिक रूप से माफी मांगी जाए तथा आंदोलन के दौरान छात्रों के साथ कथित हिंसा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। कांग्रेस ने कहा कि वह छात्रों के हितों, निष्पक्ष परीक्षा प्रणाली और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया के लिए अपना आंदोलन आगे भी जारी रखेगी।

# शासकीय योजनाओं ने बदली किसान लक्ष्मी सिंह की तकदीर

## 12 बीघा से 500 बीघा तक का तय किया सफर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**फिरोजाबाद-** शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का सही उपयोग किसी भी व्यक्ति के जीवन की दशा और दिशा बदल सकता है। इसका जीवंत उदाहरण जारखी ग्राम के प्रगतिशील किसान लक्ष्मी सिंह हैं। कभी लीज पर मात्र 10 से 12 बीघा भूमि पर खेती करने वाले लक्ष्मी सिंह आज लगभग 400 से 500 बीघा भूमि लीज पर लेकर खेती कर रहे हैं। इतना ही नहीं, अपनी मेहनत और सरकार की विभिन्न कृषि योजनाओं के सहयोग से उन्होंने 75 बीघा स्वयं की कृषि भूमि भी खरीद ली है। अपनी सफलता की कहानी साझा करते हुए लक्ष्मी सिंह बताते हैं कि शासन की पारदर्शी नीतियों और किसान हितैषी योजनाओं ने उनके जीवन में बड़ा बदलाव लाया है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि से मिलने वाली नियमित आर्थिक सहायता ने खेती की प्राथमिक आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण सहयोग दिया है। वहीं, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कृषि ट्यूबवेल के बिजली बिल माफ किए जाने से उन्हें प्रतिमाह लगभग 3 से 4 हजार रुपये की बचत हो रही है। उन्होंने बताया कि कृषि विभाग के माध्यम से समय पर सब्सिडी वाले उर्वरक तथा उन्नत एवं प्रमाणित बीज आसानी से उपलब्ध हो जाते हैं, जिससे उत्पादन बढ़ाने में काफी मदद मिल रही है। लक्ष्मी सिंह ने प्रदेश में मजबूत हुई कानून व्यवस्था की भी सराहना करते हुए कहा कि अब किसान रात 12 बजे भी बिना किसी भय के खेतों में सिंचाई और कृषि कार्य कर सकते हैं। किसान लक्ष्मी सिंह ने अपनी सफलता का श्रेय सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, किसान हितैषी नीतियों तथा अपनी मेहनत को देते हुए माननीय मुख्यमंत्री एवं जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ लेकर आज किसान आत्मनिर्भर बन रहे हैं और बिना किसी डर के खेती कर तरक्की की नई इबारत लिख रहे हैं।

## लखीमपुर सदर विधानसभा: भाजपा की हैट्रिक या सपा की वापसी?

**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर खीरी जिले की सदर विधानसभा सीट पर आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। कभी समाजवादी पार्टी का मजबूत गढ़ रही इस सीट पर 2017 के बाद भारतीय जनता पार्टी ने कब्जा जमाया और लगातार दो चुनाव जीतकर अपनी स्थिति मजबूत की। अगर पिछले पांच विधानसभा चुनावों पर नजर डालें तो इस सीट पर समाजवादी पार्टी ने तीन बार जबकि भाजपा ने दो बार जीत दर्ज की है। सपा के शासनकाल में बसपा मुख्य मुकाबले में रही, वहीं पिछले दो चुनावों में सपा की ओर से उत्कर्ष वर्मा मैदान में उतरे। अब उत्कर्ष वर्मा सांसद बन चुके हैं, ऐसे में सपा को नए चेहरे की तलाश है। भाजपा की ओर से मौजूदा विधायक योगेश वर्मा तीसरी बार जीत दर्ज कर हैट्रिक लगाने की तैयारी में हैं। दूसरी ओर सपा में टिकट को लेकर कई दावेदार सक्रिय हैं, लेकिन राजनीतिक गलियारों में चर्चा है कि पूर्व बसपा प्रत्याशी मोहन बाजपेई इस बार समाजवादी पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़ सकते हैं। हालांकि, अभी पार्टी की ओर से कोई आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। यदि मोहन बाजपेई को सपा उम्मीदवार बनाती है, तो उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती भाजपा के लगातार दो चुनावों से चले आ रहे विजय अभियान को रोककर सदर सीट पर सपा की वापसी कराना होगी।

# नवनिर्वाचित अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य का हुआ भव्य स्वागत

## ठेकेदारों के हितों की लड़ाई का लिया संकल्प

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवघर, मधुपुरः-** अखिल झारखंड ठेकेदार संघ की ओर से गुरुवार को भुरभुरा मोड़ स्थित परिसर में नवनिर्वाचित अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य के सम्मान एवं स्वागत में समारोह आयोजित किया गया। संघ के सदस्यों ने उन्हें माला पहनाकर एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर भव्य स्वागत किया तथा सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दीं। बताया गया कि एक दिन पूर्व पंडित बी.एन. झा रोड स्थित संघ की वार्षिक बैठक में सर्वसम्मति से आदर्श लक्ष्य को अखिल झारखंड ठेकेदार संघ का निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया था। इसी उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में बड़ी संख्या में ठेकेदारों एवं गणमान्य लोगों ने भाग लिया। समारोह के दौरान ठेकेदारों के हितों एवं उनके समग्र विकास को लेकर झारखंड सरकार के समक्ष पांच सूत्री मांगें रखने का निर्णय लिया गया। इनमें झारखंड के स्थानीय पंजीकृत ठेकेदारों को सरकारी निविदाओं में प्राथमिकता, विभिन्न विभागों में लंबित बिलों का शीघ्र भुगतान, निविदा प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी एवं पूर्णतः ऑनलाइन बनाना, ठेकेदारों के लिए दुर्घटना बीमा एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाएं लागू करना तथा समस्याओं के समाधान के लिए राज्य स्तर पर स्थायी समन्वय समिति का गठन शामिल है। इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष आदर्श लक्ष्य ने कहा कि अखिल झारखंड ठेकेदार संघ ठेकेदारों के अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि संघ की सभी मांगों को जल्द ही झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री के समक्ष व्यक्तिगत




मुलाकात अथवा ज्ञापन के माध्यम से रखा जाएगा और उनके समाधान के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। कार्यक्रम में विमल कुमार राय, अभिजीत वर्मा, मनोरंजन झा, देवेंद्र मिश्रा, अभय कांत सिन्हा, जानकी प्रताप सिंह, हेमंत सिंह, दुलार चंद्र यादव, भूदेव यादव, अजय प्रसाद, विक्रम जीत आनंद, रवि अग्रवाल, अनूप कुमार, रंजन दास सहित संघ के अनेक सदस्य एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## पटना पुलिस का एक्शनः 177 उपद्रवियों की तस्वीर जारी, भड़काऊ पोस्ट करने वाले यूट्यूबर्स भी रडार पर

**पटना।** राजधानी में कई स्थानों पर बुधवार को हुए हिंसक प्रदर्शन के बाद पटना पुलिस बड़ी कार्रवाई करने में जुट गई है। अबतक 5177 प्रदर्शनकारियों की तस्वीर जारी किए जा चुके है। इसमें पुलिस मुख्यालय द्वारा 117 और पटना पुलिस ने 60 प्रदर्शनकारियों की तस्वीर जारी किया है। इन सभी की कुंडली खंगालने के लिए तकनीकी टीम गठित की गई है। साइबर सेल के साथ मिलकर पटना पुलिस को भी इस टीम में शामिल किया गया है। टीम अब इन सभी प्रदर्शनकारियों के बारे में पूरी जानकारी जुटाएगी। सभी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार छापामारी कर रही है। एसएसपी कार्तिकेय शर्मा ने बताया कि छात्रों के प्रदर्शन को उपद्रवियों ने हाइजैक कर लिया था, जिनका काम सिर्फ उत्पात मचाना और तोड़फोड़ करना था। किसी भी परिस्थिति में इन सभी को बख्शा नहीं जाएगा।

# गहन विधिक जागरूकता एवं जनसंपर्क अभियान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पाकुड़, झारखण्डः-** झालसा रांची के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के तत्वाधान में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ दिवाकर पांडेय के निर्देश पर सचिव रूपा बंदना किरो के मार्गदर्शन में पाकुड़ जेल में नब्बे दिवसीय गहन विधिक जागरूकता अभियान के तहत बंदियों के निःशुल्क कानूनी सहायता एवं उनके कानूनी अधिकार पर जागरूक किया गया उक्त कार्यक्रम के तहत लीगल एड डिफेंस कॉन्सिल चीफ़ सुबोध कुमार दफादार ने बंदियों से उनके वाद से संबंधित मामलों की जानकारी ली। वहीं लीगल एड डिफेंस कॉन्सिल के डिप्टी चीफ संजीव कुमार मंडल ने योग्य मामलों पर निःशुल्क अधिवक्ता उपलब्ध कराने समेत कानूनी सहायता को लेकर विस्तृत जानकारी साझा की । मौके पर पैरा लीगल वॉलिंटियर्स मोकमाउल शेख, उपस्थित रहें ।वहीं लिट्टीपाड़ा प्रखंड के अंतर्गत बमनीपाहड़ आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में पैरा लीगल वॉलिंटियर्स मीरु बेसरा ने डायन प्रथा, बाल विवाह के दुष्परिणाम समेत निःशुल्क विधिक सहायता प्राप्त करने को लेकर जानकारी दी । वहीं पाकुड़िया प्रखंड के अंतर्गत खकसा में सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ एवं कानूनी सहायता से संबंधित नालसा के टॉल फ्री नंबर 15100 पर समस्या होने पर संपर्क करने को कहा गया। इस दौरान अपने अपने कार्य क्षेत्रों में पैरा लीगल वॉलिंटियर्स ने नब्बे दिवसीय गहन विधिक जागरूकता अभियान को सफल बनाने को लेकर जागरूकता अभियान चलाया।

## नीट पेपर लीकः कटिहार-दरभंगा और बेगूसराय... कहीं पत्थर बरसे तो कहीं लाठीचार्ज

**पटना।** नीट पेपर लीक के विरोध में दिल्ली से उठी आंदोलन की चिंगारी अब बिहार के कई जिलों तक पहुंच गई है। पटना, दरभंगा, बेगूसराय, कटिहार, मुंगेर, जहानाबाद और पूर्णिया समेत कई जगहों पर छात्रों ने प्रदर्शन कर शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता और दोषियों पर कार्रवाई की मांग उठाई। कहीं प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा तो कहीं पथराव, लाठीचार्ज और अफरातफरी की स्थिति बन गई। बढ़ते विरोध को देखते हुए कई जिलों में पुलिस-प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। नीट पेपर लीक और केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग को लेकर पटना विश्वविद्यालय के सामने छात्रों के प्रदर्शन के बाद पुलिस ने चार थानों में 21 मामले दर्ज किए हैं। पुसु अध्यक्ष शांतनु शेखर समेत 45 लोगों की गिरफ्तारी हुई है। प्रदर्शनकारी अशोक राजपथ से विधानसभा की ओर बढ़ रहे थे, जिन्हें पुलिस ने रोक दिया। स्थिति बिगड़ने पर लाठीचार्ज किया गया, जिसमें कई छात्रों के घायल होने की सूचना है। साइंस कॉलेज में भी छात्रों ने धरना दिया। तनाव के चलते अशोक राजपथ की कुछ दुकानें बंद कराई गई और देर शाम तक भारी पुलिस बल तैनात रहा।

# विद्युत एसडीओ पर मारपीट का आरोप


## किर्यालय में बंद कर मारपीट करने और मोबाइल तोड़ने का लगाया आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)-** एक ग्रामीण व्यक्ति ने विद्युत कार्यालय के भीतर एसडीओ और टेक्नीशियन पर दरवाजा बंद कर गाली गलौच कर मारपीट करने और मोबाइल तोड़ देने का आरोप लगाते हुए मामले की पूरी शिकायत कोतवाली पुलिस से की है। शिकायतकर्ता ने इस दौरान जेब में रखे 35 हजार रुपए भी गिर जाने की बात अपने शिकायती पत्र में कही है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पनयारा निवासी रवि कुमार पुत्र सियाराम ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया कि वह सोलर प्लांट लगाए हुए है और चक्की चलाता है। बिजली बिल अधिक आने पर वह गुरुवार की शाम करीब 3 बजे चंदकुआं स्थित बिजली घर स्थित एसडीओ के कार्यालय में पहुंचा और अपना बिल चैक कराने के लिए कहा। रवि के अनुसार, वहां बैठे एसडीओ ने उससे कहा कि चक्की चलाते हो इसलिए तुमको हमें हर माह रुपए देने होंगे। यह सुनकर वह मोबाइल से एसडीओ की बात रिकॉर्ड करने लगा तो एसडीओ सहित मौजूद टेक्नीशियन ने कक्ष का दरवाजा बंद कर दिया और फिर गाली गलौच कर उसके साथ मारपीट की साथ ही उसका मोबाइल भी तोड़ दिया और जान से मारने की धमकी दी, इस दौरान उसकी जेब में रखे 35 हजार रुपए भी वहीं कक्ष में कहीं गिर गए। चीखने चिल्लाने पर बाहर मौजूद लोगों ने उसे बचाया जिसके बाद उसने मौके से ही पीआरबी पुलिस को सूचना दी। मामले को लेकर उसने पुलिस से कार्यवाही किए जाने की मांग की है। कोतवाल बृजेश बहादुर सिंह का कहना है कि शिकायती पत्र प्राप्त हुआ है, प्रथम दृष्टया दोनों पक्षों में कहासुनी होने की बात सामने आ रही है। मारपीट सहित अन्य आरोपों की जांच की जा रही है और जांच में जो भी तथ्य निकलकर सामने आयेंगे उसी अनुरूप विधिक कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# गूंजी छात्रों की आवाज़, युवा कांग्रेस का छात्रों की गूंज कार्यक्रम बना ऐतिहासिक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**हज़ारीबाग, झारखंडः-** हज़ारीबाग के अंबेडकर छात्रावास में भारतीय युवा कांग्रेस द्वारा आयोजित छात्रों की गूंज कार्यक्रम ऐतिहासिक और अत्यंत सफल रहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मो. जाबीर ने की। कार्यक्रम में सैकड़ों छात्र-छात्राओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी ने यह संदेश दिया कि अब छात्र अपने अधिकारों, शिक्षा, रोजगार और सामाजिक न्याय के मुद्दों पर संगठित होकर आवाज़ बुलंद करने के लिए तैयार हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए किया गया। संविधान, समानता और सामाजिक न्याय के मूल्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर लोकसभा प्रभारी राजेश कच्छप, हज़ारीबाग जिला प्रभारी राजीव रंजन प्रसाद, जिला अध्यक्ष जय प्रकाश भाई पटेल, बड़कागांव की पूर्व विधायक अंबा प्रसाद, प्रदेश उपाध्यक्ष भीम कुमार, नवीन जी जॉर्ज, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक देव, परवेज अहमद, शाजिद अली खान, कोमल कुमारी, डॉ. ओमप्रकाश, तस्लीम अंसारी, मनोज नारायण भगत, कृष्ण किशोर प्रसाद, रौकी सिन्हा, मो. वारिस, निशार अहमद, गुलाम मुस्तफा, मो. सागर, नवीन, शारदा रंजन दुबे सहित अनेक वरिष्ठ कांग्रेसजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष बाबर अंसारी, एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अभिषेक राज, हज़ारीबाग जिला युवा प्रभारी सुंदरम जायसवाल, सह प्रभारी गुलाम मुस्तफा तथा युवा कांग्रेस के अनेक पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं की सक्रिय उपस्थिति ने कार्यक्रम को और अधिक भव्य एवं सफल बनाया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष मो. जाबीर ने कहा कि छात्रों की गूंज केवल एक अभियान नहीं, बल्कि युवाओं के अधिकार, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, रोजगार और सामाजिक न्याय की लड़ाई का सशक्त मंच है। युवा कांग्रेस हर छात्र की आवाज़ को मजबूती से उठाएगी और उनके हितों के लिए निरंतर संघर्ष करेगी। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं छात्र-छात्राओं का आभार व्यक्त करते हुए संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा संविधान के मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। कहा कि छात्रों की गूंज अब हर कॉलेज, हर कैंपस और हर युवा की आवाज़ बनेगी।

# हजारीबाग खेल महोत्सव-2026 की तैयारियां तेज, जिला ओलंपिक संघ करेगा मेजबानी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हजारीबाग, झारखंडः-** उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के खिलाड़ियों के लिए 28, 29 एवं 30 अगस्त को आयोजित होने वाले हजारीबाग खेल महोत्सव-2026 की तैयारियां तेज हो गई हैं। जिला प्रशासन के तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस तीन दिवसीय महोत्सव की मेजबानी हजारीबाग जिला ओलंपिक संघ करेगा। प्रतियोगिता में प्रमंडल के सभी जिलों के खिलाड़ी विभिन्न खेलों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। महोत्सव की तैयारियों को लेकर बुधवार देर शाम उपायुक्त सभागार में उपायुक्त की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष हर्ष अजमेरा, संघ के पदाधिकारी तथा जिले के विभिन्न खेल संघों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस दौरान आयोजन की रूपरेखा, आवश्यक व्यवस्थाओं एवं खेलवार जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की गई। उपायुक्त ने कहा कि हजारीबाग खेल प्रतिभाओं का जिला रहा है। ऐसे में प्रमंडल स्तरीय खेल महोत्सव का आयोजन जिले के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि आयोजन को सफल बनाने में कोई कमी नहीं छोड़ी जाएगी और सभी खेल संघों के सहयोग से इसे ऐतिहासिक बनाया जाएगा। साथ ही विभिन्न खेल संगठनों को अलग-अलग जिम्मेदारियां भी सौंपी गई। बैठक के दौरान जिला ओलंपिक संघ के अध्यक्ष हर्ष अजमेरा ने खिलाड़ियों की सुविधाओं एवं खेल अवसंरचना से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषय उपायुक्त के समक्ष रखे। उन्होंने जिले में आधुनिक स्विमिंग पूल, वॉलीबॉल कोर्ट सहित अन्य खेल सुविधाओं के विकास की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा की। उपायुक्त ने इन प्रस्तावों पर सकारात्मक रुख अपनाते हुए संबंधित विषयों को बोर्ड की बैठक में रखने तथा आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया।

बैठक के बाद हर्ष अजमेरा ने कहा कि हजारीबाग खेल महोत्सव-2026 खिलाड़ियों के लिए बड़ी सौगात है। पहली बार इतने व्यापक स्तर पर प्रमंडल स्तरीय खेल महोत्सव आयोजित हो रहा है, जिससे खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का बेहतर मंच मिलेगा और जिले में खेल संस्कृति को नई मजबूती मिलेगी। उन्होंने इस महत्वपूर्ण पहल के लिए जिला प्रशासन एवं उपायुक्त के प्रति आभार भी व्यक्त किया।

## छूट प्रजाति के नाम पर हरियाली पर संकट

**पलिया कलां खीरी-** जहाँ सम्पूर्णानगर रेंज से अवैध कटान के बाद महंगापुर क्षेत्र में लकड़ी डंप किए जाने कामामला प्रकाशमेंआयाहै !, वहीं पलिया रेंज में भी भारी मात्रा में कटान के आरोप अखबारी सुर्खिया बने हुए हैं द्य आखिर किस स्थान से कट रहे हैं छूट प्रजाति के पेड़? वन विभाग की चुप्पी और कार्रवाई के अभाव पर उठ रहे सवाल। आखिर किसके संरक्षण में हरियाली पर लगातार चल रही आरी,अहम सवाल बना हुआ है ! जांच और, सख्त कार्रवाई ना होने के चलते पर्यावरण संरक्षण पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है ! पलिया रेंज के महंगापुर क्षेत्र में छूट प्रजाति की आड़ में हरे पेड़ों की कटाई और लकड़ी की डंपिंग के आरोप लगाए जा रहे हैं ! स्थानीय लोगों का कहना है कि लगातार ट्रकों से लकड़ी का परिवहन हो रहा है, जिससे क्षेत्र की हरियाली तेजी से कम होती जा रही है।उत्तर प्रदेश वृक्ष संरक्षण अधिनियम, 1976 के तहत पेड़ों की कटाई एवं परिवहन के लिए निर्धारित नियमों का पालन आवश्यक है। भारतीय वन अधिनियम, 1927 (Indian Forest Act, 1927) के प्रावधानों के अनुसार वन उपज के अवैध परिवहन और नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई का प्रावधान है।

# आधा दर्जन सड़क निर्माण कार्य का पालिकाध्यक्ष ने किया भूमि पूजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)-** कस्बे के गांधी नगर मोहल्ले की लंबे समय से लंबित पड़ी सीसी सड़क निर्माण परियोजना आखिरकार शुरू हो गई। गुरुवार को पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने विधि-विधान से वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भूमिपूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ कराया। इसके अलावा भी वार्ड संख्या 7 में बाल्मीकि पार्क से सामुदायिक शौचालय तक 27 लाख रुपए की लागत से 160 मीटर लंबी सीसी सड़क, वार्ड संख्या 4 में कर्बला से अनीस के कारखाने तक सवा 13 लाख रुपए की लागत से 110 मीटर लंबी सीसी सड़क, बार्ड संख्या 19 में बदुआ वालों के घर से ब्रजबिहारी के घर तक करीब 13 लाख रुपए की लागत से 100 मीटर इंटरलाकिंग सड़क, शिवप्रसाद के मकान से अर्जुन के मकान तक करीब 9 लाख रुपए की लागत से 70 मीटर इंटरलाकिंग सड़क, शहजाद के प्लॉट से दाऊ परिहार के मकान तक करीब साढ़े 7 लाख रुपए की लागत से 143 मीटर सीसी सड़क के निर्माण कार्य का शुभारंभ पालिकाध्यक्ष ने कराया। सड़क निर्माण का काम शुरू होने से इन सभी क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर देखी जा रही है। भूमिपूजन करते हुए पालिकाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने कहा कि नगर के विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर में



स्वीकृत सभी विकास परियोजनाओं को तय समय सीमा के भीतर पूरा कराया जाएगा। साथ ही मौके पर मौजूद अधिकारियों और ठेकेदार को निर्माण कार्य की गुणवत्ता बनाए रखने तथा मानकों के अनुरूप कार्य कराने के निर्देश दिए। स्थानीय निवासियों का कहना है कि वर्षों से जर्जर सड़क और बरसात के दौरान जलभराव के कारण आवागमन में भारी परेशानी होती थी। अब सीसी सड़क बनने से न केवल आवाजाही आसान होगी, बल्कि बारिश के मौसम में होने वाली दिक्कतों से भी काफी राहत मिलेगी। गौरतलब है कि गांधी नगर में करीब 44 लाख रुपये की लागत से 280 मीटर लंबी सीसी सड़क का निर्माण लंबे समय से प्रस्तावित था। सड़क निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी थी और कार्य आदेश भी जारी कर दिया गया था, लेकिन इसके बावजूद निर्माण कार्य शुरू नहीं हो रहा था। इस देरी को लेकर स्थानीय सभासद महेंद्र कुशवाहा ने संबंधित अधिकारियों से शिकायत की थी। जिसके बाद नगर पालिका प्रशासन हरकत में आया और परियोजना पर काम शुरू करा दिया गया। भूमि पूजन कार्यक्रम में ठेकेदार हिमांशु गुप्ता, नगर पालिका के जूनियर इंजीनियर अरुण कुमार, सभासद महेंद्र कुशवाहा, सभासद प्रतिनिधि अशोक गुर्जर सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## नशे के खिलाफ निकली जागरूकता रैली

**लुधियाना-** पंजाब राज्य एवं चंडीगढ़ मानवाधिकार आयोग के सदस्य पद्म जतिंदर सिंह शांति और मुख्य न्यायाधीश गुरबीर सिंह ने स्थानीय एमबीडी मॉल में आयोजित 'नशे के खिलाफ जंग' जागरूकता रैली का नेतृत्व किया। इस दौरान सैकड़ों युवाओं ने भाग लेकर नशामुक्त समाज बनाने का संदेश दिया। पद्म जतिंदर सिंह शांति ने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई केवल सरकार नहीं, बल्कि जनसहयोग से ही जीती जा सकती है। उन्होंने युवाओं से नशे से दूर रहकर समाज को जागरूक बनाने का आह्वान किया।'लाइफ केयर फाउंडेशन' के सहयोग से आयोजित रैली में युवाओं ने 'नशे को ना कहो, जिंदगी को हां कहो', 'युवाओं को बचाओ, पंजाब को बचाओ' और 'नशा भगाओ, खुशहाली लाओ' जैसे नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। इस अवसर पर फाउंडेशन के निदेशक अवतार सिंह बेनीपाल सहित हरदीप सिंह, दलजीत सिंह, हरप्रीत सिंह, मंदीप सिंह, जतिंदर सिंह और समाजसेवी सतीश कुमार भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में युवाओं को प्रेरित करने के लिए 'दस्तार' फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। फिल्म में सिख समुदाय द्वारा विदेशों में पगड़ी की पहचान और सम्मान बनाए रखने के संघर्ष को दर्शाया गया है। पद्म जतिंदर सिंह शांति ने युवाओं से विदेश जाने की होड़ छोड़कर पंजाब में ही रोजगार और भविष्य बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर उपलब्ध करा रही है। कार्यक्रम के अंत में विभिन्न गुरुद्वारा प्रबंधक समितियों को समाज सेवा और जागरूकता के क्षेत्र में योगदान के लिए सम्मानित किया गया।

## प्रत्येक 20 किमी पर लगे हैं इंटरसेप्टर, ओवर स्पीड 246 वाहनों के चालान

**कानपुर।** कानपुर नगर में स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग-34 (एनएच-34) पर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु बनाई गयी कार्ययोजना के तहत एनएच-34 पर 08 स्थानों पर बैरियर स्थापित करते हुए ड्यूटी लगायी गयी है। इसके अतिरिक्त तेज गति से चलने वाले वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर प्रत्येक 20 किमी पर 03 इंटरसेप्टर मोबाइल तैनात की गयी है, जिनके माध्यम से तेज गति से चलने वाले वाहनों के विरुद्ध प्रवर्तनात्मक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है। आज दिनांक 23.07.2026 में की गयी कार्यवाही के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर 47 ट्रक, 07 बस, 87 चार पहिया/दो पहिया, कुल 141 वाहनों का ओवरस्पीड पर चालान किया गया। राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर 01 बस, 49 चार पहिया/दो पहिया, कुल 50 वाहनों का ओवरस्पीड पर चालान किया गया। गंगा बैराज पर 55 वाहनों का ओवरस्पीड पर चालान किया गया। यातायात पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर ने आमजनमानस से अपील की है कि ट्रैफिक नियमों का पालन करें। रॉन्ग साइड वाहन न चलाएं। वाहन चलाते समय हेलमेट/सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। सड़क पर गति सीमा को निर्धारित रखें। ओवरटेक हमेशा दाहिने से करें। यातायात के संकेतों का पालन अवश्य करें। शराब पीकर वाहन न चलायें। नियमों का पालन न केवल आपकी सुरक्षा सुनिश्चित करता है, बल्कि दूसरों की जान की हिफाजत भी करता है।

## जिला बदर अपराधी बउआ कोढ़ी गिरफ्तार



**कानपुर।** पुलिस आयुक्त, कमिश्नरेट कानपुर नगर द्वारा अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत, पुलिस उपायुक्त जोन दक्षिण, अपर पुलिस उपायुक्त जोन दक्षिण कमिश्नरेट कानपुर नगर के कुशल निर्देशन तथा सहायक पुलिस आयुक्त बाबूपुरवा के कुशल पर्यवेक्षण में, प्रभारी निरीक्षक बाबूपुरवा के कुशल नेतृत्व में दिनांक 22.07.2026 को उ0नि0 हेमन्त कुमार मावी, चौकी प्रभारी बगाही, मय हमराह रात्रि गश्त के दौरान वाद संख्या 47/2026, सरकार बनाम प्रदीप गुप्ता उर्फ बऊवा कोढ़ी (अन्तर्गत धारा - उ0प्र0 गुण्डा अधिनियम, 1970, थाना बाबूपुरवा, पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर) के संबंध में कार्रवाई की गई। आदेश दिनांक 02.06.2026 के अनुसार न्यायालय संयुक्त/अपर पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था)/कार्यपालक मजिस्ट्रेट, पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर द्वारा अभियुक्त प्रदीप गुप्ता उर्फ बऊवा कोढ़ी, पुत्र स्व. शिव प्रकाश, निवासी 130/637 बगाही भट्टा, थाना बाबूपुरवा, कानपुर नगर को 6 माह के लिए जिला बदर घोषित किया गया था। उक्त अभियुक्त को बाकरगंज चौराहे पर बने सुलभ शौचालय के पास से नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करते हुए पुलिस हिरासत में लिया गया। उसके विरुद्ध थाना हाजा पर मु0अ0सं0 204/2026, धारा 3/10 यू.पी. गुण्डा एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई अमल में लाई गई।

# जंतर मंतर में 8 घंटे बंद रहेगा इंटरनेट

## कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए मोबाइल इंटरनेट सेवाएं निलंबित कर दीं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने कानून-व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए जंतर मंतर क्षेत्र में गुरुवार शाम 4 बजे से रात 12 बजे तक 8 घंटे के लिए मोबाइल इंटरनेट सेवाएं अस्थायी रूप से निलंबित कर दी हैं। सरकारी आदेश के अनुसार, जंतर मंतर के 1.5 किलोमीटर दायरे में सभी प्रकार की मोबाइल इंटरनेट सेवाओं (सभी तकनीकों सहित) को बंद रखा जाएगा। यह आदेश दूरसंचार अधिनियम, 2023 के तहत जारी किया गया है। आदेश में कहा गया है कि सार्वजनिक सुरक्षा, सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने और किसी भी अपराध को भड़काने से रोकने के लिए यह कदम उठाया गया है। इस फैसले को केंद्रीय गृह सचिव की मंजूरी प्राप्त है।

**क्यों लिया गया यह फैसला?**

यह कदम कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के नेतृत्व में नीट पेपर लीक मामले को लेकर चल रहे लगातार प्रदर्शनों के बीच उठाया गया है। पिछले कुछ दिनों में जंतर मंतर क्षेत्र में प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच कई बार तनावपूर्ण स्थिति बनी रही है। आदेश अंडर सेक्रेटरी महेंद्र विक्रम सिंह द्वारा जारी किया गया है और दिल्ली पुलिस आयुक्त को लागू करने के लिए भेजा गया है।

आदेशानुसार, इस दौरान क्षेत्र में मोबाइल इंटरनेट पूरी तरह बंद रहेगा, जिससे प्रदर्शनकारियों, मीडिया और आम लोगों की संचार व्यवस्था प्रभावित होगी। अभी तक इस बंदी के दौरान कोई नया बयान या प्रतिक्रिया जारी नहीं हुई है।

**कनॉट प्लेस में भी कराई जा चुके हैं प्रतिष्ठान**

न्यू दिल्ली ट्रेडर्स एसोसिएशन (NDTA) ने न्यू दिल्ली म्यूनिसिपल काउंसिल (NDMC) के चेयरमैन और वाइस चेयरमैन के निर्देश पर यह एडवाइजरी जारी की है। एसोसिएशन ने व्यापारियों और प्रतिष्ठान संचालकों से पूर्ण सहयोग की अपील की है ताकि किसी भी प्रकार की संपत्ति क्षति या जनहानि से बचा जा सके।

## सभी कस्तूरबा विद्यालयों में लगेंगे सोलर प्लांट, बिजली संकट होगा दूर

**देवरिया।** जिले के सभी कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में अब सोलर प्लांट स्थापित किए जाएंगे, जिससे बिजली की समस्या का स्थायी समाधान होगा और छात्राओं की पढ़ाई निर्बाध रूप से जारी रह सकेगी। इस संबंध में जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी के निर्देश पर मुख्य विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में सभी कस्तूरबा विद्यालयों की प्रधानाचार्यों के साथ ऑनलाइन बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने सभी प्रधानाचार्यों को निर्देश दिया कि सोलर प्लांट स्थापना के लिए तत्काल प्रस्ताव तैयार कर शासन तथा उत्तर प्रदेश नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण को भेजें। प्रस्ताव स्वीकृत होने के बाद सभी विद्यालयों में चरणबद्ध तरीके से सोलर प्लांट लगाए जाएंगे। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि सोलर प्लांट लगने से विद्यालयों में नियमित और निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित होगी। इससे छात्राओं के पठन-पाठन, कंप्यूटर शिक्षा, प्रकाश व्यवस्था और अन्य शैक्षणिक गतिविधियों पर बिजली कटौती का कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराकर शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाना प्रशासन की प्राथमिकता है।

# देशभर में शांतिपूर्ण प्रदर्शन की अपील

## 'हर जिले में एक दिन, एक मांग' के तहत 24 जुलाई को प्रदर्शन की अपील



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने गुरुवार को पुलिस कार्रवाइयों के शिकार लोगों के साथ एकजुटता जताते हुए 24 जुलाई शुक्रवार को 'हर जिले में एक दिन, एक मांग' के तहत शांतिपूर्ण प्रदर्शन का राष्ट्रव्यापी आह्वान किया है। पोस्टर में जारी बयान के अनुसार, यह प्रदर्शन पूरी तरह शांतिपूर्ण तरीके से आयोजित किया जाएगा। विभिन्न छात्र संघों और अन्य संगठनों से अपील की गई है कि वे स्थानीय स्तर पर अनुमति लेकर एकजुट होकर प्रदर्शन की तैयारी करें। प्रदर्शन के दौरान छात्रों की मांगों को पूरे समुदाय के सामने पढ़ा जाएगा और पुलिस बर्बरता के पीड़ितों के प्रति एकजुटता व्यक्त की जाएगी।

**अपील की अहम बातें...**

1- हर जिले में एक साथ करें प्रदर्शन
2- पूरी शांति बनाए रखें
3- छात्रों की मांगों को सार्वजनिक रूप से पढ़ें

संगठन ने जारी किए गए पोस्टर में बताया है कि विस्तृत एसओपी (स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर), कोलैटरल्स और मेमोरेंडम टेम्प्लेटwww.cockroachjantaparty.com/protests-101 पर उपलब्ध कराए गए हैं। पोस्टर के अंत में 'इंकलाब जिंदाबाद' और 'भारत माता की जय' के नारे लगाए गए हैं। बता दें कि सीजेपी का यह आह्वान ऐसे समय में आया है जब देश के विभिन्न राज्यों में पुलिस पर छात्रों से बर्बरता के आरोप लग रहे हैं। संगठन ने सभी नागरिकों, छात्रों और सामाजिक संगठनों से 24 जुलाई को इस शांतिपूर्ण विरोध में भाग लेने की अपील की है।

# ऑपरेशन प्रहार 4.0' में 349 आरोपी गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमृतसर-** पंजाब सरकार और पुलिस महानिदेशक गौरव यादव के निर्देश तथा बॉर्डर रेंज अमृतसर के पुलिस उपमहानिरीक्षक हरमनबीर सिंह गिल के नेतृत्व में अमृतसर ग्रामीण पुलिस ने 'ऑपरेशन प्रहार 4.0' के तहत नशा तस्करों, सीमा पार तस्करों, गैंगस्टरों और संगठित अपराधियों के खिलाफ व्यापक अभियान चलाया। अभियान के दौरान सीमावर्ती गांवों, नशा प्रभावित क्षेत्रों, सार्वजनिक परिवहन केंद्रों और अन्य संवेदनशील स्थानों पर विशेष तलाशी और सघन जांच की गई। पुलिस ने ड्रोन के जरिए होने वाली तस्करी, मादक पदार्थों की खेप और असामाजिक तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की। पुलिस उपमहानिरीक्षक हरमनबीर सिंह गिल ने नशा तस्करों और गैंगस्टरों को चेतावनी देते हुए कहा कि जो आरोपी स्वेच्छा से आत्मसमर्पण करेंगे, उनके साथ कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी, जबकि कानून से बचने का प्रयास करने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि पंजाब को नशामुक्त और अपराधमुक्त बनाने के लिए ऐसे अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे। उन्होंने बताया कि 21 और 22 जुलाई को चलाए गए अभियान के दौरान 349 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान मादक पदार्थ अधिनियम के 72, आर्म्स एक्ट के 13 तथा आबकारी अधिनियम के 15 मामले दर्ज किए गए। पुलिस ने अभियान में 15 किलो 503 ग्राम हेरोइन, 24 पिस्तौल, 26 मैगजीन, 60 कारतूस, 970 ग्राम अफीम, 1.26 लाख मिलीलीटर अवैध शराब, 695 नशीली गोलियां, एक ड्रोन, छह मोटरसाइकिल और 14,200 रुपये की ड्रग मनी बरामद की। साथ ही दो बड़े सीमा पार तस्कर, छह सप्लायर और चार नशा तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया।

## चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर भाजपाइयों ने दी श्रद्धांजलि

**देवरिया।** अमर क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की जयंती पर भाजपा किसान मोर्चा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने मेडिकल कॉलेज गेट स्थित उनकी प्रतिमा की साफ-सफाई कर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान उपस्थित लोगों ने 'चंद्रशेखर आजाद अमर रहें' और 'भारत माता की जय' के नारों के साथ उन्हें श्रद्धांजलि दी। किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने कहा कि 23 जुलाई 1906 को मध्य प्रदेश के भाबरा में जन्मे चंद्रशेखर आजाद भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान और निडर क्रांतिकारी थे। उन्होंने संकल्प लिया था कि जीवित रहते अंग्रेजों के हाथ नहीं आएंगे और अंत तक अपने वचन पर अडिग रहे। उन्होंने काकोरी कांड में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तथा लाला लाजपत राय की मृत्यु का बदला लेने में भी अग्रणी रहे। देश की आजादी के लिए उन्होंने अपने प्राण न्योछावर कर दिए। भाजपा नेता अंबिकेश पांडेय ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद का नाम भारतीय इतिहास में वीरता, साहस और देशभक्ति के सर्वोच्च प्रतीक के रूप में सदैव स्वर्ण अक्षरों में अंकित रहेगा।

# ऑपरेशन मिलापः द्वारका पुलिस ने लापता तीन बच्चों को सकुशल परिजनों से मिलाया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस के ऑपरेशन मिलाप के तहत थाना द्वारका सेक्टर-23 पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए लापता तीन नाबालिग बच्चों को सकुशल तलाश कर उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। पुलिस की तत्परता, तकनीकी जांच और प्रभावी टीमवर्क से यह सफलता मिली।पुलिस के अनुसार, 18 जुलाई 2026 को थाना द्वारका सेक्टर-23 में एक पुलिस नियंत्रण कक्ष (पीसीआर) कॉल प्राप्त हुई, जिसमें तीन नाबालिग बच्चों के लापता होने की सूचना दी गई। शिकायतकर्ता 28 वर्षीय महिला, निवासी द्वारका, ने बताया कि उनके तीन बच्चे-'ए' (10 वर्ष), 'बी' (5 वर्ष) और 'सी' (9 वर्ष)-घर से खेलने के लिए निकले थे, लेकिन काफी देर तक वापस नहीं लौटे। सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्काल बच्चों की तलाश शुरू कर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी के नेतृत्व तथा सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) के मार्गदर्शन में उपनिरीक्षक नवीन यादव और मुख्य आरक्षी विनोद सहित एक विशेष टीम का गठन किया गया।पुलिस ने बच्चों की तलाश के लिए सभी संबंधित पुलिस इकाइयों को उनका विवरण भेजा। आसपास के थानों से संपर्क कर जानकारी जुटाई गई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। बच्चों के फोटो और विवरण लापता व्यक्तियों के राष्ट्रीय पोर्टल (जिपनेट) तथा राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के अभिलेखों से मिलान किए गए, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली।इसके बाद पुलिस ने क्षेत्र में व्यापक स्तर पर पूछताछ की। बच्चों के मित्रों, पड़ोसियों और स्थानीय लोगों से जानकारी ली गई तथा शिकायतकर्ता के घर और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की रिकॉर्डिंग का गहन विश्लेषण किया गया।स्थानीय पूछताछ, तकनीकी निगरानी और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस टीम ने तीनों बच्चों को होली चौक, पोचनपुर के पास सकुशल तलाश कर लिया।सत्यापन और सभी आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद यह सुनिश्चित किया गया कि तीनों बच्चे शारीरिक और मानसिक रूप से पूरी तरह स्वस्थ हैं। इसके बाद उन्हें सुरक्षित रूप से उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया।द्वारका जिले के पुलिस उपायुक्त कुशल पाल सिंह (आईपीएस) ने पुलिस टीम की सराहना करते हुए कहा कि ऑपरेशन मिलाप का उद्देश्य लापता बच्चों को शीघ्र और सुरक्षित उनके परिवारों से मिलाना है तथा दिल्ली पुलिस इस दिशा में पूरी संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कार्य कर रही है।

## श्रीभूमि जिले के दुल्लभछड़ा में पारंपरिक रथयात्रा महोत्सव का भव्य आयोजन





श्रीभूमि जिले के दुल्लभछड़ा में गत 22 जुलाई गुरुवार को पारंपरिक रथयात्रा महोत्सव श्रद्धा, उत्साह और शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति से पूरा क्षेत्र धार्मिक उल्लास से सराबोर रहा। आयोजन समिति के अनुसार, इस वर्ष आदर्श कृष्णनगर गांव से तीन रथों सहित विष्णुपुर-गुड़ामांजी, चामटिला, श्यामनगर-जयनगर, फेटीपात, हरिणटिला और बास्कालटिला समेत कुल 11 रथों ने महोत्सव में भाग लिया। विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने कीर्तन, पूजा-अर्चना और अन्य धार्मिक अनुष्ठानों में भाग लेकर भगवान जगन्नाथ के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। थयात्रा आयोजन समिति ने कार्यक्रम के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन में सहयोग के लिए पुलिस प्रशासन, स्वयंसेवकों, श्रद्धालुओं तथा सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। समिति ने भगवान जगन्नाथ की पूजा एवं महोत्सव के आयोजन में सहयोग के लिए रामकृष्णनगर के विधायक के प्रति भी धन्यवाद ज्ञापित किया। महोत्सव के दौरान आयोजन समिति ने उपस्थित विशिष्ट अतिथियों का पारंपरिक सम्मान किया। वहीं, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की ओर से दुल्लभछड़ा में श्रद्धालुओं के बीच पेयजल का वितरण किया। रथयात्रा के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति बनाए रखने में विद्युत विभाग के कर्मचारियों की भूमिका की भी स्थानीय लोगों ने सराहना की।धार्मिक आस्था, सुव्यवस्थित प्रबंधन और जनसहभागिता के साथ संपन्न यह पारंपरिक रथयात्रा महोत्सव क्षेत्र की सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत का महत्वपूर्ण प्रतीक बना रहा।

# बिल्डरों पर कथित दबाव बनाने के आरोप, 22 शिकायतों के बावजूद कार्रवाई नहीं होने का दावा

## महिलाओं से अभद्रता, कॉलोनी का रास्ता खुदवाने और मकान खाली कराने की धमकी देने का आरोप; पुलिस से निष्पक्ष कार्रवाई की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नई दिल्ली।** समयपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली जगदीश विहार कॉलोनी आठ नंबर गली के पीछे के निवासियों ने कुछ स्थानीय बिल्डरों पर कथित रूप से डराने-धमकाने, महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार करने तथा कॉलोनी के मुख्य मार्ग को खुदवाकर आवागमन बाधित करने के गंभीर आरोप लगाए हैं। कॉलोनीवासियों का कहना है कि बार-बार शिकायत किए जाने के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।स्थानीय निवासियों के अनुसार, गजराज राणा उर्फ प्रधान जी, गजेंद्र राणा और भोला राणा आए दिन कॉलोनी में पहुंचकर लोगों पर मकान खाली करने का दबाव बनाते हैं। लोगों का आरोप है कि विरोध करने पर उनके मकानों को गिरवाने तथा प्रशासन से डिमोलिशन कार्रवाई कराने की धमकी दी जाती है। निवासियों का यह भी दावा है कि संबंधित लोग अपने प्रभाव का हवाला देते हुए कहते हैं कि उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो सकती।कॉलोनीवासियों का कहना है कि हाल ही में सुबह करीब छह बजे दोबारा कॉलोनी की सड़क खुदवाने का प्रयास किया गया। जब स्थानीय लोगों ने इसका विरोध किया तो महिलाओं के साथ कथित रूप से अभद्र व्यवहार किया गया, जिससे क्षेत्र में भय और तनाव का माहौल बन गया।निवासियों का आरोप है कि लगभग तीन वर्ष पूर्व इन्हीं बिल्डरों ने लोगों को कॉलोनी में मकान बनाकर बसने के लिए प्रेरित किया था तथा हर संभव सहयोग का भरोसा दिया था। लेकिन अब वही लोग कथित रूप से कॉलोनी खाली कराने और निवासियों पर दबाव बनाने में लगे हुए हैं।स्थानीय लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि टाटा पावर के कर्मचारी जब बिजली कनेक्शन संबंधी कार्य के लिए कॉलोनी पहुंचे, तब उन्हें भी कथित रूप से वहां से वापस भेज दिया गया, जिसके कारण कॉलोनी में बिजली जैसी मूलभूत सुविधा उपलब्ध कराने में बाधा उत्पन्न हुई।निवासियों के अनुसार, इस पूरे मामले में समयपुर थाने में 22 शिकायतें डीडी एंट्री के साथ दर्ज कराई जा चुकी हैं। शिकायतों में गजराज राणा, गजेंद्र राणा और भोला राणा के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है। लोगों का कहना है कि थाना पुलिस ने तीनों को पूछताछ के लिए बुलाया था, लेकिन भोला राणा उपस्थित नहीं हुआ, जबकि अन्य दो लोगों को पूछताछ के बाद छोड़ दिया गया। कॉलोनीवासियों का आरोप है कि इसके बाद संबंधित लोग पुनः कॉलोनी में आकर अपना प्रभाव दिखाने लगे और कथित रूप से यह कहते रहे कि उनके खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हो सकती। इससे स्थानीय लोगों में असुरक्षा की भावना बढ़ गई है।निवासियों ने प्रशासन और दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों से मामले की निष्पक्ष जांच कराने, शिकायतों के आधार पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने तथा कॉलोनीवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

# श्रीभूमि की शिक्षिका संगीता नाथ बर्धन चौथी स्टेज के कैंसर से जूझ रहीं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**श्रीभूमि :** असम के श्रीभूमि जिले के रामकृष्णनगर क्षेत्र स्थित 1155 नंबर फनाई-बागान हरिजन एल.पी. स्कूल की शिक्षिका संगीता नाथ बर्धन चौथी स्टेज के कैंसर से जूझ रही हैं। गंभीर बीमारी के बावजूद उन्होंने अपने कर्तव्य से पीछे हटना स्वीकार नहीं किया है। नियमित उपचार और कीमोथेरेपी की कठिन पीड़ा सहते हुए भी वह विद्यालय पहुंचकर विद्यार्थियों को पढ़ाने का कार्य निरंतर जारी रखे हुए हैं। उनकी कर्तव्यनिष्ठा, दृढ़ इच्छाशक्ति और शिक्षा के प्रति समर्पण ने शिक्षक समाज के साथ-साथ आम लोगों को भी प्रेरित किया है। कठिन परिस्थितियों के बीच बच्चों के भविष्य निर्माण के प्रति उनका समर्पण एक प्रेरणादायक उदाहरण बन गया है। परिवार के अनुसार, पिछले तीन वर्षों से उनका इलाज चल रहा है। लंबे समय तक चले उपचार के कारण परिवार की जमा पूंजी समाप्त हो चुकी है और चिकित्सा खर्च पूरा करने के लिए ऋण भी लेना पड़ा है। वर्तमान में इलाज के भारी खर्च के साथ हर महीने लगभग 95 हजार रुपये की ऋण किस्त चुकाना परिवार के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। मामले की जानकारी मिलने के बाद रामकृष्णनगर के विधायक विजय मालाकार शिक्षिका के आवास पर पहुंचे, उनका स्वास्थ्य जाना और आर्थिक सहायता प्रदान की। उन्होंने असम सरकार के मंत्री कौशिक राय और कृष्णेंदु पाल से भी इस विषय पर चर्चा की। दोनों नेताओं ने शिक्षिका के बेहतर इलाज के लिए व्यक्तिगत सहायता देने का आश्वासन दिया है। बताया गया है कि इस मामले को मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत विश्व शर्मा के संज्ञान में भी लाया गया है। सरकारी स्तर से हरसंभव सहायता का भरोसा दिया गया है। हालांकि बेहतर और उन्नत उपचार के लिए अभी भी अतिरिक्त आर्थिक सहयोग की आवश्यकता है। शिक्षिका के परिवार, सहकर्मियों और शुभचिंतकों ने समाज के सभी संवेदनशील लोगों से अपील की है कि संगीता नाथ बर्धन के जीवन संघर्ष में साथ खड़े होकर अपनी क्षमता के अनुसार सहायता का हाथ बढ़ाएं, ताकि उन्हें बेहतर इलाज मिल सके और वह जल्द स्वस्थ होकर अपने विद्यार्थियों के बीच लौट सकें।

## 31 जुलाई तक छात्रवृत्ति पोर्टल पर प्रोफाइल अपडेट कराने के निर्देश

**देवरिया।** शैक्षिक सत्र 2026-27 की छात्रवृत्ति योजनाओं के प्रभावी संचालन को लेकर गुरुवार को जिला विद्यालय निरीक्षक की अध्यक्षता में ऑनलाइन बैठक आयोजित की गई। इसमें जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी तथा कक्षा 9 से 12 तक के विद्यालयों के प्रधानाचार्यों ने भाग लिया। बैठक में विद्यालयों की प्रोफाइल समय से अपडेट कराने पर विशेष जोर दिया गया। जिला समाज कल्याण अधिकारी सुधीर पाण्डेय ने बताया कि शासन द्वारा पूर्वदशम एवं दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजनाओं की समय-सारणी जारी कर दी गई है। विद्यालयों द्वारा छात्रवृत्ति पोर्टल पर प्रोफाइल अपडेट करने की अंतिम तिथि 5 अगस्त निर्धारित है, लेकिन जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी के निर्देश पर सभी विद्यालयों को 31 जुलाई तक प्रोफाइल अपडेट कर जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय से लॉक कराने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिन विद्यालयों के नोडल अधिकारी या प्रधानाचार्य बदल गए हैं, वे नया डिजिटल सिग्नेचर बनवाकर उसका सत्यापन तत्काल कराएं।

# 24 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को मिले नियुक्ति पत्र



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लुधियाना-** पंजाब सरकार की महिला एवं बाल कल्याण योजनाओं को और सशक्त बनाने के उद्देश्य से कैबिनेट मंत्री हरदीप सिंह मुंडियां ने साहनेवाल विधानसभा क्षेत्र की 24 नव-नियुक्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को अपने कार्यालय में नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ने सभी नव-नियुक्त कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता समाज के भविष्य की मजबूत नींव हैं। वे गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं और छोटे बच्चों को स्वास्थ्य, पोषण तथा प्रारंभिक शिक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराती हैं। हरदीप सिंह मुंडियां ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार पारदर्शी एवं मेरिट आधारित भर्ती प्रक्रिया के माध्यम से युवाओं को बिना किसी भेदभाव के रोजगार के अवसर उपलब्ध करा रही है। सरकार का उद्देश्य प्रत्येक वर्ग तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रभावी ढंग से पहुंचाना है। उन्होंने नव-नियुक्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं से ईमानदारी, समर्पण और जिम्मेदारी के साथ सेवाएं देने का आह्वान करते हुए कहा कि आंगनवाड़ी केंद्र बच्चों के सर्वांगीण विकास, पोषण और प्रारंभिक शिक्षा की आधारशिला हैं। उनकी सेवाएं समाज के बेहतर भविष्य के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। नव-नियुक्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने पंजाब सरकार और कैबिनेट मंत्री हरदीप सिंह मुंडियां का आभार व्यक्त करते हुए पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ अपनी सेवाएं देने का संकल्प लिया।

## सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष से मिला भाजपा प्रतिनिधिमंडल



**लुधियाना-**भारत सरकार के राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष हरदीप सिंह गिल से लुधियाना में भाजपा नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व बीसी आयोग के पूर्व अध्यक्ष निर्मल सिंह एसएस ने किया। प्रतिनिधिमंडल में भाजपा पूर्वांचल प्रकोष्ठ, पंजाब के संयोजक एवं नगर निगम पार्षद राजेश मिश्रा तथा भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा, लुधियाना के उपाध्यक्ष एवं पार्षद प्रतिनिधि कुलवंत सिंह कांति भी शामिल रहे। इस दौरान उपाध्यक्ष हरदीप सिंह गिल के साथ जनहित एवं नगर निगम से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। हरदीप सिंह गिल ने कहा कि केंद्र सरकार सफाई कर्मचारियों के उत्थान और कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। आयोग के संज्ञान में आने वाले मामलों पर त्वरित कार्रवाई की जाती है तथा सफाई कर्मचारियों और जनहित से जुड़े प्रत्येक मुद्दे पर आयोग गंभीरता से कार्य करता है। प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम से संबंधित विभिन्न समस्याओं से भी उपाध्यक्ष को अवगत कराया। इस पर हरदीप सिंह गिल ने मामलों का संज्ञान लेते हुए उनके शीघ्र निस्तारण का आश्वासन दिया।

# राहुल गांधी समेत कांग्रेस नेताओं की गिरफ्तारी पर सियासी बवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** जंतर मंतर पर नीट पेपर लीक प्रकरण में चल रहे आंदोलन में निहत्थे निरीह छात्रों पर केंद्र सरकार के इशारे पर बर्बरता पूर्ण तरीके से किये गए लाठीचार्ज जिसमें हजारों छात्र एवं छात्राएं बुरी तरह से घायल हुई के विरोध में नेता प्रतिपक्ष. राहुल गाँधी द्वारा सैकड़ों कांग्रेस सांसदों के साथ प्रधानमंत्री आवास के घेराव कर दिया जिससे केंद्र सरकार सकते में आ गयी! केंद्र सरकार के इशारे पर पुलिस ने नेता प्रतिपक्ष राहुल गाँधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, प्रियंका गाँधी तथा अन्य कांग्रेस सांसदों के साथ बदतमीज़ी की और जबरन उनको निर्दयता पूर्ण तरीके से गिरफ्तार किया! इसके विरोध में इलाहाबाद के लीगल सेल के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं कांग्रेस जनों ने उच्च न्यायालय के समीप स्थित डॉ अम्बेडकर की प्रतिमा के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया! प्रदर्शन का नेतृत्व कांग्रेस लीगल सेल के उपाध्यक्ष एवं मण्डल प्रभारी हरिश्चन्द्र दूबे एवं महानगर कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं फ्रंटल प्रभारी प्रदीप नारायण द्विवेदी ने किया! डॉ अम्बेडकर की प्रतिमा पर प्रदर्शन करने के पश्चात अधिवक्ता जुलूस की शक्ल में केंद्र सरकार के विरोध में नारे बाजी करते हुए पत्थर गिरजाघर स्थित प्रदर्शन स्थल पर पहुंच कर कांग्रेस पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओ के साथ मिल कर प्रदर्शन किया! प्रदर्शन में बोलते हुए लीगल सेल प्रभारी हरिश्चन्द्र दूबे ने कहा की निरीह बच्चों के साथ जो अपने हक की लड़ाई लड़ रहे है जिस तरह का बर्बरता पूर्ण व्यवहार किया है वह शर्मसार करने वाला है! देश का जनमानस इस कुकृत्य के लिये मोदी जी को कभी माफ़ नहीं करेगी! विरोध कार्यक्रम में बोलते हुए प्रयागराज कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और फ्रंटल प्रभारी प्रदीप नारायण द्विवेदी ने कहा की आज केंद्र और प्रदेश में बेऔलादों की सरकार है संतान का प्रेम क्या होता है ये इनको पता नहीं है अपने अधिकार की लड़ाई लड़ रहे छात्रों पर जिस तरह का अमानवीय और अपराधियों जैसा व्यवहार हुआ है उसके लिये देश की जनता इनको कभी माफ़ नहीं करेगी! श्री द्विवेदी ने कहा की देश का नौजवान, किसान, महिलाये, मजलूम सब ने राहुल गाँधी और कांग्रेस पार्टी के साथ इस अत्याचारी और भ्रष्ट निरंकुश सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए कमर कस लिया है!

# ऑपरेशन 'यात्री सुरक्षा' के तहत आरपीएफ एवं जीआरपी अलीगढ़ की संयुक्त कार्रवाई

## 1.75 लाख रुपये के दो चोरी के मोबाइल के साथ शातिर चोर गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** प्रयागराज मंडल के अलीगढ़ स्टेशन पर यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु चलाए जा रहे 'ऑपरेशन यात्री सुरक्षा' के अंतर्गत रेलवे सुरक्षा बल एवं राजकीय रेलवे पुलिस, अलीगढ़ की संयुक्त टीम ने एक शातिर मोबाइल चोर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लगभग ?1,75,000 मूल्य के दो चोरी के मोबाइल फोन बरामद किए हैं। प्रभारी निरीक्षक, रेलवे सुरक्षा बल अलीगढ़ के नेतृत्व में दिनांक 21 जुलाई, 2026 को आरपीएफ एवं जीआरपी की संयुक्त टीम ने प्लेटफॉर्म संख्या 7 की लिफ्ट के सामने स्थित टीन शेड के नीचे एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान आतिफ पुत्र दिलशाद (उम्र 24 वर्ष), बरगद हाउस, थाना सिविल लाइन, जनपद अलीगढ़ के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से सैमसंग स-24 अल्ट्रा (बैंगनी रंग) तथा रियलमी 12 प्रो प्लस (नीला रंग) मोबाइल फोन बरामद किए गए, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग ?1.75 लाख है। जांच में पता चला कि बरामद मोबाइल जीआरपी थाना अलीगढ़ में पूर्व से पंजीकृत मुकदमा से संबंधित हैं। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया कि अभियुक्त ट्रेनों में यात्रियों के सामान एवं मोबाइल फोन चोरी कर उन्हें मजबूरी का हवाला देकर अन्य लोगों को बेचकर आर्थिक लाभ अर्जित करता था। इस सफल कार्रवाई में आरपीएफ अलीगढ़ से उपनिरीक्षक धीरज चौधरी, हेड कांस्टेबल फुरकान खान एवं हेड कांस्टेबल गौरव (सीआईबी) तथा जीआरपी अलीगढ़ से उपनिरीक्षक गौरव वर्मा एवं उनकी टीम की सराहनीय भूमिका रही। रेलवे प्रशासन ने यात्रियों से अपने सामान की सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने तथा किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल आरपीएफ/जीआरपी को देने की अपील की ।

# नैनो उर्वरकों के प्रयोग से भारतीय कृषि होगी समृद्ध

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** आज दिनांक 23 जुलाई 2026 को उत्तर प्रदेश राज्य के गोरखपुर ,कुशीनगर ,आजमगढ़, देवरिया, बलिया , मऊ और महाराजगंज जनपदों के कुल 58 कृषकों का इफको नैनो उर्वरकों ( नैनो यूरिया प्लस, नैनो डीएपी, नैनो जिंक, नैनो कापर ) के संतुलित एवं कुशल उपयोग हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। आज समापन दिवस पर तकनीकी सत्र के दौरान कॉर्डेट की अंजलि चौधरी , सहायक सूक्ष्म जैव विद् ने कृषि में जैव अपघटकों के प्रयोग की विस्तार से जानकारी दी। इसी क्रम में उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी फूलपुर डॉ.पी.के. श्रीवास्तव ने वर्षा ऋतु में पशुओं के स्वास्थ्य की देखभाल एवं आवश्यक टीकाकरण की जानकारी दी। कोरडेट प्रधानाचार्य डॉ. विवेक दीक्षित ने सभी कृषकों से मृदा परीक्षण आधार पर संतुलित उर्वरक प्रयोग, नैनो उर्वरकों के साथ-साथ जैव उर्वरकों के प्रयोग की अपील की। प्रभारी प्रशिक्षण मुकेश तिवारी ने जानकारी दी कि इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान कृषकों को इफको नैनो संयंत्र का भ्रमण भी कराया गया, जिससे उनके नैनो उर्वरक प्रयोग संबंधी ज्ञान में वृद्धि हुई।

# मॉनसून की तैयारियों को लेकर एक्शन में उत्तर मध्य रेलवे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** मॉनसून के मौसम में उत्तर मध्य रेलवे मुख्यालय में आयोजित एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में महाप्रबंध नरेश पाल सिंह ने सुरक्षा मानकों और तैयारियों का जायज़ा लिया। बैठक में मुख्यालय के सभी प्रमुख विभागाध्यक्षों के साथ-साथ मंडलों के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए महाप्रबंधक ने स्पष्ट किया कि बारिश के दौरान यात्रियों की सुरक्षा और रेल यातायात को सुचारू रखना रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने किसी भी संभावित दुर्घटना या रुकावट से बचने के लिए अधिकारियों को पूर्व-तैयारी और संरक्षा नियमों का पालन करने के सख्त निर्देश दिए। महाप्रबंधक ने फील्ड अधिकारियों को कागज़ी समीक्षा से आगे बढ़कर ज़मीनी स्तर पर काम करने को कहा है। उन्होंने निर्देश दिया कि फील्ड अधिकारी खुद संवेदनशील रेल सेक्शनों में जाकर निरीक्षण करें। साथ ही, किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए राहत सामग्री की तुरंत उपलब्धता और 'मॉनसून वैगन' की कार्यप्रणाली व तैयारियों को पूरी तरह दुरुस्त रखने के आदेश दिए गए। मौसम में अचानक होने वाले बदलावों और भारी बारिश को देखते हुए महाप्रबंधक ने फ्लैश फ्लड (अचानक आने वाली बाढ़) की स्थिति पर पैनी नज़र रखने के निर्देश दिए। रेल पुलों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उनकी विशेष निगरानी की जाएगी ताकि नदियों और नालों के बढ़ते जलस्तर से ट्रैक को कोई खतरा न हो। भारी बारिश का असर रेलवे ट्रैक की मजबूती और सिग्नलिंग व्यवस्था पर न पड़े, इसके लिए अधिकारियों को बैलास्ट और ड्रेनेज सिस्टम का बारीकी से निरीक्षण करने को कहा गया है। ट्रैक के आसपास पानी के भराव को रोकने और सिग्नलिंग फेल्योर से बचने के लिए रखरखाव दल को 24 घंटे अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए।

# एक ही जमीन का कई लोगों से इकरारनामा कर लाखों की ठगी का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** नैनी क्षेत्र के एक व्यक्ति ने एक ही भूमि का कई लोगों के साथ पंजीकृत इकरारनामा कर धनराशि हड़पने का आरोप लगाते हुए विपक्षी के खिलाफ धोखाधड़ी की शिकायत की है।ग्राम रामपुर,थाना औद्योगिक क्षेत्र निवासी सुरेश कुमार मिश्रा ने बताया कि देवरख उपरहार निवासी विश्वनाथ तिवारी ने मौजा देवरख उपरहार स्थित आराजी संख्या 313मि को अपनी स्वामित्व वाली भूमि बताते हुए 7 अक्टूबर 2024 को उनके पक्ष में पंजीकृत इकरारनामा निष्पादित किया। इसके एवज में उन्होंने 80 हजार रुपये बतौर बयाना दिए।पीड़ित के अनुसार, इकरारनामे में निर्धारित अवधि पूरी होने के बाद जब उन्होंने विक्रय विलेख कराने का अनुरोध किया तो व्यक्ति लगातार टालमटोल करता रहा। संदेह होने पर भूमि के अभिलेखों की जांच कराई गई, जिसमें पता चला कि उक्त भूमि पहले ही स्वामी ब्रह्मानंद सरस्वती ट्रस्ट के पक्ष में बेची जा चुकी थी।ऐसे में इकरारनामा किए जाने के समय आरोपित का भूमि पर कोई वैध स्वामित्व या विक्रय अधिकार नहीं था।सुरेश कुमार मिश्रा का आरोप है कि जांच के दौरान यह भी जानकारी मिली कि व्यक्ति ने इसी भूमि के संबंध में अन्य कई लोगों से भी पंजीकृत इकरारनामा कर उनसे धनराशि वसूल की है। इससे संगठित तरीके से धोखाधड़ी किए जाने की आशंका जताई जा रही है।पीड़ित का कहना है कि जब उन्होंने अपनी 80 हजार रुपये की धनराशि वापस मांगी तो व्यक्ति ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और शिकायत करने पर गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी।

# संभावित बाढ़ से निपटने की तैयारियों का जायजा, अपर जिलाधिकारी ने पम्पिंग स्टेशनों का किया निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज।** संभावित बाढ़ की स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियों को तेज कर दिया है। इसी क्रम में गुरुवार को अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) विनीता सिंह ने शहर के विभिन्न पम्पिंग स्टेशनों एवं स्लुज गेटों का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं पूरी तरह दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी ने बक्शी बांध स्लुज गेट, अल्लापुर पम्पिंग स्टेशन, मोरीगेट पम्पिंग स्टेशन, यमुना बैंक रोड बांध संख्या-02 स्लुज गेट तथा यमुना बैंक रोड गेट संख्या-09 पम्पिंग स्टेशन का निरीक्षण किया। उन्होंने प्रत्येक स्थल पर पम्पों की कार्यशीलता, जल निकासी की क्षमता तथा मशीनों के रखरखाव की जानकारी अधिकारियों से प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार सदर सहित सिंचाई, नगर निगम एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने अपर जिलाधिकारी को पम्पिंग स्टेशनों की वर्तमान स्थिति और बाढ़ से निपटने के लिए की गई तैयारियों की जानकारी भी दी। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि मानसून के दौरान किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं लगातार सुनिश्चित की जा रही हैं।

# अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की नई कार्यकारिणी घोषित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पूरनपुर (पीलीभीत)।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें युवा टीम को अहम जिम्मेदारियां सौंप कर संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प दिलाया गया। नगर के एक स्थानीय होटल में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की बैठक में नई नगर कार्यकारिणी और युवा टीम का गठन किया गया। कार्यक्रम में जिले और प्रदेश से आए पदाधिकारियों ने नवनियुक्त सदस्यों को मनोनयन पत्र, पटका एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि जिला संरक्षक संजीव मोहन अग्रवाल और जिलाध्यक्ष अनूप अग्रवाल ने संगठन को मजबूत बनाने का आह्वान किया। प्रदेश उपाध्यक्ष देवेश बंसल और प्रदेश मंत्री अश्विनी अग्रवाल ने कहा कि व्यापारी देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए संगठन हमेशा तत्पर रहेगा। नगर की नई कार्यकारिणी में नितिश अग्रवाल को नगर अध्यक्ष, विकास गुप्ता को महामंत्री, ऋषभ अग्रवाल को कोषाध्यक्ष तथा आशीष गुप्ता को मीडिया प्रभारी बनाया गया। वहीं युवा टीम में संजीव यादव को नगर अध्यक्ष, सुभाष गुप्ता को महामंत्री और मारूत चावला को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। युवा जिला अध्यक्ष मोहित अग्रवाल ने युवाओं से संगठन को और मजबूत बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान 'व्यापारी एकता जिंदाबाद' के नारों के बीच व्यापारियों ने संगठन को विस्तार देने और व्यापारियों के हितों की रक्षा के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

# विद्यालय में शिशु शिक्षा समिति ब्रज प्रदेश के अध्यक्ष का हुआ भव्य स्वागत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पूरनपुर (पीलीभीत)।** मोहन सरस्वती शिशु/विद्या मंदिर में शिशु शिक्षा समिति ब्रज प्रदेश के अध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता के प्रथम आगमन पर भव्य स्वागत एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय परिवार ने उनका गर्मजोशी से अभिनंदन किया।कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के अध्यक्ष सत्य प्रकाश पांडेय, व्यवस्थापक आलोक कुमार गुप्त, कोषाध्यक्ष संगीता सिंघल, कल्पना गुप्ता, अनुराग गुप्ता तथा प्रधानाचार्य नीरज दीक्षित ने माल्यार्पण एवं अंगवस्त्र (पटका) पहनाकर उनका स्वागत किया। उपस्थित अतिथियों ने मनोज कुमार गुप्ता के शिक्षा एवं संगठन के क्षेत्र में योगदान की सराहना करते हुए उनके मार्गदर्शन को विद्यालय के लिए प्रेरणादायक बताया।अपने संबोधन में मनोज कुमार गुप्ता ने कहा कि विद्या भारती के विद्यालय केवल शिक्षा ही नहीं, बल्कि संस्कार, राष्ट्रभक्ति और चरित्र निर्माण का कार्य भी करते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षकों से समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया तथा विद्यालय परिवार के अनुशासन और शैक्षणिक वातावरण की प्रशंसा की। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर स्टाफ उपस्थित रहा।

# आजाद जयंती पर छात्र संगठनों का प्रतिवाद, पुलिस कार्रवाई का विरोध

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की जयंती के अवसर पर दिशा छात्र संगठन और नौजवान भारत सभा की ओर से गुरुवार को आजाद प्रतिमा स्थल पर प्रतिवाद सभा का आयोजन किया गया। सभा में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, युवाओं और नागरिकों ने भाग लिया तथा हालिया छात्र आंदोलनों के दौरान पुलिस कार्रवाई की आलोचना की। कार्यक्रम की शुरुआत 'चंद्रशेखर आजाद तुम जिंदा हो हम सबके संकल्पों में' और 'इंकलाब जिंदाबाद' जैसे नारों के साथ हुई। वक्ताओं ने पटना और दिल्ली के जंतर-मंतर पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर कथित पुलिस लाठीचार्ज की निंदा करते हुए निष्पक्ष कार्रवाई और छात्रों की मांगों पर विचार करने की अपील की। दिशा छात्र संगठन की प्रतिनिधि निधि ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद ऐसे समाज का सपना देखते थे, जहां शोषण के लिए कोई स्थान न हो। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक की घटनाओं के बावजूद जिम्मेदारी तय नहीं की जा रही है। उनका कहना था कि अपनी मांगों को लेकर शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन करने वाले छात्रों के साथ कठोर व्यवहार किया गया। नौजवान भारत सभा के प्रशांत ने कहा कि देशभर से आए छात्रों और युवाओं ने आंदोलन को शांतिपूर्ण बनाए रखा, जो लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने छात्र-युवाओं की मांगों पर सकारात्मक संवाद की आवश्यकता पर बल दिया। प्रतिवाद सभा में अंजलि, प्रियांशु, अविनाश, संजय, आकांक्षा सहित संगठन के अनेक कार्यकर्ता और सैकड़ों छात्र-युवा उपस्थित रहे।

# दलितों को लेकर आपत्तिपूर्ण टिप्पणियों मामले में कठोर कार्रवाई करने की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**पूरनपुर (पीलीभीत)।** पिछड़ा, अतिपिछड़ा दलित एवं अतिदलित समाज के विरुद्ध जातिसूचक, अपमानजनक एवं आपत्तिपूर्ण टिप्पणियों के संबंध में कठोर कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर सुहेलदेव समाज पार्टी ने जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा है, जिसकी एक प्रति मुख्यमंत्री को भी भेजी गई है। ज्ञापन में कहा गया कि वर्तमान समय में समाज के पिछड़े, अतिपिछड़े, दलित एवं अतिदलित वर्गों के सम्मान, अधिकार एवं सामाजिक न्याय के लिए संघर्ष करने वाले लोगों के विरुद्ध कुछ राजनीतिक नेताओं, कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों द्वारा लगातार जातिसूचक, अपमानजनक एवं आपत्तिपूर्ण शब्दों का प्रयोग किया जा रहा है। समाजवादी पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर समाजवादी पार्टी के कुछ सांसदों, नेताओं एवं उनके समर्थकों द्वारा पिछड़े, अतिपिछड़े, दलित एवं अतिदलित समाज के लोगों के प्रति कथित रूप से जातिसूचक एवं अपमानजनक भाषा का प्रयोग किए जाने की घटनाएं सामने आ रही हैं। इसी प्रकार सपा नेता शिवपाल यादव द्वारा सामाजिक, शैक्षणिक एवं राजनीतिक अधिकारों के लिए संघर्ष कर आगे बढ़ने का प्रयास करने वाले पिछड़ा, अतिपिछड़ा, दलित एवं अतिदलित वर्ग के लोगों को 'छोटी जाति' एवं 'नीच जाति' जैसे आपत्तिजनक शब्दों से संबोधित करने जैसी कथित टिप्पणियों से समाज के वंचित वर्गों में गहरी पीड़ा एवं आक्रोश उत्पन्न हुआ है। समाजवादी पार्टी की यह मानसिकता संविधान की मूल भावना, समानता, सामाजिक न्याय एवं सम्मान के सिद्धांतों के विरुद्ध है। किसी भी व्यक्ति या वर्ग को उसकी जाति के आधार पर अपमानित करना, नीचा दिखाना अथवा सामाजिक रूप से हतोत्साहित करना लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक व्यवस्था के लिए अत्यंत चिंताजनक एवं संविधान के नियमों के विरुद्ध है। इसके अतिरिक्त प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में राजनीतिक प्रभाव का दुरुपयोग कर गरीब एवं कमजोर वर्गों को धमकाने, प्रताड़ित करने, जातिसूचक टिप्पणी करने, सोशल मीडिया पर अभद्र एवं आपत्तिजनक भाषा का निरंतर प्रयोग करने तथा हत्या. लूट. डकैती एवं जमीन पर अवैध कब्जे जैसे गंभीर आरोपों से संबंधित शिकायतें भी समय-समय पर सामने आती रही हैं। यदि किसी भी व्यक्ति द्वारा ऐसे कृत्य किए जाते हैं तो उसकी राजनीतिक पहचान या प्रभाव की परवाह किए बिना निष्पक्ष जांच द्वारा कठोरतम कानूनी कार्रवाई किया जाना समीचीन होगा। ज्ञापन में कहा गया कि इस प्रकार की घटनाओं का सबसे बुरा प्रभाव समाज के कमजोर एवं वंचित वर्गों तथा आने वाली पीढ़ियों पर पड़ता है, जिससे सामाजिक सौहार्द, आपसी भाईचारे और लोकतांत्रिक मूल्यों पर गंभीर प्रभाव पड़ना तय है। इसको लेकर सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी, जिला पीलीभीत इकाई निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने की मांग की है।

# दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** थाना नवाबगंज पुलिस ने दुष्कर्म एवं पॉक्सो एक्ट के गंभीर मामले में वांछित चल रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। पुलिस ने गुरुवार को आरोपी को उसके गांव से गिरफ्तार करते हुए उसके विरुद्ध अग्रिम विधिक कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार थाना नवाबगंज में दर्ज मुकदमा अपराध संख्या 274/2026 में धारा 65(1), 351(3) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) तथा 3/4 पॉक्सो एक्ट के तहत वांछित अभियुक्त दीपक कुमार पुत्र मुन्ना लाल, निवासी ग्राम अमृक्ष लालपुर पूरेघासी, थाना नवाबगंज, कमिश्नरेट प्रयागराज को 23 जुलाई 2026 को उसके गांव से गिरफ्तार किया गया।

# दहेज उत्पीड़न व आत्महत्या मामले में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रयागराज।** थाना सरायममरेज पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के बाद विवाहिता द्वारा आत्महत्या किए जाने के मामले में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। पुलिस ने अभियुक्त को गुरुवार को थाना क्षेत्र के सरजूपट्टी गांव स्थित बड़का पुलिया के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, थाना सरायममरेज में दर्ज मुकदमा संख्या 79/2026 धारा 85/80(2) भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) तथा 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम के तहत वांछित अभियुक्त मुन्नीलाल गौड़ (65 वर्ष) पुत्र स्वर्गीय मिठाईलाल गौड़, निवासी ग्राम सरजूपट्टी, थाना सरायममरेज को पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी के विरुद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

# फिलीपींस के राष्ट्रपति से मिले जयशंकर, रणनीतिक साझेदारी मजबूत करने पर जोर

## प्रधानमंत्री मोदी का संदेश पहुंचाया, आसियान की अध्यक्षता के लिए भारत ने दोहराया समर्थन

**नई दिल्ली/मनीला।** विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने गुरुवार को फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड आर. मार्कोस जूनियर से मुलाकात कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से शुभकामनाएं पहुंचाई। उन्होंने भारत की ओर से फिलीपींस की आसियान अध्यक्षता के सफल संचालन के लिए पूर्ण सहयोग का भरोसा भी दिलाया। जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर बताया कि भारत-फिलीपींस कार्ययोजना 2025-2029 के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी लगातार मजबूत हो रही है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच सहयोग को नई गति देने पर सहमति बनी है। विदेश मंत्री फिलहाल फिलीपींस की आधिकारिक यात्रा पर हैं, जहां वह आसियान के तहत आयोजित विदेश मंत्रियों की बैठकों में भाग ले रहे हैं। इससे पहले उन्होंने फिलीपींस की विदेश मंत्री मारिया थेरेसा पी. लाजारो से मुलाकात कर व्यापार, निवेश, शिक्षा, रक्षा, समुद्री सुरक्षा, क्षमता निर्माण और विकास सहयोग सहित विभिन्न



क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की। बैठक के बाद विदेश मंत्री लाजारो ने कहा कि दोनों देशों ने फिनटेक, व्यापार एवं निवेश, उच्च शिक्षा, दवा उद्योग, रक्षा, समुद्री सुरक्षा और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा विकास जैसे क्षेत्रों में सहयोग को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई है। भारत में फिलीपींस के राजदूत जोसेल एफ. इग्नासियो ने जयशंकर की यात्रा को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि वर्ष 2022, 2024 और 2026 में उनकी लगातार यात्राओं से दोनों देशों के बीच रणनीतिक संवाद और सहयोग को नई मजबूती मिली है। उन्होंने बताया कि मनीला में आसियान-भारत पोस्ट-मिनिस्ट्रियल सम्मेलन के साथ क्वाड देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक भी आयोजित हुई, जिसे क्षेत्रीय सहयोग की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

**जयशंकर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर बताया कि भारत-फिलीपींस कार्ययोजना 2025-2029 के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ दोनों देशों की रणनीतिक साझेदारी लगातार मजबूत हो रही है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच सहयोग को नई गति देने पर सहमति बनी है। विदेश मंत्री फिलहाल फिलीपींस की आधिकारिक यात्रा पर हैं, जहां वह आसियान के तहत आयोजित विदेश मंत्रियों की बैठकों में भाग ले रहे हैं। इससे पहले उन्होंने फिलीपींस की विदेश मंत्री मारिया थेरेसा पी. लाजारो से मुलाकात कर व्यापार, निवेश, शिक्षा, रक्षा, समुद्री सुरक्षा, क्षमता निर्माण और विकास सहयोग सहित विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की।**

# 22 लाख के चोरी के आभूषणों के साथ गैंग का पर्दाफाश, चार गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** थाना सरायइनायत पुलिस और एसओजी/सर्विलांस सेल गंगानगर की संयुक्त टीम ने सफलता हासिल करते हुए अंतरजनपदीय चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने चोरी के करीब 22 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषणों के साथ चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में तीन शातिर चोर और चोरी का माल खरीदने वाला एक सोनार शामिल है।




### 22 लाख के आभूषण और नकदी बरामद

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 281.5 ग्राम सोने के आभूषण, 2935 ग्राम चांदी के आभूषण तथा चोरी के सामान की बिक्री से प्राप्त 13,300 रुपये नकद बरामद किए हैं। बरामद किए गए आभूषणों की अनुमानित कीमत करीब 22 लाख रुपये बताई गई है।

### दुकान में हुई चोरी का हुआ खुलासा

पुलिस के अनुसार 9 जुलाई 2026 को ग्राम रिठैया बाजार निवासी एक सर्राफा व्यवसायी की अंदावा स्थित आभूषण की दुकान में चोरी हुई थी। इस संबंध में थाना सरायइनायत में मु0अ0सं0 189/2026 के तहत धारा 331(4)/305 बीएनएस में मुकदमा दर्ज किया गया था। आरोपियों की गिरफ्तारी और बरामदगी के बाद मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की भी बढ़ोत्तरी की गई है। पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि गिरफ्तार गिरोह के सदस्यों के खिलाफ पहले से भी कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। इनके विरुद्ध थाना होलागढ़ में मु0अ0सं0 34/2026 तथा थाना हंडिया में मु0अ0सं0 278/2026 पंजीकृत है। पुलिस अब गिरोह से जुड़ी अन्य चोरी की घटनाओं और इनके नेटवर्क की भी जांच कर रही

# दिल्ली में छात्रों पर लाठीचार्ज के विरोध में अधिवक्ता संवाद का प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** दिल्ली में शिक्षा, पारदर्शी परीक्षा प्रणाली और रोजगार जैसे मुद्दों को लेकर प्रदर्शन कर रहे छात्रों पर पुलिस द्वारा किए गए कथित लाठीचार्ज के विरोध में सामाजिक संगठन अधिवक्ता संवाद मैदान में उतर आया। संगठन के पदाधिकारियों एवं अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भेजकर घटना की निष्पक्ष उच्चस्तरीय जांच कराने, दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने तथा घायल छात्रों को न्याय दिलाने की मांग उठाई। ज्ञापन में कहा गया कि शांतिपूर्ण ढंग से अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थियों पर पुलिस द्वारा बल प्रयोग किया जाना लोकतांत्रिक मूल्यों और संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन है। संगठन का कहना है कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ए) एवं 19(1)(बी) प्रत्येक नागरिक को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता तथा शांतिपूर्ण ढंग से एकत्र होकर अपनी बात रखने का अधिकार प्रदान करते हैं। ऐसे में छात्रों पर लाठीचार्ज मानवाधिकारों के साथ-साथ संविधान की मूल भावना के भी



विपरीत है। अधिवक्ता संवाद ने राष्ट्रपति से मांग करते हुए कहा कि पूरे घटनाक्रम की किसी सेवानिवृत्त न्यायाधीश अथवा स्वतंत्र एवं निष्पक्ष एजेंसी से उच्चस्तरीय जांच कराई जाए। लाठीचार्ज का आदेश देने वाले प्रशासनिक अधिकारियों एवं बल प्रयोग करने वाले पुलिसकर्मियों की पहचान कर उनके विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाए। साथ ही घायल छात्रों का निःशुल्क एवं बेहतर उपचार कराया जाए तथा उन्हें उचित आर्थिक मुआवजा उपलब्ध कराया जाए। संगठन ने यह भी मांग की कि शांतिपूर्ण आंदोलन में शामिल छात्रों के विरुद्ध दर्ज सभी मुकदमों को तत्काल प्रभाव से वापस लिया जाए और भविष्य में किसी भी लोकतांत्रिक एवं शांतिपूर्ण आंदोलन पर अनावश्यक पुलिस बल प्रयोग रोकने के लिए स्पष्ट एवं सख्त दिशा-निर्देश जारी किए जाएं, ताकि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। ज्ञापन सौंपने के दौरान अधिवक्ता संवाद से हरदयाल सिंह लोधी एड., कैलाश नारायण एड., पुष्पेन्द्र सिंह चौहान एड., आनंद सिंह एड., महेन्द्र पाराशर एड., अंगद राजपूत एड., शेरसिंह यादव एड., आकाश झां एड., अनुराग सिंह एड., गजराम एड., शशिकान्त सिंह एड., रवीन्द्र प्रताप सिंह एड., रामकुमार एड., हरेन्द्र कुमार झां एड., देवसिंह राजपूत एड., उमाशंकर कुशवाहा एड., अजय सिंह राजपूत एड. समेत अन्य अधिवक्ता एवं संगठन के सदस्य उपस्थित रहे।

# पीटीआर में हुआ वन कर्मियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

## फील्ड डायरेक्टर पीपी सिंह ने टीम भावना व संवाद पर दिया जोर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** पीलीभीत टाइगर रिजर्व में वनकर्मियों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में फील्ड डायरेक्टर ने टीम भावना व संवाद पर जोर दिया। पीटीआर के फील्ड डायरेक्टर पीपी सिंह ने कहा है कि टीम भावना से एक परिवार के रूप में कार्य करके ही हम बेहतर परिणाम दे सकते हैं। पीलीभीत टाइगर रिजर्व की राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर बनी पहचान का वास्तविक श्रेय यहाँ के ग्राउंड लेवल स्टाफ को जाता है। उन्होंने कहा कि ज्ञान की कोई सीमा नहीं होती और इसे किसी से भी, किसी भी उम्र में प्राप्त किया जा सकता है। पीपी सिंह बृहस्पतिवार को पीलीभीत टाइगर रिजर्व मुख्यालय स्थित 'वन शहीद कुंदनलाल सभागार' में दैनिक वेतनभोगी से न्यूनतम वेतनभोगी बने कर्मचारियों के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ



कर रहे थे। विश्व प्रकृति निधि (डब्ल्यू डब्ल्यू एफ) के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में अपने अनुभव साझा करते हुए फील्ड डायरेक्टर ने बताया कि उन्होंने स्वयं फॉरेस्ट गार्ड और वॉचरों से वन्यजीवों के विषय में बहुत कुछ सीखा है। उन्होंने कर्मचारियों को सचेत करते हुए कहा कि पदोन्नति के साथ ही उनकी जिम्मेदारियां और कर्तव्य भी बढ़ गए हैं। उन्होंने सलाह दी कि कार्यक्षेत्र में संवादहीनता की स्थिति न बनने दें और अपने उच्चाधिकारियों से लगातार संवाद बनाए रखें, जिससे किसी भी विषम परिस्थिति का त्वरित और सटीक समाधान निकाला जा सके। प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए तराई आर्क लैंडस्केप परियोजना के समन्वयक डॉ0 मुदित गुप्ता ने कहा कि पीलीभीत टाइगर रिजर्व की अंतर्राष्ट्रीय पहचान को और बेहतर बनाने की मुख्य जिम्मेदारी अब फील्ड स्टाफ पर है। अब 24 घंटे की ड्यूटी के दौरान निजी जीवन और वन सुरक्षा में संतुलन साधने के उद्देश्य से ही यह प्रशिक्षण आयोजित किया गया है। उन्होंने कर्मचारियों से इस आयोजन को केवल किताबी पाठशाला न मानकर एक व्यावहारिक कार्यशाला के रूप में लेने का आह्वान किया। इसके पूर्व, पीलीभीत टाइगर रिजर्व के प्रभागीय वनाधिकारी मनीष सिंह ने सभी अतिथियों व प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य वन कर्मियों को आधुनिक तकनीक के साथ समन्वय बनाकर वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए सक्षम बनाना है। वहीं, वन एवं वन्यजीव प्रभाग के प्रभागीय निदेशक भरत कुमार डीके ने एम-स्ट्रिप्स पेट्रोलिंग और रेस्क्यू ऑपरेशनों में कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि फील्ड स्टाफ वन विभाग और स्थानीय ग्रामीणों के बीच एक मजबूत संवाद सेतु के रूप में कार्य करता है। कार्यक्रम का सफल संचालन करते हुए विश्व प्रकृति निधि के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी नरेश कुमार ने जानकारी दी कि इस तीन दिवसीय शिविर में टाइगर रिजर्व के कुल 270 वन कर्मियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों—पूर्व वन अधिकारी विक्रम तोमर, रामशंकर मंडोला तथा डब्ल्यूडब्ल्यूएफ के दबीर हसन द्वारा वन्यजीव ट्रैकिंग, मॉनिटरिंग, मानव-वन्यजीव संघर्ष प्रबंधन, कानून प्रवर्तन और फील्ड सुरक्षा जैसे विषयों पर गहन व्यावहारिक ज्ञान दिया जाएगा।

# ठेकेदार की लापरवाही से राजकीय हाई स्कूल थनवारा की सुरक्षा पर संकट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** विकासखंड जखौरा के राजकीय हाई स्कूल थनवारा में बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य के दौरान ठेकेदार की लापरवाही के कारण विद्यालय की सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह प्रभावित हो गई है। आरोप है कि ठेकेदार ने निर्माण सामग्री अंदर पहुंचाने के लिए विद्यालय का मुख्य गेट एवं बाउंड्री वॉल का एक हिस्सा तोड़ दिया और कार्य पूर्ण होने के बाद उसे पूर्ववत बनवाने का लिखित आश्वासन दिया था। लेकिन कई महीने बीत जाने के बावजूद न तो गेट बनाया गया और न ही क्षतिग्रस्त दीवार का निर्माण कराया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा उपलब्ध कराए गए



अभिलेखों के अनुसार, 6 नवंबर 2025 को ठेकेदार राजेश ने लिखित पत्र देकर विद्यालय प्रशासन से गेट एवं दीवार हटाने की अनुमति मांगी थी। पत्र में स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया था कि बाउंड्री वॉल का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद गेट और दीवार को पूर्व की स्थिति में पुनः निर्मित करा दिया जाएगा। विद्यालय प्रशासन ने इसी भरोसे पर अनुमति प्रदान कर दी थी। प्रधानाध्यापक का कहना है कि बाउंड्री वॉल का निर्माण कार्य काफी पहले पूरा हो चुका है, लेकिन ठेकेदार अपने वादे से मुकर गया। कई बार फोन के माध्यम से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन वह फोन रिसीव नहीं कर रहा है और न ही विद्यालय पहुंच रहा है। विद्यालय परिसर का मुख्य गेट और दीवार नहीं होने से सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो गई है। स्कूल समय के बाद तथा अवकाश के दिनों में असामाजिक तत्व परिसर में आसानी से प्रवेश कर रहे हैं। विद्यालय प्रशासन के अनुसार, ऐसे लोग परिसर में गंदगी फैलाने के साथ-साथ विद्यालय में लगाए गए पेड़-पौधों को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। इससे विद्यालय का शैक्षणिक वातावरण प्रभावित हो रहा है और छात्रों की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बढ़ गई है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए राजकीय हाई स्कूल थनवारा के प्रधानाध्यापक ने थानाध्यक्ष जखौरा को प्रार्थना पत्र देकर ठेकेदार के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई करने तथा लिखित आश्वासन के अनुरूप विद्यालय का मुख्य गेट और क्षतिग्रस्त बाउंड्री वॉल का निर्माण शीघ्र कराए जाने की मांग की है। विद्यालय प्रशासन का कहना है कि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो विद्यालय की संपत्ति को और अधिक नुकसान पहुंचने की आशंका बनी रहेगी।

# नवागत एसपी से मिले सराफा व्यापारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** जिले के नवागत पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई से सराफा एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार भेंट कर उनका स्वागत किया। इस दौरान व्यापारियों ने जिले में सराफा कारोबार से जुड़ी विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए पुलिस प्रशासन से निष्पक्ष कार्रवाई और सहयोग की अपेक्षा जताई। व्यापारियों ने बताया कि सोना-चांदी की कीमतों में लगातार हो रहे उतार-चढ़ाव के कारण गिरवी रखे गए आभूषणों के लेन-देन तथा पुरानी धातु से नए आभूषण तैयार कराने के मामलों में मूल्य का अंतर आना स्वाभाविक है। इसके बावजूद कुछ ग्राहक मनमाने तरीके से अनुचित मांगें करते हैं और विरोध करने पर सराफा व्यापारियों के खिलाफ फर्जी एवं मनगढ़ंत शिकायतें दर्ज कराकर उन्हें



अनावश्यक रूप से प्रताड़ित करने का प्रयास करते हैं। प्रतिनिधिमंडल ने पुलिस अधीक्षक से आग्रह किया कि ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की कार्रवाई से पहले निष्पक्ष एवं तथ्यों पर आधारित जांच कराई जाए। जांच में जो भी तथ्य सामने आएं, उनके आधार पर ही कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि निर्दोष व्यापारियों का उत्पीड़न न हो और दोषियों के विरुद्ध भी प्रभावी कार्रवाई हो सके। शिष्टाचार मुलाकात के दौरान सराफा व्यापारियों ने हाल ही में सराफा व्यापारी मनीष नायक के विरुद्ध दर्ज एससी/एसटी एक्ट के प्रकरण का भी मुद्दा प्रमुखता से उठाया गया। व्यापारियों ने मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए और यदि जांच में शिकायतकर्ता के आरोप असत्य या भ्रामक पाए जाते हैं, तो उसके विरुद्ध भी कानून के अनुसार कठोर कार्रवाई की जाए। पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और भरोसा दिलाया कि पुलिस प्रत्येक मामले में निष्पक्ष जांच के सिद्धांत पर कार्य करेगी तथा कानून के अनुसार उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर सराफा एसोसिएशन अध्यक्ष मज्जू सोनी, मनोज जैन बल्ली, सुशील जड़िया, संजय सराफ, राजेश सोनी, संजीव सोनी, मुकेश तामिया, सुनील जैन, बृजेश लाला, गौरव सोनी, कमल सोनी, आनंद सोनी, राजेंद्र सोनी, अर्जुन भोसले, विशाल सराफ, विशाल जैन गंगचारी सहित बड़ी संख्या में सराफा व्यापारी उपस्थित रहे।

# महेवा में मौत को दावत दे रही खोखली सड़क, कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज।** नगर निगम क्षेत्र के नैनी स्थित महेवा में एक गंभीर लापरवाही बड़े हादसे का कारण बन सकती है। खान चौराहे से पुराने यमुना पुल की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर महेवा पेट्रोल पंप के सामने सड़क अंदर से पूरी तरह खोखली हो चुकी है। सड़क की सतह सामान्य दिखाई दे रही है, लेकिन उसके नीचे लगभग पांच फीट गहरा और चौड़ा गड्ढा बन जाने से राहगीरों और वाहन चालकों की जान पर चौबीसों घंटे खतरा मंडरा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, शुरुआत में यहां सड़क पर एक छोटा गड्ढा बना था, जिसमें कई दोपहिया वाहन चालक गिरकर घायल भी हुए थे। इस गंभीर समस्या को लेकर समाचार पत्रों में प्रमुखता से खबर प्रकाशित होने के बाद नगर निगम ने स्थायी समाधान करने के बजाय केवल खानापूर्ति की। कर्मचारियों ने गड्ढे में गिट्टी डालकर उसे ढक दिया और मौके पर बैरिकेड लगाकर अपनी जिम्मेदारी पूरी मान ली।हाल ही में हुई लगातार बारिश ने नगर



निगम के इस अस्थायी मरम्मत कार्य की पोल खोल दी। बारिश का पानी सड़क के अंदर रिसता चला गया, जिससे गड्ढे में भरी गई गिट्टी नीचे धंस गई और सड़क भीतर से पूरी तरह खोखली हो गई। वर्तमान में स्थिति बेहद खतरनाक हो चुकी है। यदि भारी बारिश जारी रही या इस मार्ग से कोई भारी वाहन, जैसे ट्रक या बस, गुजरी तो सड़क कभी भी ध्वस्त होकर बड़े हादसे का कारण बन सकती है।इस जानलेवा स्थिति को लेकर स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों में भारी आक्रोश है। उनका कहना है कि क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, पार्षदों तथा नगर निगम के अधिकारियों से कई बार लिखित एवं मौखिक शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई स्थायी कार्रवाई नहीं की गई। लोगों का आरोप है कि प्रशासन किसी बड़ी जनहानि का इंतजार कर रहा है।

# कलीनगर व माधोटाण्डा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर चल रहे अधोमानक प्राइवेट नर्सिंग होम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**शादाब अली**

**पूरनपुर (पीलीभीत)।** स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की उदासीनता एवं सुविधा शुल्क के चलते तहसील कलीनगर क्षेत्र व गांव माधोटाण्डा में झोला-छाप डाक्टरों व बीयूएमएस एवं यूनानी आर्युवेदिक चिकित्सकों/झोलाछाप डाक्टरों द्वारा बड़े-बड़े नर्सिंग होम खोलकर उस पर अवैध रूप से महिला रोगियों के गम्भीर रोगियों का मोटा सुविधा शुल्क लेकर उपचार किया जा रहा है। तहसील कलीनगर क्षेत्र व खासतौर पर माधोटाण्डा में अवैध रूप से महिलाओं के गमीर रोगों प्रसव, गर्भपात एवं कन्या भ्रूण हत्या जैसे गम्भीर रोगों का गारंटी एवं ठेके पर उपचार कर नागरिकों का शोषण किये जाने के साथ ही उनको मौत के करीब लाया जा रहा है। माधोटाण्डा के निजी अस्पतालों में प्रसव के दौरान खून की कमी होने तो




कभी तरफ-तरह से भयभीत कर धन उगाही की जाती है। जिस पर कोई कार्यवाही न होने के चलते अवैध अस्पताल संचालकों के हौसले बुलन्द हैं। सर्वविदित है कि तहसील कलीनगर क्षेत्र के गांव माधोटाण्डा व आस-पास गांवों में आये दिन कोई न कोई घटना होती रहती है। परन्तु स्वास्थ्य विभाग में शिकायतें होने के उपरांत भी ऐसे प्राइवेट अस्पताल संचालकों के खिलाफ विभाग कार्यवाही करने से कतराता है। बताते चलें कि स्वास्थ्य विभाग की उदासीनता के कारण क्षेत्र के गांवों की गलियों एवं मुख्य मार्गो पर फर्जी डिग्रियों के बोर्ड लगाकर अप्रशिक्षित महिलायें व पुरूष खुलकर अवैध प्रेक्टिस कर रहे हैं। शासनादेश के अनुसार आर्युवेदिक एवं यूनानी डिग्री धारक चिकित्सक केवल आर्युवेदिक व यूनानी पैथी पर ही रोगियों का उपचार करने पर अधिकृत है, परन्तु स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों संरक्षण में उक्त डाक्टर नगर के अनेकों स्थानों पर अपने अवैध क्लीनिक/नर्सिंग होम चलाकर महिला रोगियों के गम्भीर रोगों का उपचार कर उनसे अवैध धन की उगाही कर रहे है। इनकी शिकायतों पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी जांच तो करते है, परन्तु सूत्र बताते हैं कि जांच की खानापूरी कर सरकारी डीजल फूंक कर सुविधा शुल्क वसूलकर उनको मनमानी करने की छूट देकर छोड़ देते है। जिससे अवैध रूप से क्लीनिक-प्राइवेट नर्सिंग होम चला रहे अप्रशिक्षित महिला एवं पुरूष डा0 द्वारा गरीब एवं निर्धन महिला रोगियों से मनमाना सुविधा शुल्क प्राप्त कर उनका उपचार किया जा रहा है। यदि समय रहते स्वास्थ्य विभाग द्वारा अवैध रूप से भारी संख्या में चल रहे नर्सिंग होमों एवं क्लीनिकों पर प्रतिबन्ध नहीं लगाया गया तो नागरिक स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ आन्दोलन छोड़ने पर विवश होगें।

### अधिवक्ता का मकान गिराने,सामान गायब करने व मारपीट का आरोप, एफआईआर दर्ज

**नैनी,प्रयागराज।** नैनी कोतवाली क्षेत्र में एक अधिवक्ता ने कुछ लोगों पर मकान गिराने, घरेलू सामान गायब करने, किरायेदार के साथ मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए थाना नैनी में लिखित तहरीर दी तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया।दुखी का पूरा, मदरा मुकुन्दपुर कछार, तहसील मेजा निवासी एवं जनपद न्यायालय के अधिवक्ता जयशंकर मिश्रा ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उन्होंने 26 नवंबर 2025 को चकदोंदी, नैनी स्थित एक संपत्ति का पंजीकृत बैनामा कराया था। उनके अनुसार उक्त संपत्ति में पहले से रह रहे किरायेदार को लेकर उन्हें कोई आपत्ति नहीं थी।आरोप है कि 16 जुलाई 2026 को दोपहर लगभग एक बजे तहरून निशा, मोहम्मद सलाम,मोहम्मद इरफान, मोहम्मद उस्मान तथा 3-4 अज्ञात लोगों ने कथित रूप से उनके दो कमरों के कच्चे मकान को गिरा दिया। तहरीर के अनुसार मकान में रखा किरायेदार का दो तख्त, गैस सिलेंडर व चूल्हा, दो बड़े बक्से, दो कूलर, एक लैपटॉप, पीतल व स्टील के बर्तन, वाटर कूलर, बिजली का मीटर सहित अन्य घरेलू सामान भी गायब कर दिया गया।